

महाराष्ट्र में सड़क पर आई लव मुहम्मद लिखे होने पर प्रदर्शन के दौरान हिंसा-8



यूपीआईटीएस में हुआ 11200 करोड़ का कारोबार, 2400 एमओयू-8



अफगानिस्तान में सैन्य ठिकाने बनाने की अमेरिकी योजना का विरोध- 9




घरेलू मैदान पर भारतीय महिला टीम की नजरें आईसीसी वनडे विश्व कप जीतने पर-10

आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.04
सूर्यास्त 06.01


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com


2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी 06:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 30 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 311, पृष्ठ 12+4 ▪ मूल्य 6 रुपये











# पांच जिलों के 15 नगर निकायों में 18,573 आवासों की डीपीआर मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 को लेकर बैठक आयोजित

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय स्वीकृत एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की बैठक आयोजित हुई।

लोकभवन में सोमवार को हुई बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक के अंतर्गत भारत सरकार की यूनिफाइड वेब पोर्टल पर प्राप्त पांच जिलों (हरदोई, बुलंदशहर, गाजियाबाद, गाजीपुर और सहारनपुर) के 15 नगर निकायों में 18,573 आवासों की डीपीआर को मंजूरी दी गई।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत आईएफएमएस पोर्टल (एसएनए स्पर्श प्रणाली) पर लाभार्थियों के भुगतान लिए आधार बेस डीबीटी ऑप्शन इनेबल कराये जाने के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

### 16,97,641 आवास पूरे 72,652 निर्माणाधीन

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 17,70,293 आवास स्वीकृत किए गए। 17,60,263 आवासों का निर्माण भूमि पर शुरू हो चुका है, जिसमें से 16,97,641 आवास पूरे हो चुके हैं, 72,652 आवास निर्माणाधीन हैं। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरु प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# शरिया व्यवस्था लाने की रच रहे थे साजिश, चार गिरफ्तार

## हिंसात्मक जिहाद की थी तैयारी, सोशल मीडिया पर ऑडियो चैट व वीडियो भेजकर लोगों को भड़का रहे थे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुजाहिदीन आर्मी बनाकर देश में शरीयत व्यवस्था कायम करने के मंसूबे पालने वाले गिरोह का खुलासा एटीएस ने किया है। इस गिरोह के चार सदस्यों को प्रदेश के चार जिलों से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया पर ऑडियो चैट व वीडियो भेजकर लोगों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ भड़का रहे थे। उनको शरीया कानून लागू कराने में सामने आने के लिए उकसा रहे थे। इस मामले में एटीएस की तरफ एफआईआर दर्ज की गई है।



एटीएस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी अकमल, सफील, तौसीफ व कासिम।

- एटीएस ने चारों आरोपियों को अलग-अलग जिलों से पकड़ा

आरोपियों के पास से एटीएस को पांच मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड, डेबिट व क्रेडिट कार्ड के अलावा फोन-पे स्कैनर बरामद हुआ है।

आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के अधिकारी के मुताबिक, प्रदेश के कई जिलों में कट्टरपंथियों का गिरोह सक्रिय हो गया है। यह गिरोह पाकिस्तान के संगठनों से प्रभावित होकर देश में हिंसात्मक जिहाद के जरिये सरकार को गिराने की साजिश रच रहे हैं। हथियारों के बल पर शरिया कानून लागू करने की योजनाएं तैयार कर रहे हैं। ऐसे गिरोह का खुलासा सोमवार को किया गया। इस गिरोह के चार सदस्यों को यूपी से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये आरोपियों में सुल्तानपुर का अकमल रजा, सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज का सफील सलमानी उर्फ अली रजवी, कानपुर घाटमपुर नई बस्ती सुजातगंज का मो. तौसीफ और रामपुर खजुरिया स्थित सराय कदीम का कासिम अली शामिल है। ये चारों हिंसात्मक जिहाद के माध्यम से लोकतांत्रिक सरकार को हटाने, शरिया लागू करने के लिए हथियारों की खरीद-फरोख्त व मुजाहिदीन आर्मी बनाने के आरोपी हैं।

### सोशल मीडिया ग्रुप बनाकर लोगों को जोड़ा

आरोपियों ने पूछताछ में कुबूल किया किया कि कई लोगों को चिह्नित कर उनके खात्मे के लिए आतंकी योजना भी तैयार की जा रही थी। इसके लिए अलग-अलग स्थानों बैठक कर रहे थे। सोशल मीडिया ग्रुप बनाकर लोगों को जोड़ रहे थे। हथियारों का बंदोबस्त भी किया जाना था। इसके लिए समान विचारधार वाले लोगों से आर्थिक मदद भी मांग रहे थे। अपने मकसद को अंजाम देने के लिए आरोपियों ने कई हिंसात्मक जिहादी साहित्यों का संकलन, लेखन और उनके प्रचार का कार्य शुरू कर दिया गया था।

# लखनऊ में राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए हुआ भूमिपूजन



भूमि पूजन करते मंत्री सुरेश खन्ना, गुलाब देवी, संदीप सिंह व अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 23 से 29 नवंबर तक जुटेंगे 35 हजार स्काउट्स-गाइड्स

**अमृत विचार :** भारत स्काउट्स और गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी को लेकर वृंदावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में बनने वाली विश्वस्तरीय 'टेंट सिटी' के सोमवार को मंत्रोच्चार और विधिविधान के बीच मंत्रियों ने भूमिपूजन किया। लखनऊ में यह कार्यक्रम पहली बार होगा, जबकि 61 साल बाद यूपी को मेजबानी मिली है। जम्बूरी में 23 से 29 नवंबर तक 35 हजार स्काउट्स-गाइड्स जुटेंगे।

भूमि पूजन करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स यूपी इकाई के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने आयोजन को प्रदेश के लिए गौरव का अवसर बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे, जबकि समापन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शामिल होने की संभावना है। इस जम्बूरी की थीम प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकताओं आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ एवं विकसित भारत, ग्रीन और सस्टेनेबल भारत और विकसित युवा-विकसित भारत पर केंद्रित है।

# देश की एकता-अखंडता को सशक्त बनाने में युवाओं की अहम भूमिका

## 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं को किया प्रेरित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यक्रम में कई राज्यों के 200 युवा प्रतिनिधि हुए शामिल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को सशक्त करने में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने युवाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान का हिस्सा हैं, जो न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच हैं, बल्कि विविधताओं के बीच एकता को मजबूत करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बोली-भाषा में भिन्नता के बावजूद पूरे भारत की भाव-भंगिमा एक है और यही भाव हमें जोड़ता है।

योगी सोमवार को अपने आवास पर आयोजित 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से आए करीब 200 युवा प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

यह आयोजन 25 सितंबर से शुरू हुआ है, जो पहली अक्टूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विरासत पर गर्व, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, सेना व सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान, सामाजिक एकता और नागरिक कर्तव्यों का पालन ही विकसित भारत की आधारशिला हैं।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहे।



17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से आए युवाओं के साथ मुख्यमंत्री योगी।

### युवाओं को कराएं अयोध्या-लखनऊ का भ्रमण

मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि अयोध्या और लखनऊ को देखकर बताइए कि विकास कैसा होता है। जब आप विकास की बात करेंगे, तभी वह धरातल पर उतरकर दिखेगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के दौरान जनजातीय समुदाय का सहयोग सर्वाधिक रहा। आज उनकी जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बन चुका है और अयोध्या विकास का आदर्श मॉडल बन गई है। योगी ने कहा कि 8-10 साल पहले अयोध्या की सड़कें संकरी थीं और वहां विकास की कल्पना करना मुश्किल था, लेकिन आज वहां आधुनिक ढांचे और योजनाओं का तेजी से विस्तार हुआ है।

### बुढ़िया माई के दरबार में योगी ने लगाई हाजिरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शारदीय नवरात्र के आठवें दिन, सप्तमी तिथि के मान में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदिशक्ति मां भगवती की प्रतिनिधि स्वरूपा बुढ़िया माई के दरबार में हाजिरी लगाई। कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई के मंदिर में उन्होंने विधिवत दर्शन-पूजन किया तथा माता से प्रदेशवासियों के कल्याण और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर और यहां स्थित कुंड/तालाब का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर कुंड के दोनों तरफ श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए सस्पेंशन ब्रिज (झूला पुल) बनवाया जाए। इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी दीपक मीणा को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री ने नवाचार अपनाने का किया आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने साझा किए विकास के कार्य मुख्यमंत्री ने किया मार्गदर्शन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ वर्चुअल संवाद में जनप्रतिनिधियों ने अपने नगरों में हुए विकास कार्यों और आय वृद्धि के प्रयास साझा किए। मुख्यमंत्री ने उनसे नए नवाचार और आय सृजन के उपायों पर चर्चा करते हुए कहा कि यही प्रयास आत्मनिर्भर और आधुनिक उत्तर प्रदेश की नींव रखेंगे। योगी ने अयोध्या में महापौर सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव दिया।

अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कर-करेत्तर आय में अभूतपूर्व वृद्धि का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने और यहां महापौर सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव दिया। फिरोजाबाद की महापौर कामिनी राठौर ने बताया कि निगम की आय 18 करोड़ से बढ़कर 40 करोड़ हो गई है। झांसी के महापौर बिहारी लाल आर्य ने बताया कि नगर निगम की आय 25 करोड़ से बढ़कर 80 करोड़ पहुंच गई है और लक्ष्य 100 करोड़ का है। मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना की।

गाजियाबाद के मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव ने खाली भूमि के उपयोग पर सुझाव रखा। मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि आय 5.89 करोड़ से बढ़कर 11 करोड़ हुई है और नगर में मुफ्त वाई-फाई उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने मां विंध्यवासिनी धाम क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग और यात्री विश्राम स्थल बनाने का सुझाव दिया। देवरिया की अध्यक्ष अलका सिंह से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने खाली भूमि पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने की जरूरत बताई। सुल्तानपुर के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल को उन्होंने जिला मुख्यालय वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना से अवगत कराया। मेरठ की फलौदा नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक सैनी ने आय में वृद्धि 20 लाख से 44 लाख की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने तकनीक और नवाचार आधारित योजनाएं अपनाने का आह्वान किया। मथुरा की महावन नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि 10 हजार की आबादी वाला उनका नगर भी विकसित यूपी अभियान का हिस्सा बन गर्व महसूस कर रहा है। प्रयागराज के महापौर उमेश गणेश केसरवानी ने आईटी सिटी के विकास और 2.19 लाख पौधे लगाकर नया वन क्षेत्र तैयार करने की जानकारी दी।



# उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित


## भाजपा का विशिष्ट व्यक्तित्व सम्मान समारोह आयोजित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सोमवार को सहकारिता भवन, लखनऊ में विशिष्ट व्यक्तित्व सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचना गोविल, जसविंदर सिंह भाटिया, रणवीर सिंह, रमेश कुमार वर्मा, विजय सिंह चौहान, धर्मवीर सिंह बागा सहित अनेक विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सेवा पखवाड़ा अभियान प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष कांता कर्दम, देवेश कोरी, मेयर सुषमा खरकवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विशिष्ट जन को सम्मानित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

# मुख्यमंत्री कल करेंगे कन्या पूजन

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री एवं योगी आदित्यनाथ ने सोमवार देर शाम शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी तिथि पर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार विधि-विधान से महानिशा पूजन व हवन किया।

योगी गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवास के शक्तिपीठ में बुधवार को पूर्वाह्न शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि को देवी दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करेंगे।

# नोएडा एयरपोर्ट का मोदी 30 अक्टूबर को करेंगे उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का 30 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन से पहले एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं लगभग पूरी हो चुकी हैं।

तीन अस्थायी एरो ब्रिज बनकर तैयार किए गए है, जबकि 10 स्थायी एरो ब्रिज पहले से हैं। ऐसे में एक साथ अब 10 के बजाय 13 विमान उड़ान भर सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर ही अस्थायी एरो ब्रिज का प्रयोग होगा। इस बीच नोएडा एयरपोर्ट को कार्गो हब के रूप में विकसित किया जा रहा है।

टर्मिनल बिल्डिंग के सामने दो विशेष कार्गो स्टैंड बनाए गए हैं, जहां मल्टी मॉडल कार्गो हब से लाए गए उत्पादों को विमानों में लोड और अनलोड किया जा सकेगा। 30 एकड़ में बने इस कार्गो हब में क्रेन की मदद से सामान की लोडिंग-अनलोडिंग की जाएगी। इसके अलावा सिंगल विंडो एयरपोर्ट कार्गो कम्युनिटी सिस्टम लागू किया जाएगा।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
डॉ० एम.बी. गौतम
बी.डी.एस.
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
उपलब्ध सुविधायें
- शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
- दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler)
- हिलते हुए दांतों को जाम करना।
- दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT)
- मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
- दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
- सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling)
- टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces)
- डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/ Bridges)
- मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
- गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज।
- एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा
सम्पर्क करें:-
9997317000, 0581-4508701
स्थान परिवर्तन
प्रभा टाकीज के सामने वाली रोड, महाजन स्क्वायर 35/के रामपुर गार्डन, जीवन ज्योति अस्पताल के बराबर में, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज



हर्षिल हॉस्पिटल
क्रिटिकल केयर एण्ड पेन सेन्टर
डॉ. हिमांशु वर्मा
MBBS, MD, FICM, FIPM
क्रिटिकल केयर एवं पेन फिजिशियन
Advanced ICU & OT 24x7 Emergency Operation | TPA/कैशलेस की सुविधा उपलब्ध
पता:- प्लाट नं. 4 राघव पेट्रोल पम्प के सामने, बुखारा, बरेली
Mob : 9458702280, 8937810741

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रात: 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. अनस व उसकी पत्नी यास्मीन को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मुमताज़ अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी 284/19, सुन्नी हुसैनी मस्जिद के पास, एजाज नगर गौटिया थाना बारादरी जिला बरेली।**

### सूचना

मेरा पूर्व में नाम सुगंध वाजपेई (SUGANDH BAJPAI) था अब मैंने अपना नाम बदल कर सुगंध अग्रवाल (SUGANDH AGARWAL) कर लिया है। भविष्य में मुझे उक्त नये नाम से जाना व पहचाना जाये। **सुगंध अग्रवाल पत्नी विकास वाजपेई निवासी मो. गनेशगंज पूरनपुर थाना व तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत**

### सूचना

मैं दिनांक 02.06.2025 को सहावर से बदायूं आ रहा था। मेरे पास एक बैग में महत्वपूर्ण दस्तावेज व घर का बैनामा बैग में रखा था। उक्त बैनामा को मेरे पिता श्री सुरेश चन्द्र और मां श्रीमती रामबेटी ने दिनांक 16.06.2014 को कराया था। जिसकी जिल्द संख्या 877 क्रमांक 2476 और पृष्ठ संख्या 125/152 है। जो कि कहीं गिर गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **दिनेश चन्द्र पुत्र श्री सुरेश चन्द्र नि. 100, चौक बुलंद, सहावर (बदायूं)**

### सूचना

मैं अपने पुत्र आदिल अली एवं उसकी पत्नी समरीन को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **आबिद अली पुत्र साबिर अली निवासी खेड़ा बुजुर्ग तहसील व जिला बदायूं**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



महाराष्ट्र में सड़क पर आई लव मुहम्मद लिखे होने पर प्रदर्शन के दौरान हिंसा-8




यूपीआईटीएस में हुआ 11200 करोड़ का कारोबार, 2400 एमओयू-8



अफगानिस्तान में सैन्य ठिकाने बनाने की अमेरिकी योजना का विरोध- 9




घरेलू मैदान पर भारतीय महिला टीम की नजरें आईसीसी वनडे विश्व कप जीतने पर-10


आज का मौसम

34.0° अधिकतम तापमान

24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.04

सूर्यास्त 06.01

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी 06:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 30 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 311, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### केरल विस में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा ने राज्य में भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के कदम के खिलाफ सोमवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया और निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची का पुनरीक्षण पारदर्शी तरीके से करने का आग्रह किया।

### ढाई करोड़ से अधिक ने देखा मोदी का एक्स संदेश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एशिया कप में भारत की जीत को लेकर एक्स पर किए गए संदेश का एक लाख सात हजार से अधिक लोगों ने प्रतिउत्तर दिया जबकि संदेश को 2.57 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा है। मोदी के कमेंट बॉक्स में 24 हजार से अधिक लोगों ने उत्साह भरी प्रतिक्रिया दी है।

### आरबीआई के डिप्टी गवर्नर बने शिरीष चंद्र

**नई दिल्ली।** सरकार ने शिरीष चंद्र मुर्मू को तीन साल के कार्यकाल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। मुर्मू, एम. राजेश्वर राव का स्थान लेंगे जिनका विस्तारित कार्यकाल आठ अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल नौ अक्टूबर या उसके बाद पद ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष का होगा।

### पुंछ में ग्रेनेड विस्फोट में जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में सोमवार को दुर्घटनावश ग्रेनेड विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद हो गया। सुरनकोट स्थित अपने शिविर में संतरी गार्ड की ड्यूटी पर तैनात एक जवान द्वारा शाम को ग्रेनेड को गलत तरीके से संभाले जाने के कारण यह विस्फोट हुआ।

### कई राज्यों में ईडी छापे सवा दो करोड़ जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने सोमवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने गोवा के एक कैसीनो और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ कई राज्यों में की गई छापेमारी के दौरान 2.25 करोड़ रुपये नकद के अलावा 8.5 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की।

# आत्मनिर्भरता की दिशा में नए माध्यम तलाशें नगर निकाय : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- बोले-आधुनिक व सशक्त नगर निकाय ही बनाएंगे विकसित यूपी की राह
- विकसित यूपी को लेकर नगर निकायों के महापौरों और अध्यक्षों से किया संवाद

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधुनिक और सशक्त नगर निकाय ही विकसित उत्तर प्रदेश की राह बनाएंगे। इसलिए आय सृजन और आत्मनिर्भरता की दिशा में नए माध्यम तलाशें। योगी ने आह्वान किया कि हर नगरीय निकाय को संकल्प लेना होगा कि वह अपने शहर को स्वच्छ, आधुनिक, सुगठित और आत्मनिर्भर बनाए। अब शहरी विकास केवल बुनियादी सुविधाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्मार्ट सेवाओं, हरित क्षेत्र, बेहतर यातायात व्यवस्था और डिजिटल पहुंच का आदर्श बने।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को 'विकसित यूपी@2047' संवाद श्रृंखला के तहत 17 नगर निगमों के महापौरों व पार्षदों समेत 200 नगर पालिका और 545 नगर पंचायतों के अध्यक्षों व सदस्यों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे अपनी कार्ययोजना में नवाचार, आय सृजन और ईज़ ऑफ लिविंग की अवधारणा को केंद्र में रखें।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अभियान से संबंधित उनके द्वारा भेजे गए पत्र को बैठकों व सभाओं में अवश्य पढ़ें। उन्होंने कहा कि विकसित यूपी@2047 को जन-जन की चर्चा और संवाद का विषय बनाना होगा। निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकायों में इस विषय पर विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सुझाव लिया जाए।

योगी ने प्रधानमंत्री मोदी के 'अमृतकाल के पंच प्रण' को दोहराते हुए बताया कि अभियान का रोडमैप अर्थशक्ति, सृजनशक्ति और जीवनशक्ति पर आधारित है। इसके लिए 12 सेक्टरों का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। अब तक 12 लाख नागरिक अपने सुझाव साझा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सुझाव नीतियों और योजनाओं की दिशा तय करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि श्रेष्ठ सुझावों को जिला और प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

### लखनऊ, अयोध्या, काशी, गोरखपुर को सराहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, गाजियाबाद, लखनऊ, झांसी, फिरोजाबाद और गोरखपुर जैसे नगर नई ऊर्जा और नए स्वरूप के साथ नए उत्तर प्रदेश की पहचान बने हैं। आने वाले वर्षों में शहरी आबादी कई गुना बढ़ेगी, इसलिए नगर निकायों को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनानी होंगी।

### सीएम ने कैंसर पीड़ित बच्चे को भिजवाया अस्पताल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक बूढ़ी मां का दर्द सुन द्रवित हो गए। तत्काल उनके कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाया और बेहतर इलाज का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह जनता दर्शन किया। इस दौरान कानपुर के रायपुरवा की 63-64 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री से अपने जवान बेटे को कैंसर होने की बात बताई और इलाज कराने की गुजारिश की।

### प्रदेश में 127 नए नगर निकाय और 17 स्मार्ट सिटी

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते साढ़े 8 वर्षों में नगरीय विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं। प्रदेश में 127 नए नगर निकायों का सृजन, 17 स्मार्ट सिटी परियोजनाएँ, मेट्रो-आरआरटीएस-रोपवे जैसी आधुनिक परिवहन परियोजनाएँ, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व सीवरेज योजनाएँ शुरू हुईं। लखनऊ और गाजियाबाद नगर निगमों ने म्युनिसिपल बॉन्ड जारी कर अपनी आय बढ़ाई है।

# बरेली बवाल : दंगे के लिए तौकीर ने प. बंगाल और बिहार से बुलाए थे उपद्रवी

## मौलाना के करीबी नदीम समेत 29 को जेल भेजा, 68 दुकानें और आईएमसी कार्यालय सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बवाल, पथराव और फायरिंग में पकड़े गए उपद्रवी पुलिस हिरासत में माफी मांगते नजर आए। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की कॉल पर जुटी भीड़ की तरफ से पथराव और फायरिंग करने के मामले में बिहार और पश्चिम बंगाल का भी कनेक्शन सामने आया है। कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में बिहार और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों के उपद्रवियों को नामजद किया गया है। सोमवार को नगर निगम की टीम ने नावेल्टी चौराहा स्थित पहलवान शाह की मजार परिसर में स्थित आईएमसी के कार्यालय समेत नाले पर बनी 68 दुकानों को सील कर दिया।

बरेली विकास प्राधिकरण ने मौलाना तौकीर रजा को शरण देने वाले फरहत के मकान का सर्वे पूरा कर लिया है। उधर, पुलिस ने तौकीर रजा का दाहिना हाथ कहे जाने वाले नदीम खां समेत 29 और आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, खोखा और वायरलेस सेट बरामद किया गया है।

नदीम ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने मौलाना तौकीर रजा खां के इशारे पर दंगा कराने का प्रयास किया था।आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद आई लव मौहम्मद पोस्टर को लेकर शहर में विरोध प्रदर्शन कर रहे उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव व फायरिंग की थी। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बवाल में बाहर के राज्यों से भी कई उपद्रवी शामिल हुए थे। बिहार के जिला पूर्णिया निवासी इमाम कौनैन रजा और ईमदी शमशेर रजा, पश्चिम बंगाल निवासी इमाम मुशारुफ शेख ने भी पुलिस वालों पर पत्थर बरसाए।

सोमवार को इस मामले में मौलाना तौकीर रजा खां के दाहिने हाथ नदीम खां, उसके भाई कलीम खां, चोटी कटवा के भाई मोईन समेत 29 आरोपियों को कोतवाली और बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### एसपी सिटी के गनर की लूटी गई राइफल की तलाश

जुमे की नमाज के बाद पुलिस पर पथराव और फायरिंग के दौरान बवालियों ने एसपी सिटी मानुष पारीक के गनर की राइफल और पेट्रोलिंग कर रहे पुलिस कर्मी का वायरलेस लूट लिया था। पुलिस ने लूटे गए वायरलेस सेट को तौकीर रजा का दाहिना हाथ माने जाने वाले नदीम खां से बरामद कर लिया है, जबकि लूटी गई राइफल की बरामदगी के लिए एसओजी समेत पुलिस की टीमें काम कर रही हैं।

> हिंसा के मास्टर माइंड मौलाना तौकीर रजा खां के दाहिने हाथ कहे जाने वाले नदीम खां समेत 29 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से पुलिस का वायरलेस सेट, तमंचा, कारतूस समेत अन्य सामान बरामद किया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पश्चिम बंगाल-बिहार के उपद्रवी भी हिंसा में शामिल थे।
> -**अनुराग आर्य**, एसएसपी बरेली।

# घंटों और सेकेंडों में मापा जाता है युद्धः रक्षामंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी




सम्मेलन में कमांडरों से हाथ मिलाते रक्षा मंत्री।

- भारतीय तटरक्षक बल के सम्मेलन में बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह
- कहा-साइबर और इलेक्ट्रानिक युद्ध काल्पनिक नहीं, हकीकत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि युद्ध अब महीनों में नहीं, बल्कि घंटों और सेकेंडों में मापा जाता है, क्योंकि उपग्रह, ड्रोन और सेंसर संघर्ष की प्रकृति को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) से एक ऐसा भविष्योन्मुखी रोडमैप विकसित करने का आग्रह किया जो नई चुनौतियों का पूर्वानुमान लगा सके, अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत कर सके और रणनीतियों को लगातार अनुकूलित कर सके।

यहां बल के मुख्यालय में आयोजित 42वें आईसीजी कमांडर सम्मेलन में अपने संबोधन में, सिंह ने यह भी रेखांकित किया कि साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अब काल्पनिक खतरे नहीं हैं, बल्कि वर्तमान की हकीकत हैं। उन्होंने कहा कि कोई राष्ट्र मिसाइलों से नहीं, बल्कि हैकिंग, साइबर हमलों और इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के जरिए हमारे सिस्टम को पंगु बनाने की कोशिश कर सकता है।

आईसीजी को ऐसे खतरों से बचाव के लिए अपने प्रशिक्षण और उपकरणों को लगातार अनुकूलित और उन्नत करना होगा। प्रतिक्रिया समय को सेकेंडों में कम करने और हर समय तत्परता सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित निगरानी नेटवर्क और एआई-सक्षम प्रणालियां आवश्यक हैं। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का 7,500 किलोमीटर लंबा समुद्र तट, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप जैसे द्वीपीय क्षेत्रों के साथ, 'भारी चुनौतियां' पेश करता है, जिसके लिए उन्नत तकनीक, अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर्मियों और चौबीसों घंटे निगरानी की आवश्यकता होती है।

# अमेरिका के बाहर बनी फिल्मों पर लगाया 100 प्रतिशत शुल्क

न्यूयार्क, एजेंसी



- राष्ट्रपति ट्रंप ने फोड़ा एक और टैरिफ बम

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को देश के बाहर बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाने की घोषणा की, जिससे भारतीय फिल्म उद्योग पर असर पड़ने की संभावना है। ट्रंप ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' पर पोस्ट किया कि हमारा फिल्म निर्माण व्यवसाय अन्य देशों द्वारा चुरा लिया गया है, ठीक वैसे ही जैसे 'किसी बच्चे से कैंडी' चुरा लिया गया हो।

ट्रंप ने कहा कि कैलिफोर्निया को इस वजह से विशेष रूप से आहत पहुंचा है। ट्रंप ने कहा कि इस लंबे समय से चली आ रही, कभी न खत्म होने वाली समस्या को हल करने के लिए, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगा रहा हूं।

### भारतीय फिल्म उद्योग पर असर पड़ने की संभावना

इस निर्णय से भारतीय फिल्म उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है क्योंकि अमेरिका में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं, जिसके कारण यह देश भारतीय फिल्मों के लिए अग्रणी बाजारों में से एक है। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रंप ने फर्नीचर आयात पर शुल्क लगाने का भी फैसला किया है।

# रेलमार्ग से जुड़ेंगे भारत और भूटान

**नई दिल्ली।** भारत ने रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पड़ोसी देश भूटान को अपने रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के लिए सोमवार को कुल चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो महत्वाकांक्षी रेल-मार्ग परियोजनाओं के निर्माण की घोषणा की। इसका निर्माण पूरा होने पर भूटान के दो शहर गेलेफू और समत्से क्रमशः असम और पश्चिम बंगाल से सीधे रेलगामर्ग से जुड़ जाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

# अदालतें पीड़ितों की पीड़ा को अनदेखा न करें

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पटना हाईकोर्ट का आदेश किया रद्द
- हाईकोर्ट ने शिकायतकर्ता की बात सुने बिना ही दे दी अग्रिम जमानत

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा भले ही महत्वपूर्ण है, लेकिन अदालतों को पीड़ितों की पीड़ा की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पटना उच्च न्यायालय के मार्च 2024 के आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें हत्या के एक मामले में दो आरोपियों को अग्रिम जमानत दे दी गई थी। पीठ ने उच्च न्यायालय की ओर से मामले को निपटाने में की गई जल्दबाजी पर गंभीर चिंता भी जताई।

पीठ ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की योजना जहां अग्रिम जमानत से जुड़ी अर्जियों पर विचार करने के लिए उच्च न्यायालय और सत्र अदालत को समवर्ती क्षेत्राधिकार प्रदान करती है, इस अदालत ने बार-बार टिप्पणी की है कि उच्च न्यायालय को खुद सीधे हस्तक्षेप करने से पहले हमेशा वैकल्पिक उपाय को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

### अपराधियों के प्रति डर न रहे, संतुलन बनाना होगा

कोर्ट ने कहा कि आरोपियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा के साथ-साथ पीड़ितों के दिलों में कथित अपराधियों के प्रति किसी भी तरह का डर न रहे, इसके लिए संतुलन बनाना होगा। उसने कहा कि शिकायतकर्ता की पत्नी की हत्या दिनदहाड़े की गई। सुप्रीम कोर्ट शिकायतकर्ता की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिसंबर 2023 में दर्ज एक प्राथमिकी में नामजद दो आरोपियों को अग्रिम जमानत देने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी।

# सहारा ग्रुप की संपत्ति अडाणी प्रॉपर्टीज को बेचने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट से मांगी गई मंजूरी, 14 अक्टूबर को होगी सुनवाई

सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने महाराष्ट्र में एम्बी वैली और लखनऊ में सहारा शहर समेत विभिन्न संपत्तियों को अडाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इस याचिका पर संभवतः 14 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

अधिवक्ता गौतम अवस्थी के माध्यम से दायर याचिका में सहारा समूह से संबंधित विभिन्न संपत्तियों को अडाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को छह सितंबर 2025 की टर्म शीट में निर्धारित नियमों एवं शर्तों पर बेचने के लिए अनुमति मांगी गई है। सहारा समूह से संबंधित लंबित मामलों में दायर अंतरिम आवेदन में कहा गया कि इस न्यायालय द्वारा समय-समय पर पारित विभिन्न आदेशों के अनुसरण में तथा विभिन्न आदेशों के माध्यम से इस न्यायालय की अनुमति प्राप्त करने के बाद, एसआईसीसीएल और सहारा समूह बड़ी कठिनाई से अपनी कुछ चल एवं अचल संपत्तियों को बेचने में सक्षम हुए है। इससे हासिल राशि को बाजार नियामक सेबी-सहारा 'रिफंड' खाते में जमा कर दिया गया।

**आयोजन** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के नए कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# विदेशी उत्पादों पर निर्भरता जितनी कम, देश के लिए उतना ही बेहतर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशी वस्तुओं को बढ़ावा देने पर जोर देते सोमवार को कहा कि विदेशी उत्पादों पर हमारी निर्भरता जितनी कम होगी, देश के लिए उतना ही बेहतर होगा। भाजपा कार्यकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर दुकान पर 'गर्व से कहो ये स्वदेशी है' लिखा एक बोर्ड हो। कहा कि भाजपा-राजग सरकारों ने देश में सुशासन का एक नया मॉडल स्थापित किया है और पार्टी कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि जीएसटी सुधारों का लाभ आम लोगों तक पहुंचे।




नई दिल्ली में भाजपा कार्यालय के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा।

मोदी ने दिल्ली भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कहा कि भाजपा सत्ता के लिए नहीं, बल्कि सेवा के लिए सरकार में है और इसके कार्यालय इसी भावना को जीवित रखे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-राजग सरकारों ने देश में सुशासन का एक नया मॉडल स्थापित किया है। हम 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमने देश और लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी, भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का विश्वास दिलाने के लिए देश को घोटालों से मुक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकारों ने आम लोगों की बचत बढ़ाने और उन्हें बेहतर सेवाएं देने पर ध्यान केंद्रित किया। कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि 2014 में जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सत्ता में था, तब दो लाख रुपये से ज़्यादा की आय पर कर लगता था। उन्होंने कहा कि अब 12 लाख रुपये की आय पर भी कर शून्य है।

### सुधारों का लाभ आमजन तक पहुंचे


मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि लोगों और व्यापारियों के बीच जागरूकता फैलाकर जीएसटी सुधारों का लाभ आम लोगों तक पहुंचे। राष्ट्रीय राजधानी को 'मिनी इंडिया' बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं से भारत के विभिन्न हिस्सों में मनाए जाने वाले हर त्योहार को मनाने को कहा। देशी वस्तुओं को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए, मोदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर दुकान पर 'गर्व से कहो ये स्वदेशी है लिखा एक बोर्ड हो।

### दिल्ली से भाजपा का रिश्ता भावनाओं और भरोसे का

मोदी ने कहा कि दिल्ली के साथ भाजपा का रिश्ता भावनाओं और विश्वास पर आधारित है। जनसंघ के दिनों से ही पार्टी इस शहर के लिए काम करती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी स्थापना के 45 वर्ष पूरे कर चुकी है। कड़ी मेहनत से ही यह पार्टी आगे बढ़ी है। लेकिन जिस बीज से भाजपा आज इतना विशाल वटवृक्ष बनी है, वह अक्टूबर 1951 में बोया गया था।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव



HOUSE OF HIMALAYAS

# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरुप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरू की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरूआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

**बेहतर गुणवत्ता :** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP ONE DISTRICT TWO PRODUCTS UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है,



इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रुपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रुपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहू का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

**बीज मंत्र... श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।**

**खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें**

# जिला अस्पताल : नहीं बने ऑनलाइन पर्चे, घटी ओपीडी

## पोर्टल पर जांच रिपोर्ट अपलोड नहीं हो पा रही, मरीजों को हो रही परेशानी, बुखार, त्वचा और गले के संक्रमण के रोगियों की संख्या ज्यादा रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंटरनेट सेवा बंद होने के कारण जिला अस्पताल में ऑनलाइन पर्चे नहीं बन सके। सोमवार को ओपीडी में मरीजों की संख्या कम रही। अमूमन ओपीडी में तीन हजार से अधिक मरीज आते हैं, मगर यह आंकड़ा महज 1500 के करीब ही रहा। हालांकि डॉक्टरों के अनुसार मौसम में बदलाव के चलते बुखार रोगियों की संख्या अधिक रही। त्वचा व गले में संक्रमण के मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

बीते शुक्रवार को हुए बवाल के बाद से इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। इसकी वजह से जिला अस्पताल में ऑनलाइन कार्य पूरी तरह से बंद है। पर्चे भी मैनुअल माध्यम से बनाए गए लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत पैथोलॉजी जांच कराने वाले मरीजों को हुई। उनकी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सकी। इससे मरीजों के मोबाइल नंबर पर

भी जांच रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया बंद नजर आई। कई विभागीय पोर्टलों पर भी ब्योरा अपलोड नहीं हो सका। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा के अनुसार मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई है। पर्चा और जांच रिपोर्ट भले ही ऑनलाइन अपडेट नहीं हो सकी, लेकिन मैनुअली रिपोर्ट बनाकर मरीजों को दी गई है।



इंटरनेट बंद होने से जिला अस्पताल में ओपीडी में हाथ से पर्चे बनाए गए।



जिला अस्पताल में दवा काउंटर पर दवा लेते मरीज व तीमारदार। ● अमृत विचार

**शिविर : भटकते रहे दिव्यांग**

सीएमओ कार्यालय में सोमवार को आयोजित शिविर में दिव्यांग भटकते रहे। दरअसल अधिकांश दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन कराने के बाद ही शिविर में आते हैं, लेकिन इंटरनेट बंद होने से पोर्टल संचालित नहीं हो सका। इसके चलते दिव्यांगों को अगले शिविर में आने के लिए कहा गया।

## सड़क हादसे में युवती की मौत

**फरीदपुर अमृत विचारः** सड़क हादसे में युवती की दर्दनाक मौत एक अन्य घायल फरीदपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिर्धान निवासी हनीफ की बेटी नाजिश अपने भाई के साथ बहन की ससुराल नरियवल जा रही थी जैसे ही उसकी बाइक अड्डे के पास पहुंची की तभी ओवरटेक करने के जल्दबाजी में पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे नाजिश बाइक से सिर के बल जा गिरी, और उसके सर से खून बहने लगा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया पिकअप चालक भीड़ को चकमा देकर फरार हो गया। वहीं मृतक के परिजनों ने शवका पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया मृतक 12 भाई बहनों में 5 बहने और 7 भाई हैं जिनमें बहनों में तीसरे नंबर की है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पालिका ने लोनिवि को पुल मरम्मत के लिए भेजा पत्र

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** भमोरा-शाहाबाद स्टेट हाइवे पर मोहब्बतगंज गौटिया तिराहे पर बना पुल टूटने से खतरा बढ़ता गया है। नगरपालिका परिषद आंवला ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

पालिका चेयरमैन सैय्यद आबिद अली ने पत्र में कहा है कि कुछ वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया गया यह पुल हाल ही में हुई भारी बारिश के दौरान कई फिट टूट गया है। इस पुल से रोजाना भारी और छोटे वाहन गुजरते हैं, साथ ही राह चलते लोग और पशु भी इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। पुल की टूटी हुई स्थिति के कारण कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। पालिका ने आग्रह किया है कि पुल की मरम्मत कार्य को तुरंत शुरू कराया जाए ताकि वाहनों का आवागमन हो सके।



पुल टूटने से खतरा बढ़ा।

## परेशान हो रहे व्यापारी व ग्राहक सेवा केन्द्र के लोग

**इंटरनेट सेवा बंद**

- पेट्रोल पंपों पर नकदी की दिक्कत बार कोड से भुगतान में हो रही थी सहूलियत
- बीसी सखियों के डिवाइस भी बंद होने से बैंकों में ग्रामीणों के पैसे जमा नहीं हो पा रहे
- बाजार में खरीददारी करने जा रहे ग्राहक भी आनलाइन भुगतान नहीं कर पा रहे,व्यापारी प्रभावित

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** बरेली में बबाल के बाद इंटरनेट सेवा पर लगी रोक से बैंकिंग और ग्राहक सेवा केंद्र पूरी तरह से बंद हो गये, जिससे ग्रामीणों को रुपए की जरुरत पूरी करने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा चयनित बीसी सखियां भी इंटरनेट सेवा बंद होने से परेशान हैं। बी सी सखी ताहिरा खान ने बताया कि ग्रामीण रुपए निकालने और जमा करने आ रहे हैं। ऐसे में इन्टरनेट सेवा बंद होने के चलते डिवाइस नहीं चल पा रही है। डिजिटल युग में इस समय सभी काम बंदहो गये हैं। बैंक के एटीएम से भी रुपये निकालने में परेशानी हो रही है। कहीं कहीं पैसे अटक जा रहे हैं।

इंटरनेट सेवा बंद होने वजह से लोग खरीदारी के दौरान ऑनलाइन पेमेंट नहीं कर पा रहे है। चाय होटल वालों ने बताया कि उनकी चाय की दुकान पर आने वाले लोग अधिकतर ऑनलाइन यूपीआई से पेमेंट करते थे। लोग नकद पैसे कम रखते थे और बारकोड से भुगतान करते थे लेकिन नेट सेवा बंद होने से दुकानदारी प्रभावित हो रही है। यही हाल पेट्रोल पंपों का भी है।यहां भी बार कोड और डेबिट क्रेडिट कार्ड से भुगतान किया जाता था लेकिन यह सुविधा बंद होने से लोग वाहनों में तेल भरवाने में भी हिचक रहे हैं। अब नकद में भुगतान करने में दिक्कत हो रही है। इससे उनका व्यापार प्रभावित हुआ है।

व्यापार मंडल के सरदार रंजीत सिंह ने कहा लोग मोबाइल लेने के बाद ऑनलाइन पेमेंट कर रहे थे।अब नेट बंद होने से उनका कार्य प्रभावित हुआ है।अज़मी खान टिंबर मर्चेंट व्यापारी हैं उन्होंने बताया कि ऑनलाइन भुगतान न होने से व्यापार पर प्रभाव पड़ा है। अधिकतर लोगों के खाते में धनराशि होने के चलते ऑनलाइन भुगतान ही करते हैं। अरविंद गंगवार ने बताया कि इंटरनेट सेवा बंद होने से ग्राहक कम आ रहे है। हालांकि त्योहारी सीजन चल रहा है। मोटरसाइकिल खरीद में नकदी की जरूरत होती है। कुछ लोग ऑनलाइन पेमेंट करना पसंद करते हैं।

## फर्जी आधार कार्ड बनवाकर जमीन बेचने के प्रयास

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचारः** दूसरों की जमीन बेंचने के लिए दो महिलाओं ने फर्जी आधार कार्ड लगवाकर बैनामा कराने का प्रयास किया। जानकारी पर जमीन मालिक महिलाएं मौके पर पहुंच गयी। इसी बीच दोनो अज्ञात महिलाएं फरार हो गयी। पीड़ित महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय में शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

आंवला-अलीगंज रोड के गांव मंडौरा निवासी नीरज पत्नी दुष्यंत ने बताया कि वह वर्तमान में चंदौसी (संभल) के विचैटा काजी गांव में निवास कर रही हैं। मंडौरा गांव में उसकी और उसकी बहन संगीता पत्नी सूरज की जमीन है। नीरज ने आरोप लगाया कि कुछ अज्ञात महिलाओं ने उनका और उनकी बहन का फर्जी आधार कार्ड बनवाकर उनकी जमीन बेचे जाने की साजिश रची। पीड़िता के अनुसार, ये महिलाएं फर्जी दस्तावेजों के साथ बैनामा कराने के लिए तहसील पहुंचीं और दस्तावेजों पर अपने फोटो भी लगा दिए। मामले की जानकारी एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा देने पर नीरज और उसकी बहन संगीता तुरंत तहसील पहुंच गईं, लेकिन दोनों संदिग्ध महिलाएं वहां से फरार हो गईं।

## अवैध मदरसे व मजार बंद हों, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने अवैध मदरसे संचालित होने और सरकारी भूमि पर मजार निर्माण किए जाने पर कड़ा विरोध जताया है। सोमवार को पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी विदुषी सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

संगठन प्रांत महामंत्री सुनील गुप्ता ने बताया कि अलीगंज के गांव गैनी में अवैध रूप से मदरसे संचालित किए जा रहे हैं, जहां बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। आरोप है कि इन मदरसों में दी जाने वाली शिक्षा देश और समाज के हित में नहीं है।

साथ ही आंवला-बदायूं मार्ग स्थित बरात घर के सामने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मजार का निर्माण कराया जा रहा है। संगठन पदाधिकारियों ने प्रशासन से अवैध मदरसे बंद कराने और बरात घर के सामने बनी अवैध मजार को हटवाने की मांग की है । ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष अनुपम शंखधार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



आंवला एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के पदाधिकारी।

## तुमड़िया गांव में ही खुले प्राथमिक स्कूल, ज्ञापन

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** प्राथमिक स्कूल को दो किमी दूर स्कूल में मर्ज करने से ग्राम तुमड़िया के बालक बालिकाएं स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। स्कूल को फिर से तुमड़िया में ही खोलने कीमांग को पैनी नजर संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है।

उन्होंनेबताया कि तुमड़िया के प्राथमिकस्कूल को बंद कर बच्चों को मुड़िया तेली गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया है जो गांवसे दो किमी दूर है। इससे बच्चों का स्कूल पहुंचना मुश्किल हो रहा है।

रास्ते में जानवरों का खतरा बना रहता है। आरोप हैकि ग्राम प्रधान और विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों के अभिभावकों से धोखे से अंगूठा लगवाकर सहमति पत्र तैयार किया था जबकि अभिभावक स्कूल बंद किए जाने के पक्ष में नहीं है।

अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के भविष्य केसाथ खिलवाड़ है। संस्था अध्यक्ष ने एसडीएम ने तत्काल इस प्रकरण में हस्तक्षेप कर तुमड़िया गांव का विद्यालय खोलने कीमांग की है। ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू हो सके।



स्कूल खुलवाने के लिए पैनी संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने ज्ञापन दिया।

## नगर को बनाया सौहार्द का प्रतीक

**नवाबगंज, अमृत विचार :** रामनवमी, बाल्मीकि जयंती, मोहर्रम, चेहल्लुम से लेकर ईदगाह में ईद की नमाज़ तक—हर मौके पर बरती गई चौकसी ने नगर में शांति और सौहार्द कायम रहा। कोतवाल अरुण श्रीवास्तव के सक्रियता से जनता अमन चैन से है कहीं अशांति नहीं फैली है। आई लव मोहम्मद प्रकरण में नवाबगंज क्षेत्र शांत और सुरक्षित रहा। गंगापुर का संवेदनशील मामला भी बिना किसी विवाद के सुलझा लिया गया।

## अस्मिता जूडो वीमेन लीग में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

- खेलो इंडिया के तहत जूडो एसोसिएशन ने किया आयोजन

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** खेलो इंडिया के तहत जूडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित अस्मिता जूडो वीमेन लीग में महिला खिलाड़ियों ने अपने दमखम और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बरेली डिस्ट्रिक्ट नॉर्मल, ब्लाइंड एंड डेफ जूडो एसोसिएशन के सहयोग से फरीदपुर में हुए कार्यक्रम में मंडल के बरेली सहित पीलीभीत और शाहजहांपुर जनपदों से लगभग 120 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट कौशल से सभी का मन मोह लिया। मिनी ग्रुप में आराध्या, अनम, वंदना और पाखी सहित कई छात्राओं ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं सब-जूनियर ग्रुप में काव्य गुप्ता और नित्या अग्रवाल ने स्वर्ण जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी तरह कैडेट ग्रुप में अपेक्षा और लक्ष्मी ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि जूनियर और सीनियर वर्ग में विभूति, साक्षी, दीपिका शर्मा और रूबी यादव ने स्वर्ण पर कब्जा जमाया।

ओवरऑल ट्रॉफी विनायक इंटरनेशनल स्कूल फरीदपुर को प्रदान की गई। इस अवसर पर डा. अमीद मुराद ने खिलाड़ियों को मेहनत और अनुशासन को सफलता की कुंजी बताते हुए प्रेरित किया। डॉ. सबीन अहसन और विद्यालय की एमडी रीना माथुर वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जूडो एसोसिएशन के सचिव शादाब आलम, खेल प्रभारी शिक्षकों और रेफरी मंडल की सक्रिय भूमिका रही।



ट्राफी के साथ विजेता छात्राएं।

## जालिम नगला में टूटी पुलिया, राहगीरों को परेशानी

**मीरगंज, अमृत विचार :** जालिम नगला गांव में पानी की टंकी के पास टूटी पुलिया से लोगों के आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अफसरों का ध्यान इस पुलिया को बनाने में नहीं है।

मुरारपुर, अधकटा ब्रह्मनान, नियोधना सहित दर्जनों गांव के लोग आते और जाते हैं। इस सड़क पर इंटर कालेज के बच्चे भी गुजरते हैं। ये पुलिया दो साल से टूटी है। इस मार्ग से गांव के दर्जनों लोग आते जाते हैं। इस सड़क से गांव मुरारपुर, अधकटा ब्रह्मनान, नियोधना सहित दर्जनों गांव के लोग आते और जाते हैं। इस सड़क पर इंटर कॉलेज के बच्चे भी गुजरते हैं। ये पुलिया दो साल से टूटी हुई है। गांव के लोग आने जाने के लिए खुद के प्रयास से मिट्टी और बजरी डाल देते हैं।

**दांव-पेच** नवाबगंज में रामलीला मैदान में दंगल प्रतियोगिता में कई प्रदेशों से आये पहलवानों ने दिखाया दमखम

# रोमांचक मुकाबले में दिलशाद ने ठाकुर जल्लाद को किया चित्त

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचारः** कस्बे में आयोजित दंगल प्रतियोगिता का जनता ने लुत्फ उठाया। हालांकि लुत्फ के बीच विवादों की भी चर्चा है।

सोमवार को प्रतियोगिता में पहली कुश्ती ठाकुर भूकंप सिंह (राजस्थान) और जावेद कुरैशी के बीच हुई, जिसमें ठाकुर को पराजित बताया गया। दूसरी कुश्ती शिवम व आरिश के बीच हुई, जिसमें आरिश विजयी घोषित हुए। अहम मानी जाने वाली कुश्ती दिलशाद पहलवान चंदौसी और ठाकुर जल्लाद के बीच हुई, जिसमें काफी नाटकीयता के बाद दिलशाद को जीत मिली। कुश्ती में पहलवानों के दांव पेंच से एक दूसरे को पटखनी देने की ललक का दर्शकों ने आनंद उठाया। इस दौरान पहलवानों ने भी एक से बढ़कर एक दांव चले लेकिन प्रतिद्वन्दी ने उनका बचाव कर लिया। दंगल में उतरे पहलवान एक दूसर को चित करने के लिए आतुर रहे।

किसी सफल दांव पर दर्शक भी तालियां बजाकर पहलवानोंका उत्साह बढ़ा रहे थे। एक प्रतिद्वन्द्वी ने तो पहलवान को उठाकर उल्टा लटका दिया। दर्शकों ने मान लिया कि पहलवान चित हो जाएगा लेकिन पहलवान ने अपने को बचा लिया और मुकाबला फिर शुरु हुआ। दर्शकों के बीच पहलवानों की कुश्ती काफी रोमांचक रही। दर्शकों ने इसका खूब आनंद उठाया। कुश्ती के मुकाबले को लेकर कुश्ती में जीत हार को फिक्स करने की भी चर्चा रही।



दंगल में पहलवानों के दांव का आनंद लेते दर्शक। ● अमृत विचार



रोमांचक कुश्ती में दिलशाद ने ठाकुर जल्लाद को चित किया तो दर्शक झूम उठे।




## न्यूज ब्रीफ

### कई अधिकारी आज होंगे सेवानिवृत्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** 30 सितंबर को प्रदेश के कई आईएएस, आईपीएस और पीसीएस अफसर रिटायर हो जाएंगे। रिटायर होने जा रहे आईएएस अफसरों में 1990 बैच के राज्यपाल के एसीएस सुधीर महादेव बोबड़े, 2009 बैच के यमुना अथॉरिटी व जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट नोएडा सीईओ राकेश कुमार सिंह, 2009 बैच के डीजी टेक्निकल एजुकेशन व सचिव टेक्निकल एजुकेशन अविनाश कृष्ण सिंह और 2009 बैच के सचिव सचिवालय प्रशासन ब्रजेश नारायण सिंह शामिल हैं। वहीं, रिटायर होने वाले पीसीएस अफसरों में 2015 बैच के एडीएम एलए अयोध्या अरुण मणि तिवारी और 2012 बैच के एडिशनल कमिश्नर मुरादाबाद सर्वेश कुमार गुप्ता शामिल हैं।

### मिशन शक्ति के तहत हो रहीं खेल स्पर्धाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मिशन शक्ति-5.0 के 90 दिवसीय विशेष अभियान के तहत सभी विधान सभा क्षेत्रों में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन शुरू किया है, जिसमें लगभग 1.5 लाख महिला खिलाड़ियों के प्रतिभाग की संभावना है। साथ ही, 200 महिला पीआरडी (प्रांतीय रक्षा दल) स्वयंसेविकाओं को दक्षता और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देगा, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान भी प्रदान करेगा।

# पिकअप से कुचलकर 5 की मौत, 2 बच्चे भी शामिल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार:** बिलग्राम रोड पर बेकाबू हुई पिकअप सड़क किनारे रुककर पानी पी रहे बाइक सवारों को कुचलते हुए पेड़ों से जा टकरायी। हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई।

सोमवार की दोपहर हुए हादसे से इलाके में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही डीएम अनुनय झा और एसपी अशोक कुमार मीणा पूरे अमले के साथ मेडिकल कालेज पहुंचे, उन्होंने हादसे के बारे में पूरी जानकारी ली। सुरसा थाने के भीठा गांव निवासी संदीप के बहनोई नरेंद्र निवासी सारूथोक थाना जलालपुर कन्नौज के 11 वर्षीय पुत्र बासु का सोमवार को हरदोई बाबा मंदिर में मुण्डन होना था। संदीप की पत्नी मोहिनी (29) अपनी साल भर की बेटी गौरी के अलावा नाते-रिश्तेदारों के साथ मुण्डन संस्कार में शामिल होने आई थी। उधर से संदीप का बहनोई संतराम (35) निवासी जिगनिया थाना टड़ियावां अपनी पत्नी संगीता (32) के साथ बाबा मंदिर पहुंचा। मुंडन संस्कार होने के बाद संतराम, अपनी पत्नी संगीता, बहन मोहिनी, भांजी गौरी और भांजे बासु के साथ बाइक से बहनोई संदीप के गांव भीठा थाना सुरसा जा रहा था।

## जनगणना के साथ आर्थिक, सामाजिक व स्वास्थ्य संबधी सर्वेक्षण भी करेगा सरकारी तंत्र

# कितने हाईटेक और सेहतमंद हैं भारतीय, होगा सर्वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** निकट भविष्य में होने जा रही जनगणना 2027 के साथ सरकारी तंत्र आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य संबंधी सर्वेक्षण भी कर लेगा। इस सर्वेक्षण से यह डाटा सामने आ जाएगा कि भारतीय शिक्षित व हाईटेक होने के साथ-साथ कितने सेहतमंद हैं। दरअसल, उत्तर प्रदेश समेत देशभर में होने जा रही जनगणना इस बार इंटरनेट कनेक्शन, स्मार्टफोन समेत आधुनिक जीवनशैली और विकास के मापदंडों पर केंद्रित रहेगी। पहली बार हो रहे हाईटेक संसेक्स में आमजन के हर पहलू से जुड़ा एक बड़े सर्वे का भी डिजीटल डाटा भी एकत्र किया जाना है।

- जनगणना 2027 की प्रक्रिया जारी, भारतीयों के हर पहलू से जुड़ा डाटा होगा एकत्र



इस जनगणना में डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल होगा। ऐप के अलावा जीपीएस टैगिंग और जियोफेंसिंग जैसी तकनीक की सहायता ली जाएगी। इस बार न केवल नक्शों की जगह जीपीएस तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, बल्कि गणना के लिए मोबाइल और टैबलेट का भी इस्तेमाल होगा। इसी कड़ी में डाटा इकट्ठा करने के लिए कोडिंग प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। हाथ से लिखी जाने वाली जानकारियों में वर्तनी समेत अन्य तरीके की गलतियां होने की गुंजाइश रहती है, लेकिन इस बार कोडिंग के जरिए गलतियों से बचने का रास्ता निकाला गया है।

दिलचस्प यह है कि यह 1931 के बाद पहला अवसर होगा, जब देश की सभी जातियों का डाटा भी एकत्र किया जाना है। इस जनगणना में कुछ नए सवाल शामिल किए गए हैं, जो आधुनिक जीवनशैली और विकास के मापदंडों पर केंद्रित हैं। इन नए सवालों में घर में इंटरनेट कनेक्शन, मोबाइल और स्मार्टफोन की उपलब्धता, पीने के पानी का स्रोत, गैस कनेक्शन का प्रकार, वाहनों की उपलब्धता और घर में उपयोग होने वाले अनाज का प्रकार शामिल हैं।

### 30 लाख से ज्यादा लोग होंगे नियुक्त

**अमृत विचार :** घर-घर जाकर जनगणना की जिम्मेदारी फील्ड स्टाफ और सुपरवाइजरों की होती है। इस काम में मुख्य रूप से स्थानीय स्कूलों के शिक्षक, केंद्र और राज्य व केंद्र शासित सरकारों के अधिकारी और स्थानीय निकायों यानी पंचायतों और नगर पालिकाओं के सदस्य शामिल होते हैं। 2011 की जनगणना के दौरान 27 लाख कर्मचारियों को 54,000 मास्टर ट्रेनरों ने अलग-अलग तरीकों से ट्रेंड किया गया था। इस बार घर-घर जाकर लोगों की गिनती करने के लिए 30 लाख से ज्यादा लोगों को नियुक्त किए जाने का अनुमान है। इसके अलावा जिला स्तर पर 1.20 लाख अन्य लोग और लगभग 46,000 ट्रेनरों की आवश्यकता पड़ेगी।

## युवाओं के नेतृत्व में हुए उपद्रव में कम से कम 22 लोग मारे गए

**मेडागास्कर, एजेंसी:** संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय ने सोमवार को बताया कि पिछले कई दिनों से हिंद महासागर के द्वीप मेडागास्कर में युवाओं के नेतृत्व में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों में हुई हिंसा में कम से कम 22 लोग मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि बृहस्पतिवार से शुरू हुए इन प्रदर्शनों में सुरक्षा बलों की हिंसक प्रतिक्रिया भी कुछ मौतों की वजह रही। प्रदर्शन पानी और बिजली की कटौती के विरोध में शुरू हुए थे।

# बजरंग दल कार्यकर्ता की सिर में गोली मारकर हत्या

## कटघर में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादबाद

**अमृत विचार:** पुराने विवाद की रंजिश में बजरंग दल कार्यकर्ता की सिर में गोली कारकर हत्या कर दी गई। साथी की हत्या से गुस्साए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर जोरदार हंगामा किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कटघर थाना क्षेत्र के पीतलनगरी बलदेवपुरी निवासी घनश्याम का 16 साल का पुत्र शोभित कक्षा 10 का छात्र था। वह बजरंग दल का भी सक्रिय कार्यकर्ता था। कुछ दिनों पहले उसका मोहल्ले के ही अविनाश से बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान दोनों में काफी गर्मागर्मी हुई और



एक-दूसरे को देख लेने की धमकी भी दी गई। बहरहाल कुछ लोगों ने विवाद शांत करा दिया।

सोमवार को शोभित बलदेवपुरी में ही दरगाह के पास किसी काम से गया था। उसके साथ उसका दोस्त गौतम थी था। वहां अविनाश अपने साथियों अक्कू, जतिन और रोहित के साथ मिला। पुरानी रंजिश को लेकर उनमें विवाद होने लगा। बात इतनी बढ़ी की मारपीट हो गई। लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया। इस बीच अविनाश के दोस्त अक्कू ने तमंचा निकाला और गोली चला दी। गोली शोभित के सिर पर लगी और वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। अविनाश और उसके साथी भाग गए। पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंचे और घायल शोभित को जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद तो परिवार में कोहराम मच गया। साथी की हत्या से गुस्साए बजरंग दल पदाधिकारी व कार्यकर्ता कटघर थाने पहुंचे और हंगामा कर धरने पर बैठ गए। वे आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वे देर शाम तक थाने के बाहर डटे रहे।

देर शाम पुलिस ने शोभित के परिजनों की तहरीर पर अविनाश, अक्कू, जतिन और रोहित पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## बादल छाएंगे, बूंदाबादी भी होगी लेकिन गुलाबी सर्दी अभी दूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में आने वाले समय में बादल छाये रहेंगे और बूंदाबादी भी होगी, लेकिन गुलाबी सर्दी अभी दूर है। अक्टूबर तो छोड़ ही दीजिए मौसम नवंबर की शुरुआत तक अपना गरम मिजाज दिखाएगा। हालांकि, बीच-बीच में छाने वाले बादल तापमान में तनिक राहत देते रहेंगे। दरअसल, इस साल सितंबर के महीने में मौसम असामान्य रूप से गरम बना हुआ है। अभी तक लोग मार्च-अप्रैल वाली धूप झेल रहे हैं।

मौसम विभाग का भी कहना है कि सितंबर माह के बीतने और उत्तर भारत में मानसून की विदाई के साथ मौसम सुहावना होने लगता है। लेकिन फिलहाल उप्र. में स्थिति विपरीत है। उप्र. अक्टूबर तक गुलाबी सर्दी संभव नहीं है।

आंशिक बादल छाए रहने से तापमान की गिरावट से राहत तो मिलेगी लेकिन धूप और उमस का प्रभाव बना रहेगा। सर्दी की आहट नवंबर में ही संभव है।

# लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ी गयी, भारतीय दूतावास ने कड़ी निंदा की

लंदन, एजेंसी

भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को लंदन के 'टैविस्टॉक स्क्वायर' पर स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ हुई तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की। यह घटना दो अक्टूबर को होने वाले वार्षिक गांधी जयंती समारोह से कुछ दिन पहले हुई। इस प्रतिष्ठित प्रतिमा के चबूतरे पर कुछ विचलित करने वाले भित्तिचित्र पाए गए। इस प्रतिमा में राष्ट्रपिता को ध्यानमग्न मुद्रा में दिखाया गया है।

भारतीय मिशन ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों को इस घटना की सूचना दे दी गयी है जबकि उच्चायोग के अधिकारी स्मारक को ठीक कराने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग टैविस्टॉक स्क्वायर पर स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़े जाने की घटना से बेहद दुखी है और इसकी कड़ी निंदा करता है।

मिशन ने कहा कि यह सिर्फ तोड़फोड़ की घटना नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस से तीन दिन पहले अहिंसा के विचार और महात्मा गांधी की विरासत पर एक हिंसक हमला है। हमने तत्काल कार्रवाई के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है और हमारी टीम पहले से ही घटनास्थल पर मौजूद है तथा प्रतिमा को ठीक करने के लिए अधिकारियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने गांधी जयंती को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में नामित किया हुआ है और हर वर्ष दो अक्टूबर को लंदन स्थित स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की जाती है और गांधीजी के पसंदीदा भजन गाये जाते हैं। इंडिया लीग के सहयोग से निर्मित इस कांस्य प्रतिमा का अनावरण 1968 में किया गया था।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नवाबगंज, बरेली

पत्रांक : 926/न.पा.परि.नवा./2025-26 दिनांक : 23.09.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद नवाबगंज (बरेली) द्वारा 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्राण्ट) अवस्थापना निधि, अन्त्येष्टि स्थल, पेयजल योजना के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में डी/सी श्रेणी में कार्यो की लागत के सीमा अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है :-

1. वेबसाइट पर डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि - 30.09.2025
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 24.10.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 24.10.2025 को 03:00 बजे
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नवाबगंज, बरेली**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नवाबगंज, बरेली**


## भाजपा नेता समेत परिवार के 20 लोगों पर केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार।** पटीदार की जमीन कब्जा करने के आरोप में कोतवाली अयोध्या पुलिस ने भाजपा नेता बबलू खान उर्फ अनीस समेत उसके परिवार के 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़ित रईस खान निवासी मिर्जापुर माफी कोतवाली अयोध्या ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बबलू खान उर्फ अनीस उनके परिवार खानदान के हैं। वह गांव के एक जमीन के संक्रमणीय भूमिधर व कब्जेदार हैं। उनका व आरोपी के पिता के साथ पूर्व में उक्त जमीन का सरकारी बंटवारा हो चुका है।

# उच्चायुक्तों की नियुक्ति के फैसले का स्वागत: जयशंकर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां कनाडा की अपनी समकक्ष अनीता आनंद से मुलाकात की और नयी दिल्ली एवं ओटावा में दूतों की नियुक्ति को दोनों देशों के बीच संबंधों के पुनर्निर्माण की दिशा में एक 'स्वागत योग्य' कदम करार दिया। जयशंकर ने सोमवार को एक पोस्ट में कहा कि आज सुबह न्यूयॉर्क में कनाडा की विदेश मंत्री अनिता आनंद के साथ बैठक अच्छी रही। उन्होंने कहाकि हमारे संबंधों के पुनर्निर्माण के लिए उच्चायुक्तों की नियुक्ति स्वागत योग्य है। आज इस संबंध में आगे के कदमों पर चर्चा हुई। भारत में विदेश मंत्री आनंद का स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। भारत ने अगस्त में दिनेश पटनायक को कनाडा में भारत का

- कनाडा की अपनी समकक्ष से मुलाकात की



अगला उच्चायुक्त नियुक्त करने की घोषणा की थी। पटनायक ने पिछले सप्ताह कनाडा की गवर्नर जनरल मैरी साइमन को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। पटनायक 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं। भारत और कनाडा ने पिछले महीने एक-दूसरे की राजधानियों में दूत नियुक्त किए थे, जिससे 2023 में एक सिख अलगाववादी की हत्या के बाद खराब हुए संबंधों को सुधारने के दोनों देशों के प्रयासों का संकेत मिला था।

## विमान के लैंडिंग गियर में छिपकर आया व्यक्ति मृत पाया गया

**शार्लोट (अमेरिका), एजेंसी:** उत्तरी कैरोलाइना के एक हवाई अड्डे पर कर्मचारियों को यूरोप से आए एक विमान के लैंडिंग गियर में छिपकर आए एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शव रविवार सुबह उस समय मिला, जब विमान की हवाई अड्डे पर नियमित रखरखाव संबंधी जांच की जा रही थी।

पुलिस विभाग ने एक बयान में बताया कि मामले की जांच जारी है। मृतक के बारे में न तो संबंधित विमानन कंपनी ने और न ही पुलिस ने कोई जानकारी दी तथा न ही यह बताया गया कि विमान कहां से आया था। विमानन कंपनी ने बताया कि वह जांच के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि विमान के लैंडिंग गियर में छिपकर यात्रा करने वाले लगभग तीन-चौथाई लोग जीवित नहीं बच पाते।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (पं.), बरेली

पत्रांक:- 1006/लेखा/निविदा/क्षे.पं./2025-26 **निविदा सूचना** दिनांक: 27.09.2025

एतद्द्वारा समस्त ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग जिला पंचायत, राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड फतेहगंज (प.) बरेली को प्राप्त क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त/15 वां केन्द्रीय वित्त की प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य के निर्माण हेतु (आइटम रेट) पर सीलबन्द निविदाये आमंत्रित की जा रही हैं। निविदायें दिनांक 17.10.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक विकास खण्ड फतेहगंज (पं.) मुख्यालय बरेली में रखे निविदा बॉक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिनांक 17.10.2025 अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सार्वजनिक रूप से गठित कमेटी के द्वारा खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | स्वीकृति धनराशि (जी.एस.टी सहित) लाख रू. में | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम रफियाबाद में नवोदय विद्यालय रोड से गौशाला की ओर (गौशाला के कैम्पस में) अवशेष सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 110 मी. | 9.980 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 2 | ग्राम रफियाबाद में नवोदय विद्यालय रोड से गौशाला की ओर (तक) सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 135 मी. | 9.880 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 3 | ग्राम बसावनपुर में काशीराम के घर से नत्थूसेठ के घर तक नाला निर्माण कार्य | 180 मी. | 9.600 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 4 | ग्राम चकरपुर लमकन वी पैक्स में छत एवं दीवारों की मरम्मत कार्य, फर्श की उच्चीकरण, शौचालय का निर्माण कार्य | 1 वर्क | 9.985 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 5 | चकरपुर लमकन बी पेक्स में बाउन्ड्रीवाल मय गेट का निर्माण कार्य एवं अन्य कार्य | 65 मी. | 7.03 | 1400 | 8500 | 90 दिन |
| 6 | अगरास में बी पेक्स में बाउन्ड्रीवाल एवं अन्य जीर्णोद्धार का निर्माण कार्य | 60 मी. | 9.897 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 7 | ब्लाक परिसर कृषि रक्षा इकाई कार्यालय एवं गोदाम मरम्मत कार्य | 1 वर्क | 9.616 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 8 | ब्लाक परिसर में बाउन्ड्रीवाल का निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 1 वर्क | 5.429 | 1100 | 6500 | 90 दिन |
| 9 | ग्राम भमौरा में जय प्रकाश के घर से सुरेश के घर होते हुए पक्के रोड तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 160 मी. | 9.814 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 10 | ग्राम वसावनपुर में नन्दराम के घर से मन्दिर तक नाला निर्माण कार्य। | 170 मी. | 9.981 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 11 | ग्राम धौर सतुइया में नरेश के घर से बृजेश के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 140 मी. | 9.991 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 12 | ग्राम धन्तिया में असलम खां के घर से बुद्धसेन मौर्य के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 160 मी. | 9.836 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 13 | ग्राम भूड मढ़ौली में ओमसिंह यादव के घर से धूम सिंह के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 167 मी. | 7.663 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 14 | ग्राम अधकटा में ट्रांसफार्मर से बाबूराम के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 165 मी. | 9.977 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 15 | ग्राम बादशाह नगर में शंकर गिरि के घर से रामफल पंडित जी के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 160 मी. | 9.855 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 16 | ग्राम नारा में कैलाशगिरी के खेत से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 195 मी. | 9.475 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 17 | ग्राम खजुरिया प्रेमपुर में टंकी से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 170 मी. | 8.025 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 18 | ग्राम बगरऊ में चन्दसेन के घर से पंचायत घर तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 140 मी. | 9.88 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 19 | ग्राम नाराफरीदापुर में मुरारी लाल के घर से अवशेष नाला का नाला निर्माण कार्य | 100 मी. | 4.216 | 800 | 5500 | 90 दिन |
| 20 | ग्राम दिनरा में रामचन्द्र के घर से पंचायत घर तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 185 मी. | 9.991 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 21 | ग्राम दिनरा में श्यामा चरन के घर से सूर्य प्रसाद के घर तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 142 मी. | 9.897 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 22 | ग्राम दाढ़ा में मन्दिर से तिरपाल की दुकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 180 मी. | 7.539 | 1500 | 8500 | 90 दिन |
| 23 | ग्राम भोलापुर में ओमप्रकाश के घर से जीवनलाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 115 मी. | 9.925 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 24 | ग्राम खजुरिया में प्रेमपुर नहर रोड से मदनपाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 145 मी. | 9.991 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 25 | ग्राम केरा में राजेन्द्र प्रसाद के घर से कुंवरपाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 90 मी. | 4.486 | 900 | 5500 | 90 दिन |
| 26 | ग्राम दुगीपुर में जसवीर के घर से कुंवरपाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 140 मी. | 9.948 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 27 | ग्राम कुल्छा में दयाराम के घर से केशनप्रसाद के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 150 मी. | 7.116 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 28 | ग्राम रम्पुरा में नेमचन्द्र के घर से मोहनलाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 115 मी. | 9.989 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 29 | ग्राम खानपुर में खण्डसारी के घर से पोस्टर ऑफिस तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 162 मी. | 9.952 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 30 | ग्राम केरा में नरेश के घर से भारत सिंह के घर तक सी.सी. व नाली रोड निर्माण कार्य | 90 मी. | 3.859 | 800 | 4500 | 90 दिन |
| 31 | ग्राम सेवाज्वालापुर में भूपराम के घर से राजवती के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 115 मी. | 6.092 | 1200 | 7500 | 90 दिन |
| 31 | ग्राम रसूला में शकूरखां के घर से पुष्पपाल के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 160 मी. | 9.837 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 33 | ग्राम मंसूरगंज में कुल्छा रोड से स्कूल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 170 मी. | 8.939 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 34 | ग्राम मनकरी में शिव मन्दिर से अम्बेडकर सामुदायिक केन्द्र बारात घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 162 मी. | 9.977 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 35 | ग्राम मढ़ौली में टीकाराम पटवा के घर से सोमपाल यदुवंशी के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 50 मी. | 2.901 | 500 | 3500 | 90 दिन |
| 36 | विकास खण्ड में निर्मित सामुदायिक शौचालय का मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | 01 वर्क | 2.045 | 500 | 3500 | 90 दिन |

1. निविदा प्रपत्र का शुल्क बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार होगा जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (पं.) के पक्ष में देय होगा, 2. समस्त ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. रजि. एवं लेबर डिपार्टमेन्ट रजि. व पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी। 3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नही होगा। 4. निविदा को स्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. प्रत्येक निविदा दाता द्वारा रूपये 100/- के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र व 10/- स्टाम्प पेपर पर 90 दिन वेलिडीटी निविदा के साथ संलग्न कराना होग। 6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपखनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषय भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के शासनादेश सं. 3885/65-2010-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। 7. पंजीकृत ठेकेदारों को ठेका दिये जाने के पश्चात् कभी भी संज्ञान में आता है कि ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों में असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम अधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा 8. किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 9. निविदा फार्म क्रय किये जाने सामग्री से सम्बन्धित दिशा निर्देश अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (पं.) से दिनांक 27.09.2025 से दिनांक 17.10.2025 मध्यान्ह 12:00 बजे तक निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। 10. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (पं.) बरेली के पक्ष में बन्धक हो मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कराना अनिवार्य है तथा 5 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (पं.) बरेली के पक्ष में बन्धक को निविदा स्वीकृत उपरान्त अनुबन्ध के समय जमा करनी अनिवार्य होगी जो कि समाप्ति के बाद कार्य की गुणवत्ता ठीक होने पर एक वर्ष उपरान्त वापस की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**फतेहगंज (पं.), बरेली**

**ब्लाक प्रमुख**
**विकास खण्ड फतेहगंज (पं.), बरेली**



**न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (सी.डि.) महोदय, पीलीभीत**

उत्तराधिकार वाद संख्या:- 18 सन् 2025

खूब किरन आयु करीब 55 वर्ष पत्नी स्व. रामबहादुर, निवासी ग्राम मंत्रीबाग कॉलोनी, माधौटाण्डा रोड, चिडैयादाह, थाना सुनगढ़ी, तहसील व जिला पीलीभीत................प्रार्थिनी

**बनाम** मुनेन्द्र सिंह आयु करीब 35 पुत्र स्व. रामबहादुर, निवासी ग्राम मंत्रीबाग कॉलोनी, माधौटाण्डा रोड, चिडैयादाह, थाना सुनगढ़ी, तहसील व जिला पीलीभीत

हर खास आम को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी खून किरन द्वारा वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मृतक रामबहादुर की धनराशि के अदालत में योजित किया है, जो दर्ज रजिस्टर हो चुका है, जिसमें वास्ते आपत्ति एवं निस्तारण दिनांक 30.09.2025 तिथि नियत है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को भी प्रार्थना पत्र पर कोई आपत्ति हो, वह निश्चित तिथि पर दिन के 10:00 बजे व्यक्तिगत रूप से अथवा द्वारा अधिवक्ता आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा वाद तामील प्रार्थना पत्र का निस्तारण एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। आज दिनांक 17.09.2025 को यह इश्तेहार मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

**मुन्सरिम,**
**अदालत सिविल जज (सी.डि.)**
**पीलीभीत**



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बल्लिया तह. अमरिया जिला पीलीभीत में स्थित भूमि गाटा सं. 219 ग्राम समाज कब्रिस्तान की भूमि में दर्ज अभिलेख में 34 पेड़ शीशम, 4 पेड़ सागौन व 2 पेड़ यूकेलिप्टिस के कुल 40 पेड़ खड़े हैं जिसकी नीलामी दिनांक 03.10.2025 को समय 02:00 बजे तहसील सभागार अमरिया में तहसीलदार अमरिया नीलामी अधिकारी द्वारा किया जाएगा। सम्बन्धित ठेकेदार नीलामी में उक्त दिनांक व समय पर आकर नीलामी में बोली लगा सकते हैं।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बल्लिया, वि.खं. अमरिया (पीलीभीत)**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली)

पत्रांक : 1195/न.पा.परि.फ./2025-26 दिनांक : 25.09.25

**अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

समस्त ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली), नगर की पथ प्रकाश व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु एवं अन्य कार्यो को कराये जाने हेतु सीलबन्द कुटेशन दिनांक 04.10.2025 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त कुटेशनों को दिनांक 04.10.2025 को उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा सायं 04:00 बजे खोला जायेगा। कार्यो का विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | एल.ई.डी. लाइट 90 वाट मरम्मत कार्य | 50 नग | 07 दिवस |
| 2. | एल.ई.डी. लाइट 70 वाट मरम्मत कार्य | 50 नग | 07 दिवस |
| 3. | एल.ई.डी. लाइट 45 वाट मरम्मत कार्य | 50 नग | 07 दिवस |
| 4. | एल.ई.डी. लाइट 30 वाट मरम्मत कार्य | 50 नग | 07 दिवस |
| 5. | टैम्पों टाटा एस्य में सर्विस/मरम्मत व लोहे की चादर लगवाने का कार्य | 02 नग | 07 दिवस |
| 6. | रिक्शा ठेली मरम्मत कार्य | 10 नग | 07 दिवस |
| 7. | आपूर्ति झाडू | 05 कुण्टल | 07 दिवस |
| 8. | कलकल संस्थान पम्प नं. 01 पर कैमरा अधिष्ठापन कार्य | 06 नग | 07 दिवस |

नोट : शर्ते किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित पटल प्रभारी से प्राप्त की जा सकती है।

**(पुनीत कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली)**


**(शराफत)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली)**


# कॉरिडोर निर्माण के लिए रात्रि में लगाए गए श्रमिक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राममंदिर की परिधि में बने परकोटे के कार्य को पूरा करने के लिए रात्रि में भी श्रमिक लगा दिये गये हैं। दिन-रात चल रहे काम में गुणवत्ता का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। मंदिर के उत्तर और दक्षिण दिशा के कॉरिडोर को जोड़ने का काम किया जा रहा है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि भव्य आयोजन के साथ 25 नवंबर को मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद पूरा मंदिर परिसर को श्रद्धालुओं के लिए खुल जायेगा। भक्त परकोटा में स्थापित छह अन्य देवी-देवताओं और ऋषि मुनियों के सप्त मंडपम मंदिर में भी दर्शन कर सकेंगे। इसके पहले सभी कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि



- 25 नवंबर को मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण का आयोजन

मंदिर निर्माण के दौरान पर कोटा के उत्तरी और दक्षिणी भाग के कॉरिडोर में कुछ भाग को बड़े वाहनों के आवागमन के लिए छोड़ दिया गया था। अब मंदिर के सभी कार्य पूरे हो चुके हैं। अब इन कॉरिडोर को आपस में जोड़ने का काम अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद परिसर के विभिन्न स्थानों पर रख अतिरिक्त पत्थर आदि को हटाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रम को देखते हुए परिसर की साफ-सफाई समय से पूर्ण कर ली जाएगी।

## सांप ने महिला को डसा, जिला अस्पताल में गई जान

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव गिधौल निवासी मदनपाल पंजाब में रहकर मजदूरी करते हैं। साथ में उनकी पत्नी आरती और दो बच्चे रहते थे। शुक्रवार शाम परिवार के लोग पंजाब में खाना खाकर आराम कर रहे थे। इस दौरान आरती को सांप ने डस लिया। कुछ ही देर में उनकी हालत बिगड़ गई। मदनपाल पत्नी को गांव लेकर आए। पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी मान बहादुर सिंह ने बताया कि सांप के डसने से महिला की मौत हुई थी। परिजनों की ओर से शिकायत पत्र नहीं दिया गया है। अस्पताल से ही महिला की मौत की सूचना मिली थी।

## हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

### दूध लाते समय रास्ते में दामाद ने चाकू से किया था हमला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सास की चाकू से हत्या करने के आरोपी दामाद को अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 10 के न्यायाधीश सौरभ सक्सेना ने दोषी पाते हुए आजीवन कारावास समेत 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पहले पुलिस ने रिपोर्ट कातिलाना हमले में दर्ज की लेकिन इलाज के दौरान सास की मौत हो जाने पर मुकदमा हत्या करने में तरमीम किया गया था।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कस्बा व कोतवाली उझानी के मोहल्ला गंजशहीदा निवासी असलम पुत्र हसमुद्दीन ने कोतवाली में 28 दिसंबर 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा कि लगभग छह बजे उनकी पत्नी तनवीर दूध लेकर आ रही थीं। रास्ते में आकिल की आरा मशीन के पास उनका मोहल्ला अयोध्यागंज के सब्जी मंडी निवासी दामाद नाहिद आया। जिससे कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। असलम ने अपनी बेटी यानि उसकी पत्नी को भी वापस अपने घर बुला लिया था। रास्ते में नाहिद ने तनवीर के साथ गाली-गलौज की और उसके पेट में चाकू मार दिया था। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी। जिसके बाद मुकदमा तरमीम हो गया। अपर शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार मिश्रा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनकर दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## छेड़छाड़ के दोषी को चार साल कैद, 10 हजार जुर्माना

**बदायूं, अमृत विचार :** किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने चार साल की कैद समेत 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने थाना अलापुर में 23 मार्च 2023 को तहरीर देकर बताया था कि उसकी दो नाबालिग बेटियां दुकान पर साबुन और मोमबत्ती खरीदने के लिए गई थीं। गांव निवासी अंकित ने बेटी को दबोच लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। न्यायालय में अंकित पर किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी अंकित को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## नीलामी–सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरेली में अनुपयोगी साज–सज्जा/मशीन/उपकरण जहाँ है जिस स्थिति में है, की सार्वजनिक नीलामी संस्थान के प्रांगण में दिनांक 07 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 12:00 बजे निर्धारित शर्तों के अधीन की जायेगी।

इच्छुक क्रेता उक्त तिथि से 2 दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस में संस्थान में स्वयं के व्यय पर पधारकर सामान देख सकते हैं तथा शर्तों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नियम व शर्तें निम्नवत हैः–

1. नीलामी की वस्तुओं की बोली लगाने से पूर्व (विडर) क्रेता को न्यूनतम रूपये–5000.00 धरोहर धनराशि संस्थान के कैशियर के पास नगद जमा करना होगा। धनराशि जमा करने के पश्चात ही क्रेता नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकेगा।
2. उच्चतम नीलामी बोली पूर्ण होने के पश्चात कुल नीलामी बोली का 1/4 भाग (25 प्रतिशत) धनराशि संस्थान के कैशियर के पास तत्काल जमा करना होगा, जमा न करने की स्थिति में धरोहर धनराशि (न्यूनतम रूपये 5000.00) जब्त कर ली जायगी।
3. उच्चतम नीलामी बोली का 3/4 भाग (75 प्रतिशत) धनराशि+बिक्रीकर (GST) एवं अन्य शासकीय कर नीलामी प्रक्रिया का निदेशक महोदय से अनुमोदन प्राप्त होने के 07 दिन के भीतर संस्थान में नगद जमा करना होगा।
4. निदेशक महोदय से अनुमोदन प्राप्ति के पश्चात 10 दिन के भीतर 3/4 भाग (75 प्रतिशत) धनराशि तथा बिक्रीकर (जी0एस0टी0) एवं अन्य शासकीय कर जमा न करने की स्थिति में पूर्व जमा 25 प्रतिशत धनरशि जब्त कर ली जायेगी।
5. नीलामी की वस्तुओं को विलम्बवत् 10 दिन के भीतर संस्थान के भण्डार से स्वयं के व्यय पर उठाना होगा। 10 दिन के भीतर न उठाने की दशा में निर्धारित दर से भण्डार के कक्षों का किराया वसूला जायेगा।
6. अंतिम नीलामी बोली के अतिरिक्त नियमानुसार बिक्री एवं अन्य कर अलग से वसूला जायेगा।
7. समस्त नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष/अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा, उक्त के सम्बन्ध में कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं किया जायेगा।
8. नीलामी में भाग लेने के लिये बोली कर्ता को एक फोटोयुक्त आई0डी0 की छायाप्रति जोकि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्य हो एवं दो फोटो लाना आवश्यक है।
9. नीलामी में भाग लेने के लिये बोली कर्ता का ही जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति, हैसियत प्रमाण–पत्र एवं पैन कार्ड की छाया प्रति लाना आवश्यक है।
10. नीलामी में प्रतिभाग हेतु संस्थान द्वारा जारी नीलामी प्रवेश–पत्र प्राप्त करने का समय प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक ही रहेगा। इच्छुक बोली कर्ता निर्धारित समय से नीलामी प्रवेश–पत्र प्राप्त कर लें, निर्धारित समय के पश्चात किसी को प्रवेश–पत्र जारी नहीं किया जायेगा। नीलामी हाल में वही बोली कर्ता रहेंगें जिन्हें प्रवेश–पत्र जारी किया गया।
11. बोली कर्ता को नीलामी हेतु जारी प्रवेश–पत्र के साथ फोटोयुक्त आई0डी0, जी0एस0टी0 प्रमाण–पत्र, पैन कार्ड, हैसियत प्रमाण–पत्र, दो फोटो सहित धरोहर धनराशि (न्यूनतम रूपये–5000.00) संस्थान के कैशियर के पास 12:00 तक जमा करने के उपरान्त प्रवेश–पत्र की द्वितीय प्रति प्रदान की जायेगी। निर्धारित समय 12:00 बजे के पश्चात प्रवेश–पत्र की द्वितीय प्रति प्रदान नहीं की जायेगी।
12. केवल प्रवेश–पत्र धारक बोली कर्ता ही नियत स्थान पर अपरान्ह 12:30 बजे बोली लगाने का पात्र होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित होगा।
13. समस्त विवाद का न्याय क्षेत्र बरेली होगा।

दिनांक – 18.09.2025

(टीकम शरण)
प्रधानाचार्य
राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरेली

UP – 238237 दिनांक: 26/09/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


**HIRING OF VOCATIONAL TRAINERS**
(Contractual Basis)

Valeur Fabtex Private Limited, invites applications from candidates with prescribed qualification & Experience for Engagement as **Vocational Trainers** – Plumbing - 55, Automotive - 16, Construction - 4, IT-ITES - 4 Beauty & Wellness - 4 **(Total No. of Positions: 81)** to be engaged in Government Schools in the state of **Uttar Pradesh**

| Trade | Postion | Qualification |
|---|---|---|
| Plumbing | 55 | B. Tech in Civil Engineering/Agricultural Engineering/Mechanical Engineering/ B.Voc. (Bachelor in Vocational) from a recognized Institute/ University, with at least 1-year work/teaching experience **OR** Diploma in Civil engineering /Agricultural Engineering/Mechanical Engineering with 2 years' work/teaching experience |
| Automotive | 16 | Degree in Automobile Engineering/Mechanical Engineering from a recognized Institute /University, with at least 1 year work/teaching experience **OR** B. Voc (Bachelor in Vocational) in Automobile with at least 1 year work /teaching experience) **OR** Diploma in Automobile Engineering/Mechanical Engineering from a recognized Institute /University, with at least 3-year work / teaching experience |
| Construction | 04 | B. Tech in Civil Engineering from a recognized Institute/University, with at least 1 year work / teaching experience **OR** Diploma in Civil engineering with 2-year work / teaching experience |
| IT-ITES | 04 | Bachelor Degree in Computer Application/ Computer Science/ Information Technology (BCA, B. Tech & B. Sc in Computer Science/ Information Technology) with minimum of 1 Year teaching/experience **OR** Graduate with PGDCA OR DOEACC 'A' Level Certificate with minimum of 1 Year teaching/experience **OR** Diploma in Computer Science/ Information Technology with minimum of 1 Year teaching/experience |
| Beauty & Wellness | 02 | Diploma in Cosmetology/beauty therapy/beauty culture from a recognized Institution. Minimum1 year work/teaching experience in the relevant field. |

**Minimum Competency:** 1. Effective communication skills in English & Local Language (oral and written)
2. The candidate should have domicile of Uttar Pradesh
3. Basic computing skills

**Pre-Requisite:** Age Limit-18-37 years (As on Jan. 01 2025) Age relaxation to be provided as per Govt. Rules.

**Vocational Trainer – All-inclusive Gross Honorarium 15,000/– Per month**

**Note :-** All communication for job application to be done through e-mails. All positions purely on Contractual basis. This is not a Government Job and the selection process is strictly based on merit and management reserves the right to accept/reject an application without assigning any reasons whatsoever. Last date for receipt of **CV: 4th October 2025**. Only shortlisted candidates will be called for written and Personal interview. Interested Candidates can fill Google form - https://forms.gle/MnkYhD7fJpzRX3uG6 or can send updated CV on this. **Mail ID - HR1@valeurfabtex.com**

**For Queries Contact : 9810682936**


## मकान का बीम ढहने से छह घायल

मझगई, **अमृत विचार:** गांव गंगाबेहड़ के मजरा रामपुर निवासी उत्तम कुमार मौर्य ने बताया कि परिवार के लोग सो रहे थे। रात में छत का बीम नीचे आ गिरा। बीम की चपेट में आकर मकान में सो रही मिश्रीलाल की बेटी सावित्री देवी गंभीर घायल हो गईं।अनूप कुमार समेत करीब छह लोग चोटिल हो गए।तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल सावित्री देवी और अनूप कुमार को एंबुलेंस 108 से सीएचसी भेजा गया। बीम गिरने से मकान का एक हिस्सा लटक गया, पूरा ढांचा न गिरने से बड़ी दुर्घटना टल गई। लेखपाल अभिषेक राठौर ने हालात का जायजा लिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को पुनर्वास व आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## कार्यालय सहायक निदेशक, मत्स्य, लखीमपुर–खीरी।

पत्रांकः– 135/नदी मत्स्याखेट/ठेका पट्टा/2025–26 दिनांक :– 23.09.2025

विज्ञप्ति नदी पट्टा/ठेका आवंटन

शासनादेश संख्या–33/1–2–2019–19(रिट)/2018 राजस्व अनुभाग–2 दिनांकः 10.01.2019 में दी गई व्यवस्था के अनुसार जनपद लखीमपुर–खीरी की तहसील धौरहरा के भौगोलिक क्षेत्राधिकार में पडने वाली निम्न विवरण की नदियों के मत्स्य आखेट के पट्टा/ठेका वर्ष 2025–26 हेतु प्रतिबन्धित अवधि को छोडकर स्वीकृत के दिनांक से 31.05.2026 तक के लिये निम्न विवरण की निर्धारित तिथि/समय/स्थान पर आवंटन के निर्धारित दिनांक को उक्त वर्णित शासनादेश में निहित व्यवस्था के क्रम में मत्स्य जीवी सहकारी समितियां पट्टा/ठेका का आवंटन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकती है। पट्टा/ठेका की शर्तो/न्यूनतम आरक्षित मूल्य की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सहायक निदेशक मत्स्य जनपद–लखीमपुर–खीरी के कार्यालय कमरा सं0 21–22, विकास भवन, लखीमपुर–खीरी से प्राप्त कर सकते है। नीलामी से पूर्व रु0 100/– के स्टाम्प पर समिति के सचिव/अध्यक्ष की ओर से आवंटित पट्टे में शिकारमाही का कार्य समिति के सदस्यों से कराने, नियमानुसार पारिश्रमिक/लाभांश समिति सदस्यों को भुगतान करने, समिति का समस्त लेन–देन समिति के बैंक खाते से करने, समिति के पदाधिकारी के रुप में कोई बिचौलिया/ठेकेदार न होने व समिति में कोई विवाद की स्थिति न होने से सम्बन्धित शपथ पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही समाप्त वित्तीय 2024–25 तक की आडिट रिर्पोट व समिति की सामान्य निकाय से पट्टा/ठेका आवटंन में प्रतिभाग करने के एवं समिति के ठेके की लगान, अनुबन्ध में स्टाम्प देयता, अंगुलिका संचय के लिये आवश्यक धन की व्यवस्था के सम्बन्ध में पारित प्रस्ताव के साथ आवेदन करना होगा व न्यूनतम आरक्षित मूल्य की धनराशि मत्स्य विकास निधि, लखीमपुर–खीरी के नाम से बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करनी होगी। आवटंन की स्वीकृति जिलाधिकारी महोदया से अनुमोदन के उपरान्त दी जायेगी, अनुबन्ध हेतु निर्धारित/नीलामी मूल्य पर स्टाम्प शुल्क नियमानुसार देय होगा।

| तहसील का नाम | नदी का नाम | जलधारा का क्षेत्र कहाँ से | कहाँ तक | जलधारा की लम्बाई (किमी०में) | न्यूनतम आरक्षित मूल्य | पट्टा/ठेका हेतु निर्धारित दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धौरहरा | शारदा नदी | समदहा | ऐरा | 8 किमी0 | 47000 | प्रत्येक माह की 06 एवं 15 तारीख | अपरान्ह 12:00 बजे से 02:00 बजे तक | तहसील धौरहरा, सभागार |
| | | मड़वा | महेवा | 8 किमी0 | 47000 | | | |
| | | लखपेड़ा | खनवापुर | 8 किमी0 | 47000 | | | |
| | | रंजीतनगर | भूड़ा–मूड़ी | 8 किमी0 | 47000 | | | |
| | | भूड़ा–मूड़ी | समरदाबदाल | 8 किमी0 | 47000 | | | |
| | | चकनाथपुर | राजापुर भज्जा | 8 किमी0 | 47000 | | | |
| | | डाबर | दुर्गापुर पड़री | 8 किमी0 | 47000 | | | |
| | | दुर्गापुर पड़री | गोढ़ी | 7 किमी0 | 41125 | | | |
| | घाघरा नदी | सुजानपुर | रामनगर बगहा | 5 किमी0 | 29375 | | | |
| | | रामनगर बगहा | हौकना मटेरा | 5 किमी0 | 29375 | | | |
| | | जंगल मटेरा | परसा | 4 किमी0 | 23500 | | | |
| | | परसा | कैरातीपुरवा | 1 किमी0 | 5875 | | | |
| | | कैरातीपुरवा | बेलागढ़ी | 5 किमी0 | 29375 | | | |
| | | सधुवापुर | लौकाही मल्लापुर | 5 किमी0 | 29375 | | | |
| | | लौकाही | गोढ़ी | 2 किमी0 | 11750 | | | |

UP – 238207 दिनांक: 26/09/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

प्रभारी,
सहायक निदेशक मत्स्य
लखीमपुर–खीरी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।

पताः– ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांकः– 1759/ग्रा0अ0वि0/निविदा–पत्रा0/बाण्ड क्लर्क/2025–26 दिनांकः– 16.09.2025

–:: निविदा सूचना ::–

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन/सडक निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0,डी0 एवं ई0 श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2– तालिका के अनुसार कार्यो का विवरणः–

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (GST सहित) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरेली | ग्राम मनौना में सार्वजनिक स्थान पर शीतल जल प्याऊ का अधिष्ठापन कार्य। (वि0नि0 – रामनगर) | 4.875 | 9800.00 | 766.00 | 03 माह |
| 2 | बरेली | ग्राम डोहरा में लालपुर रोड पर महामाया विहार पब्लिक स्कूल परिसर में शीतल जल प्याऊ का अधिष्ठापन कार्य। (वि0नि0 – बिथरी चैनपुर) | 3.289 | 6600.0 | 677.00 | 03 माह |
| 3 | बरेली | मोहल्ला मढ़ीनाथ में मौर्य छात्रावास के पास शीतल जल प्याऊ का अधिष्ठापन कार्य। (वि0नि0 – बरेली नगर) | 3.289 | 6600.0 | 677.00 | 03 माह |
| 4 | बरेली | ग्राम गोपालपुर अजीजपुर में आदर्श निकेतन इण्टर कालेज परिसर में शीतल जल प्याऊ का अधिष्ठापन कार्य। (वि0नि0 – भोजीपुरा) | 3.289 | 6600.0 | 677.00 | 03 माह |
| 5 | बरेली | ग्राम भिलईया में अचीवर्स एकेडमी परिसर के पास शीतल जल प्याऊ का अधिष्ठापन कार्य। (वि0नि0 – बहेड़ी) | 3.289 | 6600.0 | 677.00 | 03 माह |
| 6 | बरेली | ग्राम सेडा में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में शीतल जल प्याऊ का अधिष्ठापन कार्य। (वि0नि0 – शेरगढ़) | 3.289 | 6600.0 | 677.00 | 03 माह |
| 7 | बरेली | ग्राम हरेली में हरेली चौराहा मंदिर के पास, ग्राम मेवा पट्टी मे मेवा तिराहा ट्रांसफार्मर के पास, ग्राम बिलपुर में अतुनगला चौराहे पर, ग्राम नखी सिंधवा मे नखी बाज़ार चौराहे पर ग्राम रम्पुरिया मे रम्पुरिया बाज़ार चौराहा पश्चमी पुलिया पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–फरीदपुर) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 8 | बरेली | ग्राम खनी नवादा में मंदिर के पास खनी नवादा तिराहा पर, ग्राम भीकमपुर मे भीकमपुर तिराहा पर, ग्राम उचसिया में पंचायत घर के पास तिराहा पर, ग्राम रजऊ परसपुर मे रजऊ चौराहा पर, ग्राम सरकडा मे धर्मपाल के घर के पास तिराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–फरीदपुर) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 9 | बरेली | ग्राम नौगवां मे पुराना शिवमंदिर के पास चौराहा पर, ग्राम रसूझ्या मे नेतराम मौर्य के घर के पास चौराहा पर, ग्राम दिथोका मे तिरलोकी नाथ के घर के पास चौराहा पर, ग्राम जेड मे सुखलाल गुप्ता के पास रजऊ तिराहे पर, ग्राम मगनापुर में दीनानाथ के मकान के पास चौराहा पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–फरीदपुर) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 10 | बरेली | ग्राम जिगनिया मे बनवारी लाल के घर के पास, ग्राम बिलहरा मे स्कूल के पास, ग्राम दियोरनिया मे यात्री शेड के पास चौराहा पर, ग्राम गोपालपुर मे जयराम पाली के घर के पास चौराहे पर ग्राम रजनापुर में ओमकार सिंह यादव के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–फरीदपुर) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 11 | बरेली | फरीदपुर में वृन्दावन रेस्टोरेंट के पास, फरीदपुर में कोतवाली फरीदपुर गेट पर, फरीदपुर में कश्यप मंदिर फरीदपुर पर, ग्राम रंधोली कलां मे बारातघर के सामने, ग्राम ढनठूली में नन्हे लाल प्रधान जी के घर के पास चौराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–फरीदपुर) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 12 | बरेली | ग्राम खुर्द मे उजागर सिंह के घर के पास चौराहे पर, ग्राम सरकडा (सरकडिया) मे चौराहे पर, ग्राम मैनी मे मुंशीलाल कश्यप के घर के पास मेन रोड पर, ग्राम महेशपुर में सुरजपाल कश्यप के घर के पास चौराहे पर फरीदपुर मे रेलवे स्टेशन के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–फरीदपुर) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 13 | बरेली | ग्राम उचसिया मे ग्लेरियस कॉलेज के पास, ग्राम गुलडिया मकरंदपुर में जगदीश के घर के पास चौराहे पर, ग्राम किसुर्रा में तारीफ पाल के घर के पास चौराहे पर, फरीदपुर मे फ्यूचर यूनिवर्सिटी गेट पर, ग्राम अमरेख मे रामकिशोर के घर के पास चौराहे पर, हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–फरीदपुर) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 14 | बरेली | फरीदपुर में डॉ अनिल मिश्रा जी के घर के पास, फरीदपुर मे गौरव ग्वाल जी के हिसाब से, फरीदपुर में अतीश अग्रवाल जी के हिसाब से, फरीदपुर में पंकज श्रीवास्तव जी के हिसाब से फरीदपुर में अनिल राजपूत जी के हिसाब से हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–फरीदपुर) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 15 | बरेली | ग्राम रिछा में वृद्धाश्रम पर, ग्राम भुता में श्री जगमोहन सिंह यादव की दुकानों के बाहर रोड पर, ग्राम पड़ौली में रामौतार मौर्य और लालाराम गंगवार और हरिओम मौर्य के चौराहे पर ग्राम सिमरा बहोरन नगला में निर्भय पाठक के तिराहे पर, ग्राम रम्पुरा प्रवीन में अस्पताल के तिराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। । (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 16 | बरेली | ग्राम रूपापुर में बाबूराम व रोशन लाल के घर के पास तिराहे पर, ग्राम पटना में होली चौराहे पर चतुर बिहारी व सुखलाल के घर के पास, ग्राम रूपियापुर में मेवाराम की चौपाल के पास चौराहे पर, ग्राम गिरधरपुर में कश्यप लोगों के घर के सामने, ग्राम डडिया नवाजिश अली में प्रदीप गंगवार के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 17 | बरेली | ग्राम खमरिया में ब्रजपाल के मकान के पास, ग्राम अदीनापुर में गांव के अन्दर मंदिर पर, ग्राम बंजरिया में जयपाल के चौराहे पर, ग्राम रसूला में होली चौराहे पर, ग्राम गंगापुर में होली चौक पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 18 | बरेली | ग्राम ककरा कलां में ज्वाला प्रसाद डाकिया के घर के पास, ग्राम बमिया में ब्रहमदेव के थान पर ज्ञानी के घर के पास, ग्राम शंकरपुर में मौर्य अथवा खटिक लोगों की तरफ, ग्राम अठाना में महिपाल के मकान के पास तिराहे पर, ग्राम वाहनपुर में गांव के मध्य रोड पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 19 | बरेली | ग्राम बेवल बरकतपुर में मंदिर के पास, ग्राम खटेली में प्राईमरी स्कूल के पास, ग्राम कुरमुरी में नेमचन्द्र वर्मा के मकान के सामने चौराहे पर, ग्राम सुन्हा में राममूर्ति लाल कश्यप व वृंदावन गंगवार के घर के पास वाले चौराहे पर, ग्राम रावल कलां में चन्द्रपाल की दुकान के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 20 | बरेली | ग्राम मिर्जापुर में पंचायत घर के पास, ग्राम गुलड़िया हजारी लाल में रामौतार पंडित जी व हरीश पंडित जी के घर के पास, ग्राम गजनेरा में जयंती प्रसाद मौर्य के घर के पास, ग्राम दौलतपुर में रवि पाठक के मंदिर के पास तिराहे पर, ग्राम करैना में तिलक राम गंगवार के मकान के पास तिराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 21 | बरेली | ग्राम गुलुपुरा में नरेश प्रधान जी के घर पर, ग्राम बरूआ हुसैनपुर में वीरपाल कश्यप के घर के सामने, ग्राम सिमरा केशोपुर में होली चौराहा शिव मंदिर के पास, ग्राम भरतपुर उर्फ आगरा में प्राथमिक विद्यालय के पास, ग्राम कल्यानपुर इ0 बिलौआ में होली चौराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 22 | बरेली | ग्राम भगवानपुर इ0 जिही में प्रजापति और राठौर लोगों के घर के पास चौराहे पर, ग्राम उदयपुर भीकमपुर में देवस्थान मढ़ी पर, ग्राम भुता में गुरुद्वारा गजनेरा रोड पर, ग्राम गुलाबनगर में पाल लोगों में चौराहे पर, ग्राम फैजनगर में कश्यप लोगों में चौराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 23 | बरेली | ग्राम नगीरामपुर में भूमिसेन पर, ग्राम सुनौरा मुरारपुर में गौटिया रोड पर, ग्राम पउनगला में बीडीओ आवास पर, ग्राम शहबाजपुर में धोबी चौक पर, ग्राम कुआंडांडा में कुलदीप सिंह के घर के पास चौराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 24 | बरेली | ग्राम इमलिया में किसान लोगों के चौराहे पर, ग्राम सलेमपुर में देवी के स्थान पर, ग्राम खनपुरा में रामदीन गंगवार की दुकान के पास चौराहे पर, ग्राम मेहतरपुर तिजासिंह में होली चौराहे के पास, ग्राम पिपरथरा में सुशील बाबा जी के पास तिराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 25 | बरेली | ग्राम डभौरा में देव स्थान पर, ग्राम मलुहा में पाकड़ की तरफ मंदिर पर, ग्राम खरदाह इ0 कुआंडांडा में पंचायत घर के पास, ग्राम बुधौली में बाल्मीकि चौराहे पर, ग्राम अम्रता में गंगवार लोगों में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 26 | बरेली | ग्राम बुधौली में कश्यप गौटिया में, ग्राम डडिया हेतराम में कश्यप लोगों में चौराहे पर, ग्राम सुकटिया मढ़ी में चौराहे वाले मंदिर पर, ग्राम इनौनिया मोहनपुर में चौराहे पर, ग्राम शेखापुर में ब्राहम्ण लोगों में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 27 | बरेली | ग्राम भुता में सुनील यादव के हिसाब सेण ग्राम भुता में पुष्पेन्द्र बघेल के हिसाब से, ग्राम भुता में अतुल के हिसाब से, ग्राम भुता में शेर सिंह मौर्य के हिसाब से ग्राम भुता में गजेन्द्र सिंह के हिसाब से हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। (वि0नि0–भुता) | 8.639 | 17300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 28 | बरेली | कम्पोजिट स्कूल औरंगाबाद में इंटरलॉकिंग कार्य। (क्रिटिकल गैप्स–फरीदपुर) | 3.838 | 7700.00 | 677.00 | 03 माह |
| 29 | बरेली | राजकीय हाईस्कूल औरंगाबाद में इंटरलॉकिंग कार्य। (क्रिटिकल गैप्स–फरीदपुर) | 4.503 | 9100.00 | 677.00 | 03 माह |
| 30 | बरेली | लिलौर झील (यक्ष सरोवर) के पास एक टवाय ट्रेन स्टेशन एवं यार्ड का निर्माण कार्य। (वि0ख0–रामनगर) | 7.52 | 15100.00 | 766.00 | 03 माह |
| 31 | बरेली | लिलौर झील (यक्ष सरोवर) के किनारे एक टवाय ट्रेन स्टेशन का निर्माण कार्य।(वि0ख0–रामनगर) | 5.08 | 10200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 32 | बरेली | प्राथमिक विद्यालय कमुआ कला विकास खण्ड बिथरी चैनपुर में शौचालय निर्माण कार्य।(वि0ख0–बिथरी चैनपुर अन्य योजना) | 1.190 | 2400.00 | 589.00 | 03 माह |
| 33 | बरेली | लिलौर झील के उत्तर तटबंध पर इण्टरलॉकिंग पथ का सौन्दर्यकरण/निर्माण कार्य (चेनेज 285–430 मी0 तक)। (वि0ख0–रामनगर) | 9.980 | 20000.00 | 854.00 | 03 माह |
| 34 | बरेली | लिलौर झील के उत्तर तटबंध पर इण्टरलॉकिंग पथ का सौन्दर्यकरण/निर्माण कार्य (चेनेज 430–585 मी0 तक)। (वि0ख0–रामनगर) | 9.990 | 20000.00 | 854.00 | 03 माह |
| 35 | बरेली | लिलौर झील के उत्तर तटबंध पर इण्टरलॉकिंग पथ का सौन्दर्यकरण/निर्माण कार्य (चेनेज 585–865 मी0 तक)। (वि0ख0–रामनगर) | 9.990 | 20000.00 | 854.00 | 03 माह |

3. निविदा विक्री की अवधि : दिनांकः– 24.10.2025 से 27.10.2025 तक (पूर्वान्ह 11.00 वजे से अपरान्ह 4.00 वजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 28.10.2025 को मध्याहन 12:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद–बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 28.10.2025 अपरान्ह 12:30 बजे
अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :–1– उपरोक्त समस्त निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।
2– क्रमांक–07 से क्रमांक–27 तक की निविदाओं हेतु विद्युत विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड, बरेली।

UP-238320 दिनांक 26.09.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।

पताः– ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांकः– 1762/ग्रा0अ0वि0/निविदा–पत्रा0/बाण्ड क्लर्क/2025–26 दिनांकः– 16.09.2025

–:: निविदा सूचना ::–

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन/सडक निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0,डी0 एवं ई0 श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2– तालिका के अनुसार कार्यो का विवरणः–

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (GST सहित) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरेली | वार्ड– 5 हैप्पी यादव के मकान से किशन लाल के मकान तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 1.070 | 2200.00 | 589.00 | 03 माह |
| 2 | बरेली | वार्ड– 6 नवादा शेखान चरण धोबी वाली गली में सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 1.941 | 3900.00 | 589.00 | 03 माह |
| 3 | बरेली | वार्ड न०– 12 विकास नगर में ऋषिपाल से डॉ भानुपल के घर तक सी०सी० टाइल्स सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 9.140 | 18300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 4 | बरेली | वार्ड– 12 में वासुदेव शर्मा जी के मकान से सर्वेश जी के मकान होते हुए खण्डसारी के मकान सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 7.518 | 15100.00 | 766.00 | 03 माह |
| 5 | बरेली | वार्ड न०– 12 शांति विहार प्रजापति कॉलोनी में रिंकू शर्मा के मकान से सत्यदेव शर्मा के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 6.860 | 13800.00 | 766.00 | 03 माह |
| 6 | बरेली | वार्ड– 4 में पाले सरदार की दुकान से मनु शर्मा के मकान तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 2.148 | 4300.00 | 589.00 | 03 माह |
| 7 | बरेली | वार्ड न०– 12 में गौरव के मकान से अस्वनी वर्मा के मकान तक सी०सी० टाइल्स सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 8.425 | 16900.00 | 766.00 | 03 माह |
| 8 | बरेली | वार्ड– 38 बेनीपुर में शंकर लाल मौर्या के मकान से चेतराम के मकान तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 0.939 | 1900.00 | 559.00 | 03 माह |
| 9 | बरेली | वार्ड– 13 गणेश नगर में लेखराज के मेडिकल स्टोर से निक्की जनरल स्टोर की ओर सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 9.952 | 20000.00 | 766.00 | 03 माह |
| 10 | बरेली | वार्ड– 4 में देवी के मकान से रना के मकान तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 2.012 | 4100.00 | 589.00 | 03 माह |
| 11 | बरेली | वार्ड– 4 सरदार जी की दुकान से मिश्रा क्लिनिक तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 4.319 | 8700.00 | 677.00 | 03 माह |
| 12 | बरेली | वार्ड– 13 टावर से जयपाल के मकान तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 5.613 | 11300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 13 | बरेली | वार्ड– 21 डा०सी०पी०एस० चौहान के पास अमित पाल वाली में सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 0.931 | 1900.00 | 559.00 | 03 माह |
| 14 | बरेली | वार्ड– 21 अवधेश चौहान से मौर्या जी के मकान तक तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 5.920 | 11900.00 | 766.00 | 03 माह |
| 15 | बरेली | वार्ड– 38 बेनीपुर में प्रेमपाल से बबलू के मकान तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 4.820 | 9700.00 | 677.00 | 03 माह |
| 16 | बरेली | वार्ड– 38 बेनीपुर में राजेन्द्र वाली गली में सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 2.310 | 4700.00 | 589.00 | 03 माह |
| 17 | बरेली | वार्ड– 38 बेनीपुर में मेन रोड से पंडित जी के घर तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 3.420 | 6900.00 | 677.00 | 03 माह |
| 18 | बरेली | वार्ड– 38 बेनीपुर में ग्रीश के मकान से उमेश के मकान तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 2.881 | 5800.00 | 677.00 | 03 माह |
| 19 | बरेली | वार्ड– 13 शांति विहार में श्याम सिंह चौहान के घर वाली गली में अंत तक रोड सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 6.570 | 13200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 20 | बरेली | वार्ड– 13 गणेश नगर में गली न० 13 सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 2.940 | 5900.00 | 677.00 | 03 माह |
| 21 | बरेली | वार्ड– 13 निरवाहन सिंह से देशराज के मकान तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 3.010 | 6100.00 | 677.00 | 03 माह |
| 22 | बरेली | वार्ड– 13 गणेश नगर में गली न० 12 सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 2.820 | 5700.00 | 677.00 | 03 माह |
| 23 | बरेली | वार्ड– 04 लाल मंदिर के पीछे कमल के घर से शिव शंकर के घर से होते हुए राम सेवक मोरपाल के घर तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 4.240 | 8500.00 | 677.00 | 03 माह |
| 24 | बरेली | वार्ड– 04 श्याम सुन्दर से नथुलाल के मकान तक सी० सी० सड़क निर्माण कार्य।(वि0नि0 – कैण्ट क्षेत्र) | 3.403 | 6900.00 | 677.00 | 03 माह |

3. निविदा विक्री की अवधि : दिनांकः– 03.11.2025 से 06.11.2025 तक (पूर्वान्ह 11.00 वजे से अपरान्ह 4.00 वजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 07.11.2025 को मध्याहन 12:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद–बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 07.11.2025 अपरान्ह 12:30 बजे
अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :–उपरोक्त समस्त निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

UP – 238318 दिनांक: 26/09/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड, बरेली।

# अमृत विचार

मंगलवार, 30 सितंबर 2025




सोने और खाने का नाम जिंदगी नहीं है, आगे बढ़ते रहने की लगन का नाम ही जिंदगी है।

-प्रेमचंद, साहित्यकार



## रसूल के नाम पर

कानपुर में 'आई लव मुहम्मद' का पोस्टर लगाने से उपजा विवाद धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में तनाव का कारण बनता जा रहा है। बरेली में हालात इतने बिगड़े कि पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए इंटरनेट तक बंद करना पड़ा। ये विवाद अब दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया है। रसूल-ए-इश्क का इस तरह से इजहार करने वाले लोग आशिक-ए-रसूल नहीं हो सकते! अभी तक के जो हालात हैं, वह जाहिर करते हैं कि ऐसे चुनिंदा लोगों का मकसद रसूल से अपनी मुहब्बत का इजहार करने से ज्यादा विवाद खड़ा करना है। यही वजह है कि यह मामला तनाव का सबब बन गया है। ऐसे लोग तनाव पैदा करके किनारे हो जाते हैं, लेकिन उसकी तपिश में तमाम लोग झुलस जाते हैं।

ये लोग कौन हैं जो रसूल से इश्क का इजहार करके तनाव पैदा कर रहे हैं! इनके इरादे नेक नहीं कहे जा सकते। विवाद ऐसे समय में खड़ा करके प्रदेश भर में तनाव के हालात पैदा किए जा रहे हैं, जबकि दूसरे समुदाय के पर्व चल रहे हैं। त्योहारी सीजन में बाजार में बूम आता है और जमकर खरीदारी होती है। दोनों ही समुदाय के कारोबारी इस त्योहारी सीजन में अच्छा कारोबार करते हैं। इस बार का त्योहारी सीजन कारोबार के लिहाज से और भी ज्यादा मुफीद होने वाला था। जीएसटी से मिली छूट का भी असर बाजार पर दिखना था। ऐसे समय में आई लव मुहम्मद के बहाने सांप्रदायिक माहौल खराब करने का सीधा असर कारोबार पर भी दिख रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने भी आशंका जाहिर की है कि इस समय आई लव मुहम्मद का विवाद खड़ा करने वाले प्रदेश के विकास को नहीं देखना चाहते हैं।

इस्लाम के बुनियादी उसूल कहते हैं कि मजहब के नाम पर किसी को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। मुहम्मद साहब खुद उस बूढ़ी महिला के बीमार होने पर उसका हाल लेने गए थे, जो रोजाना उनपर कूड़ा फेंका करती थी। धर्म के नाम पर विवाद पैदा करने वाले लोगों को इस्लाम के बुनियादी उसूलों को समझना होगा। मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु भी आई लव मुहम्मद के प्रदर्शन के तरीके को अच्छा नहीं समझते हैं। बीते दिनों कानपुर में कान्फ्रेंस में हिस्सा लेने आए अंतर्राष्ट्रीय धर्मगुरु और आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खलीलुर्रहमान सज्जाद नोमानी ने भी कहा है कि आई लव मुहम्मद का इस्तेमाल किसी को उकसाने या भड़काने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इन शब्दों का इस तरह से इस्तेमाल किया जाना चाहिए कि परिणाम अच्छा निकले। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन और लखनऊ के शाही इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगीमहली भी स्वीकार करते हैं कि हाथ में पोस्टर लेकर आई लव मुहम्मद का इजहार करना उचित और सभ्य तरीका नहीं है। ये सोचना होगा कि रसूल-ए-इश्क के इजहार के नाम पर हम किसी फिरकापरस्त ताकत के हथियार न बनें। अगर हम गलत हाथों में खेलते हैं और माहौल बिगड़ता है तो कानून अपना काम करेगा। इसे किसी कौम, धर्म या संप्रदाय के खिलाफ कार्रवाई से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। कानून का काम समाज में अमन कायम करना है और इसे कायम करने के लिए प्रशासन सख्ती बरतने से नहीं चूकेगा।

### प्रसंगवश

## धरोहर संरक्षण की राह दिखाती जांगल जात्रा

हमारे देश की पहचान उसकी समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर से है, लेकिन अक्सर यही धरोहरें उपेक्षा का शिकार हो जाती हैं। हाल ही में राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले से निकली एक अनोखी यात्रा ने इस स्थिति को बदलने का संकल्प लिया है। 'जांगल जात्रा' के नाम से निकली इस यात्रा का मकसद केवल स्थानीय धरोहरों को पहचान दिलाना भर नहीं है, बल्कि पूरे देश को यह प्रेरणा देना है कि हम सब अपने-अपने क्षेत्र की धरोहरों को मुख्यधारा के पर्यटन और विकास से जोड़ें।

जिन स्थानों को इस यात्रा से जोड़ा गया, उनका ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक लिहाज से बहुत महत्व है, लेकिन पर्यटन के लिहाज से ये स्थान विकसित नहीं हैं। यात्रा का उद्देश्य जहां इन स्थानों को देश-विदेश में व्यापक पहचान दिलाना है, वहीं क्षेत्र में पर्यटन आधारित रोजगार के अवसर विकसित करना भी है। इन स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग दशकों से उठ रही है, मगर सरकार के स्तर पर इस संबंध में प्रयासों का अभाव ही रहा है।




अमरपाल सिंह वर्मा

स्वतंत्र पत्रकार


शिक्षाविद् प्रवीण भाटिया की पहल पर निकली यह यात्रा पांच से साढ़े छह हजार साल पुरानी कालीबंगा सभ्यता, दो हजार साल पुराने भटनेर दुर्ग, बरोड़ और रंगमहल जैसे पुरातात्विक स्थलों, उत्तरी भारत में श्रद्धा के प्रतीक गोगामेड़ी मंदिर और बुढ़ा जोहड़ गुरुद्वारे जैसे धार्मिक केंद्रों, बडोपल पक्षी विहार जैसी प्राकृतिक धरोहर और भारत-पाक सीमा पर स्थित नग्गी वॉर मेमोरियल जैसे वीरता के प्रतीकों तक पहुंची। इस यात्रा का यह स्वरूप दर्शाता है कि हर क्षेत्र में कितनी विविधता और समृद्धि छिपी हुई है, जिसे हम पर्यटन और संस्कृति की मुख्यधारा से जोड़कर नई पहचान दिला सकते हैं।

जांगल जात्रा की यह पहल सौ साल पहले बीकानेर संभाग में काम करने वाले इटली के विद्वान डॉ. लुईजी पिओ टैस्सीटोरी की याद दिलाती है। उन्होंने गांव-गांव की खाक छान कर दर्जनों ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों की खोज की थी। प्रवीण भाटिया ने उसी तर्ज पर गांव-गांव जा कर वहां धरोहरों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। खास बात यह है कि यह यात्रा एक व्यक्ति विशेष की पहल जरूर है, मगर इसे उन हजारों लोगों का समर्थन हासिल है, जो क्षेत्र की धरोहरों को सहेजने और विकसित करने के पक्षधर हैं। इस यात्रा ने लोगों को अपनी विरासत पर गर्व करना सिखाया है और दूर-दराज गांवों के उपेक्षित पुरातात्विक और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों को लोक विमर्श का केन्द्र बना दिया है।

देश के हर राज्य और हर जिले में ऐसे अनेक स्थल हैं, जिनका ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है, लेकिन वे बिसरा दिए गए हैं, उपेक्षित पड़े हैं। अगर स्थानीय लोग मिलकर उन्हें संरक्षित और विकसित करने का बीड़ा उठाएं तो न केवल वहां की सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी, बल्कि पर्यटन आधारित रोजगार और समग्र विकास के नए अवसर भी पैदा होंगे। वर्तमान समय में केवल सरकार पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। धरोहरों की रक्षा और उन्हें वैश्विक पहचान दिलाने की समाज की भी जिम्मेदारी है। जब स्थानीय लोग आगे आते हैं, तो सरकार और नीति निर्माताओं को भी मजबूरन सक्रिय होना पड़ता है। यह बदलाव जांगल जात्रा जैसे प्रयासों से संभव होता है। हमारे देश की धरोहरें केवल पत्थरों और स्मारकों की कहानियां नहीं हैं, बल्कि यह हमारी पहचान और भविष्य की संभावनाओं का आधार हैं।

# मेडिसिन टैरिफ से अमेरिका में बढ़ सकता है संकट






रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ


अमेरिका ने भारतीय फार्मा निर्यात पर 100% टैरिफ लगाने का निर्णय लिया है। भारत से करीब 25 अरब डॉलर का निर्यात अमेरिका को किया जाता है।

अमेरिका ने भारतीय फार्मा निर्यात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का निर्णय लेकर वैश्विक स्वास्थ्य और व्यापार जगत को चौंका दिया है। भारत को दुनिया का 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' कहा जाता है, क्योंकि भारत हर वर्ष लगभग 50 अरब डॉलर मूल्य की दवाओं का निर्यात करता है, जिसमें से करीब 25 अरब डॉलर का निर्यात केवल अमेरिका को किया जाता है। यह स्थिति दर्शाती है कि भारत-अमेरिका दवा व्यापार कितना गहराई से जुड़ा हुआ है। भारत का दवा उद्योग देश की GDP में लगभग 2% योगदान करता है और इसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 30 लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं। आज भारत में करीब 3000 दवा कंपनियां और 10,500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां हैं। अमेरिका में बिकने वाली लगभग 40% जेनेरिक दवाएं भारत से आती हैं और यही कारण है कि अमेरिकी टैरिफ का सीधा असर भारतीय दवा कंपनियों पर पड़ेगा।

प्रमुख कंपनियों जैसे सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, सिप्ला, ल्युपिन और आरोबिंदो फार्मा की अमेरिकी बाजार से होने वाली आय कुल राजस्व का 25 से 45 परसेंट तक है। उदाहरण के लिए सन फार्मा की लगभग 32 प्रतिशत आमदनी अमेरिका से होती है, जबकि डॉ. रेड्डीज की करीब 45 फीसदी। इसी तरह ल्युपिन की 35 फीसदी और ऑरोबिंदो फार्मा की 38 प्रतिशत आय अमेरिकी निर्यात पर निर्भर है। ऐसे में 100 प्रतिशत टैरिफ इन कंपनियों की लाभप्रदता को सीधा नुकसान पहुंचाएगा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि यह टैरिफ लंबे समय तक जारी रहता है तो भारतीय फार्मा कंपनियों की कुल निर्यात आय में 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट हो सकती है। साथ ही बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) हेल्थ केयर इंडेक्स पर दबाव बनेगा और निवेशकों के भरोसे पर असर पड़ेगा।

भारत सरकार और कंपनियों की प्रतिक्रिया संतुलित लेकिन दृढ़ होगी। संभावित कदमों में अमेरिका से आयात होने वाले चिकित्सा उपकरणों और हेल्थ केयर उत्पादों पर पारस्परिक टैरिफ लगाना शामिल हो सकता है। भारत हर वर्ष अमेरिका से लगभग छह अरब डॉलर मूल्य के मेडिकल उपकरण आयात करता है और उन पर शुल्क बढ़ाना अमेरिका के लिए बड़ा झटका हो सकता है। इसके अलावा भारत WTO या द्विपक्षीय मंचों पर इस मुद्दे को उठा सकता है, जैसा कि उसने पहले स्टील और एल्युमिनियम टैरिफ विवाद में किया था।

भारत को अपनी निर्भरता कम करने के लिए यूरोप, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और ASEAN देशों में नए बाजारों पर ध्यान देना होगा। फिलहाल भारत अफ्रीकी देशों को लगभग पांच अरब डॉलर मूल्य की दवाएं सप्लाई करता है और इस हिस्सेदारी को और बढ़ाया जा सकता है। साथ ही भारत को घरेलू R&D, बायोटेक्नोलॉजी और पेटेंटेड दवाओं में निवेश कर दीर्घकालीन आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी। यह वही भारत है, जिसने कोविड-19 वैक्सीन निर्यात में 100 से अधिक देशों को मदद कर अपनी क्षमता साबित की थी।

अमेरिकी कदम का असर केवल भारत तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे वैश्विक दवा उद्योग पर पड़ेगा। अमेरिका में दवाएं महंगी होंगी और आम उपभोक्ता पर सीधा बोझ बढ़ेगा। अभी अमेरिका में जेनेरिक दवाओं की कीमत ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 80-85 फीसदी तक सस्ती होती हैं, लेकिन भारतीय दवाओं पर टैरिफ से यह अंतर घट जाएगा। अमेरिका वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला की तलाश में चीन, वियतनाम या पूर्वी यूरोप की ओर रुख कर सकता है, लेकिन भारत जैसी गुणवत्ता और लागत-प्रभावशीलता हासिल करना उनके लिए कठिन होगा। दूसरी ओर, अफ्रीका और एशिया जैसे उभरते बाजारों में भारतीय दवाओं की मांग और बढ़ सकती है, क्योंकि इन देशों की आबादी कीमत के प्रति अधिक संवेदनशील है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में अनुसंधान और निर्माण के लिए निवेश बढ़ा सकती हैं, क्योंकि भारत के पास पहले से ही USFDA प्रमाणित 650 से अधिक विनिर्माण इकाइयां हैं, जो किसी भी अन्य देश से अधिक हैं।

लंबी अवधि में यह फैसला वैश्विक दवा व्यापार की संरचना बदल सकता है। अमेरिका यदि भारत से दवा आयात कम करता है तो उसे वैकल्पिक देशों से महंगे दाम पर दवाएं खरीदनी होंगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे अमेरिका में स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का खर्च बढ़ेगा और वहां के करदाताओं पर बोझ पड़ेगा। वहीं भारत के लिए यह अवसर है कि वह दवा निर्यात के नए गंतव्य बनाए। लैटिन अमेरिका के ब्राजील और मेक्सिको जैसे देश, अफ्रीका के नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका, तथा यूरोप के जर्मनी और फ्रांस, भारतीय दवाओं के लिए बड़े बाजार बन सकते हैं। भारत को चाहिए कि वह अपनी नीतियों को इस दिशा में केंद्रित करे। भारत बायोटेक्नोलॉजी और उच्च स्तरीय अनुसंधान में निवेश करता है तो वह जेनेरिक तक सीमित न रहकर इनोवेटिव ड्रग्स में भी वैश्विक नेता बन सकता है।

अल्पकाल में यह टैरिफ भारतीय कंपनियों के लिए संकट बनेगा, लेकिन दीर्घकाल में यही भारत को अपने उद्योग को पुनर्गठित करने और मूल्य श्रृंखला में ऊपर जाने का अवसर भी देगा। वैश्विक दवा उद्योग का आकार 2023 में 1.48 ट्रिलियन डॉलर था और अनुमान है कि 2030 तक यह 2.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो जाएगा। भारत इस वृद्धि का बड़ा हिस्सा हासिल कर सकता है, यदि वह समय रहते रणनीति बदल ले। अमेरिका का 100 फीसदी टैरिफ भारतीय फार्मा उद्योग के लिए तत्काल चुनौती है, लेकिन इसे अवसर में बदलना भी संभव है। भारत को अमेरिकी बाजार पर निर्भरता घटाकर नए क्षेत्रों में विस्तार करना होगा और घरेलू नवाचार और बायोटेक्नोलॉजी में निवेश बढ़ाना होगा।

### आमने सामने



नेता प्रतिपक्ष पर विदेशी संस्कृति का प्रभाव है। राहुल गांधी ने विदेश में शिक्षा प्राप्त की है और उन्होंने उन संस्कृतियों को आयात किया है जो भारत की पारंपरिक मर्यादाओं के खिलाफ हैं।

-कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा नेता

कैलाश विजयवर्गीय को मुख्यमंत्री नहीं बनाया, इस वजह से वे ऐसे हो गए हैं। 70 साल के बुजुर्ग हो गए मतलब कैलाश विजयवर्गीय बूढ़े हो गए हैं। वो बौखलाहट में ऐसी बातें कर रहे हैं। माता रानी उन्हें सदबुद्धि दें।

-जीतू पटवारी, कांग्रेस अध्यक्ष, मध्य प्रदेश



# बिहार चुनाव: कांग्रेस-राजद में बढ़ती रार




सुशील दीक्षित

लेखक


बिहार में वोट अधिकार यात्रा के बाद कांग्रेस को लगता है कि उसका जमीनी आधार बढ़ा है। यही वजह है कि वह आरजेडी से ज्यादा सीटों की मांग कर रही है।

बिहार में महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को कितना आकर्षित करेगी, इस पर कुछ कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी, लेकिन महागठबंधन में सीटों को लेकर जो मतभेद सतह पर आ रहे हैं, उनसे यही ध्वनित हो रहा है कि अंदर खाने सब ठीक नहीं है। सब ठीक तो दूसरे गठबंधन राजग में भी नहीं है। सीट बंटवारे को लेकर वहां भी तनातनी है। यह दूसरी बात है कि अभी तलवारें म्यान में ही हैं, जबकि महागठबंधन में तलवारें तन भी चुकी हैं। अभी धमकियों का दौर चल रहा है।

कांग्रेस और आरजेडी के बीच सीटों को लेकर तल्खी इतनी बढ़ गई कि मुजफ्फरनगर की रैली में तेजस्वी यादव ने राज्य की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। शुरुआत कांग्रेस की ओर से तब हुई, जब उसने छिहत्तर सीटों पर दावा कर दिया। पिछले 2020 के चुनाव में कांग्रेस सत्तर सीटों पर लड़ी थी, लेकिन केवल उन्नीस सीटों पर ही जीत पाई। इस पुअर परफार्मेंस का कारण तेजस्वी यादव ने सत्ता से दूर रह जाने के लिए कांग्रेस के खराब स्ट्राइक रेट को दोषी ठहराया था। इस चुनाव में महागठबंधन को 110 सीटों पर जीत मिली थी, यदि कांग्रेस अपने हिस्से की आधी सीटों पर ही जीत हासिल कर लेती तो महागठंधन सत्ता में आ जाता।

इसी को ध्यान में रखते हुए राजद-कांग्रेस के दबाव में आता नहीं दिख रहा। वहीं कांग्रेस बिहार में राजद का पिछलग्गू होने के ठप्पे को मिटाना चाहती है। पार्टी को लगता है कि वोट अधिकार यात्रा से उसकी स्थिति मजबूत हुई है। लोकप्रियता बढ़ी है, इसलिए वह आरजेडी के बराबर खड़ा होना चाहती है, इसलिए वो सीटें ही बढ़ाकर नहीं मांग रही है, बल्कि उप मुख्यमंत्री पद के लिए अभी से दावा ठोंक रही है। अपने इन दावों को लेकर कांग्रेस जल्दबाजी में भी दिख रही है। उसने एक तरह से तेजस्वी यादव को अल्टीमेटम भी दे दिए हैं कि वह लंबा इंतजार नहीं करने वाली। इन सीटों पर वह रणनीति बनाने में भी लगी है।

कांग्रेस की मांग से महागठबंधन के सहयोगी दल भी सहमत नहीं हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कांग्रेस को नसीहत दी है कि वह अपनी स्थिति से अधिक सीटें न मांगे। भले ही कम सीटों पर लड़े, लेकिन अधिक से अधिक स्ट्राइक रेट रखे। तेजस्वी यादव ने भी साफ कर दिया कि अगर बात नहीं बनती है, तो उनकी पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी। अपनी स्थिति को 2020 के चुनाव से बेहतर समझने वाली कांग्रेस इसे अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाए हुए है। 15 सितंबर को होने वाली बैठक ऐसी तल्खियों के कारण रद्द की जा चुकी है।

यह सब घात-प्रतिघात अभी राज्य स्तर पर ही है। असली सूरत तब सामने आएगी, जब साफ होगा कि कौन किस पर कितना दबाव बनाने में सफल रहा। साथ ही राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की आमने-सामने बात होगी। अलबत्ता राजनीतिक विश्लेषक यह मान कर चल रह हैं कि बिहार में कांग्रेस खुद को कितना ही मजबूत माने, लेकिन उसे गठबंधन में बने रहने के लिए सर्वसम्मति से होने वाले निर्णय को मानना होगा। यह तेजस्वी यादव भी जानते हैं और राहुल गांधी भी कि राजग से अकेले मुकाबिल नहीं हुआ जा सकता। कांग्रेस बिना मुगालते के सोंचे तो जल्द समझ जाएगी कि उसके मुकाबले राजद की स्थिति अधिक बेहतर है। चुनाव केवल यात्राओं और आरोपों के दम पर नहीं जीते जाते, बल्कि जमीनी मुद्दों और समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत से जीते जाते हैं। राजद का कॉडर कांग्रेस से न केवल मजबूत है, बल्कि उसके पास एक प्रभावी वोट बैंक भी है।

कांग्रेस के पास इसका यदि अभाव नहीं तो प्रभावी इंतजाम भी नहीं है। यही स्थिति कांग्रेस को कमजोर करती है और इसीलिए उसे उन क्षेत्रीय दलों के पीछे खड़ा होना पड़ता है, जिनका जन्म कांग्रेस के खिलाफ हुआ। यदि महागठबंधन टूटता है, तो इसका कांग्रेस पर ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। हर चुनाव कांग्रेस के अस्तित्व की लड़ाई बन जाता है। बिहार का चुनाव भी ऐसा ही है, इसलिए इस नतीजे पर पहुंचना समयानुकूल नहीं लगता कि कांग्रेस महागठबंधन से छिटक सकती है। महागठबंधन के बिना उसकी गति नहीं है।

सीटों को लेकर रार एनडीए में भी मची हुई है। जीतन राम मांझी रूठे हुए हैं कि उन्हें बीस सीटें चाहिए। चिराग पासवान की लोजपा-आर को न केवल सीटें बढ़ाकर चाहिए, बल्कि मुख्यमंत्री की रेस में चिराग को आगे बढ़ाने की मांग है। अलबत्ता चुनाव के ऐन वक्त पर हर गठबंधन के घटक दलों में सीट के लिए सिर फुटौवल जैसी लगने वाली स्थिति नई नहीं है। हर पांच साल बाद छोटे-मझोले दलों को लगने लगता है कि बीती अवधि में उसकी स्थिति पहले से मजबूत हो गई है, इसलिए उसे अधिक तवज्जो मिलनी चाहिए। बिहार में महागठबंधन की ड्राइविंग सीट पर तेजस्वी यादव हैं। लगता नहीं कि वे झुकेंगे। यदि नहीं झुके तो कांग्रेस के पास मध्यम मार्ग के अलावा कोई उपाय नहीं होगा और यह मध्यम मार्ग समझौते की मंजिल पर ही जाकर खत्म होगा।

### सोशल फोरम

## लोहिया, आंइस्टीन और एक मिनट की देरी

डॉक्टर राममनोहर लोहिया एक दफा आइंस्टीन को मिलने गए। ग्यारह बजे का वक्त उनकी पत्नी ने दिया था कि आप ठीक ग्यारह बजे आ जाएं और जरा-सी भी देर की तो कठिनाई होगी। लोहिया ने सोचा कि शायद कोई बहुत जरूरी काम होगा ग्यारह के बाद आइंस्टीन को। वे भागे हुए ठीक ग्यारह बजे पहुंचे, लेकिन सिर्फ एक मिनट की देरी हो गई, तो उनकी पत्नी ने कहा कि आप तो चूक गए। पर उन्होंने कहा, एक ही मिनट! मुझे दरवाजे पर भी वे दिखाई नहीं पड़े। वे गए कहां?




नॉलेज अड्डा

फेसबुक


उसकी पत्नी ने कहा कि वे बाथरूम में चले गए। उन्होंने कहा, आप भी क्या बात करती हैं! मैं प्रतीक्षा कर सकता हूं। उसने कहा, लेकिन कोई हिसाब नहीं कि वे कब निकलें। उन्होंने कहा, बाथरूम में कितना नहाते हैं? उसने कहा, नहाने का तो सवाल कहां है! कई दफा तो बिना नहाए निकल आते हैं! तो बाथरूम में करते क्या हैं? वे वही करते हैं, जो चौबीस घंटे करते हैं। टब में लेट जाते हैं; सोचना शुरू कर देते हैं। नहाना तो भूल जाते हैं!

छः घंटे बाद वे निकले। बड़े आनंदित बाहर आए। कोई गणित की पहेली हल हो गई। डाक्टर लोहिया ने पूछा कि गणित की पहेली आप क्या बाथरूम में हल करते हैं? तो आइंस्टीन ने कहा कि एक्सपैंडिंग यूनिवर्स का जो सिद्धांत मैंने विकसित किया कि जगत निरंतर फैल रहा है, ठहरा हुआ नहीं है, जैसे कि कोई गुब्बारे में हवा भर रहा हो और गुब्बारा बड़ा होता जाए, ऐसा जगत बड़ा होता जा रहा है, ठहरा हुआ नहीं है। जगत रोज बड़ा हो रहा है। आइंस्टीन के सिद्धांत को समर्थन मिल पाया और सही सिद्ध हुआ, तो आइंस्टीन ने कहा कि यह सिद्धांत मैंने अपने बाथरूम के टब में बैठकर साबुन के बबूले उठाते वक्त, जब साबुन के बबूले बड़े होते, तब मुझे खयाल आया। यह साबुन के बबूले अपने टब में बनाते हुए और बबूलों से खेलते वक्त मुझे खयाल आया कि यह जगत एक्सपैंडिंग हो सकता है।

हमारे पास तो जो शब्द है ब्रह्म, उसका मतलब ही होता है, एक्सपैंशन। इस मुल्क के ऋषि तो सदा से यह कहते रहे हैं कि जगत फैल रहा है, जगत ठहरा हुआ नहीं है। ब्रह्मांड का अर्थ ही होता है, जो फैलता चला जाए। जो रुके ही नहीं, फैलता ही चला जाए। स्वभाव ही जिसका फैलाव है।

### सामयिकी

## मध्यवर्गीय युवाओं के सपनों पर प्रहार

भारत और अमेरिका के बीच संबंधों की खाई और चौड़ी हुई तो अभी ग्रीन कार्डधारी भारतीयों के साथ नया जारी गोल्ड कार्ड, जिसे टंर्प कार्ड भी कहते हैं, से मुश्किलें और बढ़ेंगी। वीजा राशि बढ़ने से सबसे ज्यादा प्रभावित आईटी सेक्टर होने की संभावना है। इसके बाद रोजगार की दृष्टि से अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले मेधावी, लेकिन कमजोर तबके के छात्र नहीं जा सकेंगे, केवल धनाड्य वर्ग के बच्चे ही पढ़ने के लिए जा सकेंगे, दरअसल टैरिफ के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रप ने एच-1 बी वीजा की राशि में अप्रत्याशित वृद्धि की घोषणा करके सभी को चौंका दिया। यह उनकी आदत भी है। इसकी राशि को लगभग एक हजार से एक लाख डालर कर दिया। यही नहीं 21 सितंबर से इसे लागू कर दिया गया।




राजेंद्र कुमार पांडेय

अयोध्या


अब वीजा राशि सामान्य व्यक्ति और छोटी संस्था की पहुंच से दूर हो गई। अमेरिका जाने या ले जाने के लिए कंपनियों को सौ बार सोचना पड़ेगा। भारत पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ने की संभावना है। वीजा राशि को वह कंपनियां अदा करती हैं, जो अमेरिका में काम करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के स्पेशलिस्ट को भारत से अमेरिका ले जाती हैं। आव्रजन नीति के तहत यह वीजा अमेरिका में उन विदेशी लोगों को दिया जाता है, जो अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ होते हैं। वह काम अमेरिकी नहीं कर पाते, जिसके लिए वह ले जाए जाते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की इस घोषणा के बाद खासतौर से आईटी सेक्टर में भूचाल जैसी स्थिति है। यह हलचल भारत में ही नहीं है, बल्कि अमेरिका के आईटी सेक्टर में भी है।

अमेरिका ने वीजा राशि बढ़ाए जाने के पीछे एच-1 बी वीजा के दुरुपोयग को रोकने की बात कही। भारत को लेकर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की। व्हाइट हाउस के सचिव विल शर्फ, अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुईन और राष्ट्रपति ट्रंप ने अलग-अलग यही कारण गिनाया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इससे बेहतरीन कामगारों की जरूरत सुनिश्चित होगी, लेकिन यह तो इस कूटनीतिक चाल का एक पक्ष है। तात्कालिक रूप से इसका ज्यादा प्रभाव नहीं दिखेगा, लेकिन इसका दूरगामी परिणाम घातक होगा, जिसका असर भारत सहित अमेरिका में काम करने वाले अन्य देश के लोगों पर तो पड़ेगा ही, लेकिन अमेरिका भी इससे अछूता नहीं रहेगा।

भारत के संदर्भ में इसे इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि इसका असर लगभग 35 हजार करोड़ के आईटी सेक्टर पर सीधे पड़ने वाला है। यह देश का तीसरा सबसे बड़ा सेक्टर है। अमेरिका में एच1 बी वीजा से जाने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है। इस वीजा पर अमेरिका में रहने वाले कुल प्रवासियों में भारतवंशियों की संख्या लगभग 72 से 73 फीसदी तक है। 11 फीसदी चीनी लोग रहते हैं। इसके बाद 15 से 16 फीसदी में पूरे विश्व से नागरिक अमेरिका में रहते हैं। इसलिए एच-1बी वीजा से प्रभावित होने वालों में सबसे ज्यादा भारतीय होंगे।

कूटनीतिक रूप से भारत को अर्दब में लेने के लिए टैरिफ हमले के बाद ट्रंप का यह भारत के खिलाफ दूसरा प्रयास है, क्योंकि वीजा राशि बढ़ाए जाने का सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ने की आशंका है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति का भारत को घेरने का अगला प्रयास है या फिर उनकी मजबूरी है। यह भी एक सवाल तैर रहा है। यह अमेरिकी राजनीति से जुड़ा है। ऐसा भी नहीं है कि अमेरिका वीजा राशि बढ़ाए जाने के दूरगामी परिणाम से अनभिज्ञ है। इसे माना नहीं जा सकता है। अमेरिका की हर कूटनीतिक चाल में व्यापार का हिडेन एजेंडा जरूर होता है। इसके पीछे भी एजेंडा ही है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अंतस



# अयोध्या की भव्य रामलीला

**भारतीय लोकमानस में रामलीला के प्रति अगाध श्रद्धा भाव नजर आता है। यह भाव भारत के लोक में रचा बसा है। प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि प्रतिपदा से देशभर में रामलीला का मंचन शुरू हो जाता है, जो नवरात्रि के समापन के अगले दिन यानी दशहरे को रावण दहन के साथ समाप्त होती है। रामलीला तब बेहद खास हो जाती है, जब यह भगवान राम की नगरी अयोध्या में आयोजित की जा रही हो। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष फिर अयोध्या भव्य रामलीला महोत्सव की साक्षी बनने जा रही है। इस बार रामलीला का सातवां संस्करण आयोजित हो रहा है, जिसकी शुरुआत बीते सप्ताह भूमि पूजन के साथ हुई।** *प्रस्तुति-सत्यप्रकाश*

रामनगरी अयोध्या में इस बार रामलीला का आयोजन बेहद खास है। रामकथा पार्क में भव्य रामलीला के सातवें संस्करण का भूमि पूजन किया गया। यह आयोजन धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक है, जिसमें अयोध्या सहित पूरे देश के श्रद्धालु शामिल होते हैं। गौरतलब है कि अयोध्या की रामलीला का यह सातवां संस्करण 22 सितंबर से शुरू हो चुका है, जो 2 अक्टूबर को दशहरे पर रावण दहन के साथ समाप्त होगा। प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक रामकथा पार्क में रामलीला का मंचन हो रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि अयोध्या की इस रामलीला का सीधा प्रसारण यूट्यूब और विभिन्न चैनलों पर भी हो रहा है, जिससे देश -विदेश के श्रद्धालु भी इस अद्भुत आयोजन का आनंद ले पा रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि अयोध्या की रामलीला केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह नई पीढ़ी को रामायण के आदर्शों से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी है। रामलीला का सीधा प्रसारण दूरदर्शन और अयोध्या की रामलीला के यूट्यूब चैनल पर किया जा रहा है, जिससे देश-विदेश में बैठे लाखों इसे देख रहे है। रामलीला का आयोजन अयोध्या की परंपरा, भव्यता और आस्था का अद्वितीय संगम है। रामकथा की यह गाथा एक बार फिर अयोध्या की धरती से पूरी दुनिया तक पहुंच रही है।



## फिल्म जगत की नामचीन हस्तियां निभा रही हैं किरदार

अयोध्या की रामलीला में फिल्म और टीवी जगत के बड़े सितारे मंच पर दिख रहे हैं। राहुल भूचर प्रभु श्रीराम, अर्चना माता सीता, मनीष शर्मा रावण और राजेश पुरी हनुमान की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। वहीं मनोज तिवारी बाली, रवि किशन केवट और बिंदू दारा सिंह भगवान शंकर का रोल निभा रहे हैं। इसके अलावा अवतार गिल सीता के पिता राजा दशरथ की भूमिका निभाते दिखेंगे और राकेश बेदी विभीषण का किरदार अदा कर रहे हैं। वहीं विनय सिंह कुंभकर्ण की भूमिका निभा रहे हैं। पुनीत इस्सर परशुराम का किरदार निभा रहे हैं। रजा मुराद अहिरावण का अभिनय करेंगे। इन नामी कलाकारों के जुड़ने से अयोध्या की रामलीला और भी भव्य हो गई है।

## 240 फीट रावण दहन और वीआईपी मेहमान

फिल्मी कलाकारों की रामलीला में 2 अक्टूबर को दशहरा में रावण दहन मुख्य आकर्षण होगा। पहली बार 240 फुट के रावण और 190 फुट के कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का दहन होगा। दिल्ली से आए आठ कारीगरों की टीम रामकथा पार्क के कॉरिडोर में इन पुतलों को तैयार कर रही है। इसमें कुछ मुस्लिम कारीगर भी हैं। मुख्य कारीगर मनोज कुमार ने बताया कि 25 वर्ष से हमारी टीम दिल्ली के विभिन्न रामलीला समिति के लिए कार्य कर रही है। इस बार अयोध्या में है और रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतलों के साथ-साथ सोने की लंका भी तैयार कर रहे हैं। अयोध्या की रामलीला समिति के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने दावा किया कि इसमें आधुनिक तकनीक का प्रयोग दर्शकों को रोमांच से भर देगा। अयोध्या में पहली बार ऐसा आयोजन होने जा रहा है। आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को भी आमंत्रित किया गया है। इस भव्य आयोजन के जरिए रामभक्ति की परंपरा और भी मजबूत होने जा रही है। फिलहाल प्रशासन ने पुतला दहन की अनुमति नहीं दी है।

अध्यात्म

## मन

संपूर्ण संसार में यदि सर्वाधिक शक्तिशाली कोई है, तो वह है मन। मन को किसी ने देखा नहीं है, किंतु मन के अंदर शक्तियों का अपार भंडार विद्यमान है। एक सूक्ति है, 'मन के हारे हार है मन के जीते जीत'। मन के अंदर असीम क्षमताएं एवं संभावनाएं विद्यमान हैं। जिस प्रकार हम पदार्थ के सूक्ष्मतम कण अर्थात परमाणु को नहीं देख पाते, किंतु उसमें अपार ऊर्जा सन्निहित है। ठीक उसी प्रकार मन कोई भौतिक वस्तु नहीं है, जिसके दर्शन कर पाना संभव हो। मन हमारे भौतिक शरीर से संबद्ध एक ऐसा भाग है, जिसका वर्णन भौतिक पैमाने पर किया जाना संभव नहीं है। मन को केवल अनुभव किया जा सकता है। मन के अस्तित्व के बिना शरीर का अस्तित्व भी पूर्णतया अर्थहीन ही होता है।



प्रेरणा अवस्थी
लेखिका

मन को शरीर का सारथी कहा गया है, क्योंकि शरीर पूर्णतया मन के अधीन रहता है। यह मन की शक्तियों का ही परिणाम है कि शरीर बड़े-बड़े उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को सिद्ध कर लेता है। अनेक ऐसे कारक हमारे चहुंदिश विद्यमान रहते हैं, जो मन को सदैव पतन की ओर अग्रसर करने के लिए प्रवृत्त होते हैं। बाह्य संसार, विभिन्न प्रकार के अनुभव, विषम परिस्थितियां, विभिन्न प्रकार के आवेग एवं भाव इत्यादि कुछ ऐसे ही कारक हैं। किंतु इन सभी कारकों के प्रभाव को एक अमोघ अस्त्र की सहायता से निष्क्रिय किया जा सकता है, वह अमोघ अस्त्र है-आत्मबल। आत्मबल से युक्त मन संसार का सर्वोत्तम एवं सर्वशक्तिमान अस्त्र है। आत्मबल को अपने भीतर जगाने के लिए हमें कहीं न कहीं अनावश्यक बाह्य तत्वों के फंदे से स्वयं को बाहर निकलना होगा। इसके लिए यह नितांत आवश्यक है कि हम अपना पूर्ण ध्यान स्वयं पर केंद्रित करें। ऐसा होने पर बाह्य कारक, जो निरंतर हमें विचलित करने का प्रयास करते रहते हैं, हमारे ऊपर लेशमात्र प्रभाव भी नहीं डाल पाएंगे। हमें मन की शक्ति को पहचानते एवं स्वीकारते हुए अपने प्रत्येक लक्ष्य को मन के हवाले करके आत्मबल का स्तर निरंतर ऊपर उठाने का प्रयास करते रहना चाहिए। ऐसा होते ही हम अपने जीवन में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखेंगे।



मन को शरीर का सारथी कहा गया है, क्योंकि शरीर पूर्णतया मन के अधीन रहता है। यह मन की शक्तियों का ही परिणाम है कि शरीर बड़े-बड़े उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को सिद्ध कर लेता है।



बोध कथा

## सांच को नहीं आंच



स्वामी विवेकानंद ने युवावस्था में ही अपना एक विशिष्ट व्यक्तित्व विकसित कर लिया था, जो उनसे मिलता, उनकी प्रतिभा का कायल हो जाता। उनके अंग्रेज प्राध्यापक भी उनसे प्रभावित रहते थे। एक बार उनके कॉलेज के प्रिंसिपल डब्ल्यू. डब्ल्यू हेस्टी उनकी कक्ष में आए। किसी प्रसंग पर उन्होंने पूछा, 'नरेंद्र! यह बताओ नास्तिक कौन है?' यह सुनकर नरेंद्र ने कहा, 'सर, नास्तिक वह होता है, जो अपने में विश्वास नहीं करता। ईश्वर में विश्वास नहीं करता।' इस उत्तर को सुनकर हेस्टी साहब कुछ देर के लिए अवाक रह गए। फिर उन्होंने कुछ सोचकर कहा 'तो इसका अर्थ यह है कि इश्वर कहीं नहीं है।' इस पर नरेंद्र ने दृढ़तापूर्वक कहा, 'ईश्वर है सर। वह भारत के उन दरिद्र पंडित और दुर्बल लोगों में है, जिन्हें कभी तुर्क और मुगल शासक नोचते रहे और आजकल आपकी सरकार नोच रही है।' इस निर्भीक उत्तर को सुनकर हेस्टी साहब चकित रह गए। उन्होंने कहा, 'मैंने सुदूर देशों का भ्रमण किया है, पर अभी तक मुझे कहीं भी ऐसा लड़का नहीं मिला, जिसमें तुझ जैसी प्रतिभा और संभावनाएं हों। तू जीवन में जरूर अपनी छाप छोड़ जाएगा।' इतना कहकर हेस्टी साहब कक्ष से बाहर चले गए। छुट्टी के समय उन्होंने नरेंद्र को अपने ऑफिस में बुलाया फिर बड़े प्यार से बिठाते हुए कहने लगे, 'नरेंद्र तुमने क्लास में मुझ जो कुछ कहा, वह बिल्कुल सच है, लेकिन मैं तुम्हें हिदायत देता हूं कि ऐसी बातें किसी और अंग्रेज के सामने मत कहना, कभी मत कहना।' नरेंद्र ने पूछा, 'क्यों सर?' हेस्टी साहब बोले, 'वह तुम्हारी रिपोर्ट कर देगा और सरकार तुम्हें जेल भेज सकती है।' यह सुनकर नरेंद्र ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सर! यदि सच बोलने से आपकी सरकार मुझे जेल भेज देगी, तो मैं ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि भारत का हर व्यक्ति मेरी तरह सच कहने लगे और आपकी सरकार सबको जेल का पानी पिलाने लग जाए।'

*-सुरेन्द्र अग्निहोत्री, लेखक*

## संस्कृति व समृद्ध से पहाड़ की रामलीला

**उत्तराखंड में रामलीला का एक विस्तृत इतिहास और विशिष्ट पहचान रही है। रामलीला कहीं की भी हो उस पर गोस्वामी तुलसीदास जी के कालजयी ग्रंथ रामचरितमानस का गहरा प्रभाव रहा है। उत्तराखंड की रामलीलाएं भी इससे अछूती नहीं रही हैं, लेकिन थोड़ा बहुत बदलाव करके स्थानीय बोली में मंचन होने के कारण परंपरागत रामलीला में पहाड़ की संस्कृतिक झलक मिलती है।**

कुमाऊं के छह जनपदों के तकरीबन सभी नगरों व कस्बों में रामलीला का मंचन होता है। इस मंचन ने लोगों को इसके साथ गहराई से जोड़ा है। यहां की लोक संस्कृति व सभ्यता कितनी विस्तृत है इसकी पहचान उन दोहों व चौपाइयों से होती है, जो मंचन के समय कलाकार अपनी मधुर आवाज और विशिष्ट शैली में गाते हैं। यहां अधिकांश रामलीलाओं का मंचन शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन से प्रारंभ होता है तथा दस दिन तक लगातार मंचन के पश्चात अंतिम दिन राम के राज्याभिषेक के साथ लीला का समापन होता है। अनेक स्थानों पर दशहरे के दिन रावण-कुंभकरण आदि के पुतले भी जलाए जाते हैं। वैसे अनंत चतुर्दशी से शरद पूर्णिमा तक का एक माह का समय रामलीला के मंचन का होता है।



कई शहरों की लीलाएं छिटककर इस परिधि से बाहर भी चली गई हैं। कुमाऊं में सबसे पहले रामलीला की शुरुआत सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में हुई थी। 1860 में अल्मोड़ा के तत्कालीन सदर अमीन बद्रीदत जोशी ने रामलीला का आयोजन किया था। उसके बाद अल्मोड़ा में रामलीला आयोजन को विस्तृत स्वरूप देने का श्रेय मोतीराम शाह को जाता है। सीमांत जिले पिथौरागढ़ में 1897 में तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर देवीदत्त ने रामलीला का आयोजन किया था। बागेश्वर में रामलीला प्रारंभ करने का श्रेय शिवलाल शाह को जाता है, जिन्होंने सबसे पहले 1890 में रामलीला प्रारंभ करवाई। हल्द्वानी में रामलीला की शुरूआत कन्हैया लाल सारस्वत द्वारा की गई थी। उनके द्वारा रामलीला के साथ-साथ दशहरा मेला के आयोजन की परंपरा भी शुरू की गई। अब तो कई सालों से हल्द्वानी मे दिन की रामलीला का आयोजन भी किया जाता है। हल्द्वानी में अब महिलाओं द्वारा भी रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी पात्र महिलाएं होती हैं। कुमाऊं का हरिद्वार कहे जाने वाले रानीबाग में रामलीला की शुरुआत 1976 में मोहन चंद्र मिश्रा द्वारा की गई थी। कुमाऊं में ज्योलिकोट, काठगोदाम, चोरगलिया, रामनगर, रुद्रपुर, काशीपुर की रामलीलाएं भी प्रसिद्ध हैं।

*-दीपक नौगांई, लेखक*

पौराणिक कथा

## कर्म, पाप और मोक्ष का सार



महाराजा नृग बड़े ही दानवीर थे वह रोज एक हजार गाय ब्राम्हण को दान करते थे। एक बार उन्होंने एक ब्राह्मण को एक हजार गाय दान में दी। कुछ समय बाद ब्राह्मण की इन गाय में से एक गाय किसी तरह राजा नृग की गौशाला में फिर से आ गई। इस सत्य का पता ब्राह्मण को चला उसने गिनती की तो पाया की उसकी एक गाय कम है। दानवीर राजा ने पुनः अपनी गौशाला से एक हजार गाय एक अन्य ब्राह्मण को दान में दीं। इन गायों में से ब्राह्मण की भागी हुई गाय भी थी। उस पहले ब्राह्मण ने अपनी गाय पहचान ली और दूसरे ब्राह्मण को चोर कहा। दूसरे ब्राह्मण ने कहा, ऐसा नहीं है यह गायें हमें महाराज ने दान में दी हैं।

दोनों ब्राह्मणों का विवाद राजा के दरबार में पहुंचा, जांच करने पर पता चला कि पहले ब्राह्मण की गाय किसी तरह बिछुड़कर महाराज की गायों में आ मिली थी, महाराज ने भूलवश उसका फिर से दानकर दिया। स्थिति से अवगत होने पर राजा ने कहा कि ब्राम्हण उस गाय के बदले एक लाख गाय लेले, परंतु ब्राह्मण अपनी गाय ही लेने के लिए अडिग थे। ऐसी स्थिति होने पर महाराज नृग ने दूसरे ब्राह्मण से कहा कि वह पहले ब्राह्मण को उसकी गाय वापस कर दे उसके बदले में जितनी गाय चाहे लेले, परंतु ब्राह्मण उस गाय के अतिरिक्त दूसरी गाय लेने के लिए तैयार न हुआ। ईश्वरी विधान के अनुसार महाराज नृग ने गोलोक वास किया। यमराज और उनके सहयोगी चित्रगुप्त ने जब महाराज की पुण्य गणना की तो महाराज के अगणित पुण्य के साथ यह एक पाप भी था, उन्होंने कहा कि महाराज आप पहले अपने पुण्य भोगना चाहेंगे अथवा एक पाप कर्म भोगना चाहेंगे। इस पर राजा ने कहा कि वह पहले पाप कर्म भोगेंगे। परिणाम स्वरूप उन्हें गिरगिट की योनी में जन्म लेना पड़ा। अपने भोग स्वरूप महाराज एक सुखे कुएं में गिरगिट बनकर पड़े रहे। महाराज के इस कर्म संस्कार के द्वारा मिले पुर्वजन्म की आयु एवं भोग समाप्ति की अवधि आई तो भगवान श्री कृष्ण ने उनका उद्धार किया। भगवान ने राजा नृग से कहां कोई वरदान मांग लें। तब राजा ने कहा हे प्रभु यदि आप मुझमें पर प्रसन्न हैं तो यह बताएं की व्यक्ति अशुभ कर्मों के प्रभाव से कैसे बच सकता है? भगवान श्रीकृष्ण बोले हे राजन इसका एकमात्र उपाय यही है कि वह प्रत्येक कर्म केवल भगवान के लिए करे और परमेश्वर के अलावा किसी अन्य से भावनात्मक संबंध न जोड़ संपूर्ण अनाशक्ति और समर्पित भगवद्भक्ति ही जन्म आयु और भोग से बचने का उपाय है। *-पं. सोमदत्त अग्निहोत्री*

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,364.94 | 24,634.90 |
| गिरावट | 61.52 | 19.80 |
| प्रतिशत में | 0.08 | 0.08 |

सोना : 1,19,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,50,000 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### टाटा कैपिटल का आईपीओ छह को

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल ने अपने बहुप्रतीक्षित 15,512 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 310-326 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। बयान के अनुसार, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम छह अक्टूबर को अभिदान के लिए खुलेगा और आठ अक्टूबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) तीन अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। कुल 47.58 करोड़ शेयर का आईपीओ 21 करोड़ के नए शेयर और 26.58 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। टाटा कैपिटल में वर्तमान में टाटा संस की हिस्सेदारी 88.6 प्रतिशत जबकि आईएफसी की 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### शील बायोटेक का आईपीओ 30को

नई दिल्ली। जैव प्रौद्योगिकी आधारित कृषि समाधान प्रदाता कंपनी शील बायोटेक ने अपने 34.02 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 59-63 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि आईपीओ अभिदान के लिए 30 सितंबर को खुलेगा और तीन अक्टूबर को बंद होगा। यह आईपीओ पूरी तरह से 54 लाख नए शेयर पर आधारित निर्गम है। इसके लिए 59-63 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है। नए निर्गम से प्राप्त राशि में से 15.88 करोड़ का इस्तेमाल कार्यशील पूंजी की आवश्यकता को पूरा करने, 9.11 करोड़ पूंजीगत व्यय के लिए और शेष राशि का उपयोग कॉर्पोरेट के सामान्य कामों के लिए किया जाएगा।

### अटलांटा का शेयर 14% बढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। बिजली, वाहन और इन्वर्टर के ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली कंपनी अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 754 रुपये से 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 858.10 रुपये पर शुरुआत की जो निर्गम मूल्य से 13.80 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। बाद में यह 14.54 प्रतिशत चढ़कर 863.70 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 13.66 प्रतिशत के बढ़त के साथ 857 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,323.21 करोड़ रुपये रहा।

# 11200 करोड़ का कारोबार, 2400 एमओयू

## रिकॉर्ड भागीदारी और उपलब्धियों के साथ यूपीआईटीएस 2025 का भव्य समापन

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW 3rd Edition

- तीन बार आयोजन करने वाला पहला राज्य यूपी, बढ़ा वैश्विक निवेश का भरोसा

**यूपीआईटीएस -2025**

| | |
|---|---|
| कुल प्रदर्शक | 2,250 |
| कुल आगंतुक | 5,07,099 |
| बी2बी खरीदार | 1,40,735 |
| सामान्य आगंतुक | 3,66,364 |

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा




ग्रेटर नोएडा में यूपीआईटीएस के समापन समारोह को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रेटर नोएडा इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपीआईटीएस-2025 का सोमवार को रंगारंग समापन हुआ। 24,400 से अधिक बिजनेस बैठकें हुईं और 1882 करोड़ निवेश के 2400 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इनसे 11,200 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जो प्रदेश की औद्योगिक क्षमता को दर्शाता है। इसी के साथ यूपी तीसरी बार इंटरनेशनल ट्रेड शो का सफल आयोजन करके देश का पहला राज्य बन गया है।

पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो सोमवार का रंगारंग समापन हुआ। इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित शो ने नए कीर्तिमान रचे और राष्ट्रीय व्यापार कैलेंडर में मील का पत्थर स्थापित किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल समेत यूपी के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने उपलब्धियां गिनाईं। इस बार आयोजन में 2,250 प्रदर्शक और 5,07,099 से अधिक आगंतुक पहुंचे, जिनमें 1,40,735 बी2बी खरीदार और 3,66,364 सामान्य विजिटर शामिल रहे। शो में 11,200 करोड़ की व्यावसायिक पूछताछ हुई जबकि 2,400 से अधिक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए जिनकी राशि 1,882 करोड़ रही। इस बार रूस पार्टनर कंट्री रहा। 111 बी2बी मीटिंग्स के दौरान रूसी कंपनियों ने भारतीय एमएसएमई और निर्यातकों से गहन चर्चा की। मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा, आईटी, फार्मा, पर्यटन और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश संभावनाएं उभरीं। पांच दिन के आयोजन में 17 नॉलेज सेशंस हुए, जिनमें नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं और वैश्विक प्रतिनिधियों ने विचार रखे। विकसित यूपी @2047, स्टार्टअप्स की भूमिका और ई-कॉमर्स जैसे मुद्दे केंद्र में रहे।

शो में युवाओं ने भी अपना दमखम दिखाया। 113 स्टॉल्स पर 49 फ्रेंचाइज़ ब्रांड, 64 मशीनरी सप्लायर और 26 बिजनेस ऑन व्हील्स मॉडल्स प्रदर्शित हुए। 2,000 छात्रों की सक्रिय भागीदारी और 8,300 से अधिक बिजनेस इंक्वायरी दर्ज हुईं। समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। देशी-विदेशी प्रतिनिधियों ने लोकनृत्यों और संगीत का आनंद लिया।

### उद्योग-निवेश का नया केंद्र बना यूपी

लखनऊ, अमृत विचार। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यूपी आज उद्योग और निवेश का नया केंद्र बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी के निर्णायक एवं संवेदनशील नेतृत्व ने प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। उद्योग और निवेश के लिए सुरक्षित वातावरण और मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर ने यूपी को निवेशकों की पहली पसंद बना दिया है। वह यूपीआईटीएस-2025 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। गोयल ने कहा कि 2017 के बाद प्रदेश में नया सवेरा आया है। कानून-व्यवस्था सुधरी, अधूरे प्रोजेक्ट पूरे हुए और औद्योगिक माहौल बेहतर हुआ। यूपीआईटीएस आयोजन ने उद्यमियों, निवेशकों और कारीगरों को वैश्विक मंच दिया है। यह केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति का जीवंत उदाहरण है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वदेशी ही विकसित भारत 2047 की कुंजी है।



यूपीआईटीएस के समापन समारोह में खादी फैशन शो में शामिल मॉडल।

# युवाओं के आकर्षण का केंद्र रहे खादी के जैकेट्स-कुर्ते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार।** ट्रेड शो में खादी सबसे बड़ा आकर्षण बनी रही। फैशन शो में मॉडल्स ने जब खादी के परिधानों की शृंखला प्रस्तुत की तो दर्शकों ने परंपरा व आधुनिकता के संगम को महसूस किया। रैंप पर उतरे डिज़ाइनों ने यह संदेश दिया कि खादी अब केवल ट्रेडिशन नहीं, बल्कि ग्लोबल फैशन ट्रेंड बन चुकी है।

आज के युवा पीढ़ी टिकाऊ फैशन और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली से आकर्षित है, जिससे खादी आधुनिक वार्डरोब का हिस्सा बन चुकी है। युवाओं में बढ़ती यह स्वीकार्यता खादी को फैब्रिक ऑफ फ्यूचर बना रही है। शो में प्रस्तुत खादी की जैकेट्स, ड्रेसेस, कुर्ते और इंडो-वेस्टर्न डिज़ाइन ने युवाओं की पसंद को नई दिशा दी।

### वैश्विक मंच पर गूंज

यूपीआईटीएस 2025 में खादी की प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि उत्तर प्रदेश परंपरा को संजोते हुए भविष्य की जरूरतों को भी पूरा करने की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सरकार खादी को दुनिया के सामने केवल कपड़े के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, कारीगरी और सतत विकास के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# महिलाओं ने ट्रेड शो में लहराया परचम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

- स्वयं सहायता समूहों ने की रिकॉर्ड बिक्री, मिले बड़े ऑर्डर

**अमृत विचार।** कभी जंगलराज और अपराध के लिए बदनाम रहा उत्तर प्रदेश आज महिलाओं की आत्मनिर्भरता की नई गाथा लिख रहा है। इसकी एक बानगी ग्रेटर नोएडा में आयोजित 5 दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के हॉल नंबर आठ और नौ में दिखी। जिसमें स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने न सिर्फ़ अपने उत्पादों की शानदार बिक्री की, बल्कि बड़े-बड़े संस्थानों और कंपनियों से भारी मात्रा में ऑर्डर भी हासिल किए।

गौतमबुद्ध नगर की जय माता दी स्वयं सहायता समूह की ममता भारद्वाज ने बताया कि संगठन से 12 अलग अलग महिलाओं के समूह जुड़े हैं। समूह खाद्य पदार्थ समेत मसाले, मोटे अनाज, मसाले, सजावटी सामान समेत अन्य उत्पाद बनाता है। अभी तक ग्रेटर नोएडा की कई आवासीय कालोनियों में समूह के उत्पादों को बीच रही ममता बताती हैं कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उनका समूह पहली बार भाग लिया है। यहां बिक्री तो हुई ही ऑर्डर भी मिले। ग्रेटर नोएडा के कई मेस और कैंटीन से ग्रोसरी के ऑर्डर मिले हैं।



ट्रेड शो में स्टॉल लगाए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं।

# गन्ने की खेती में एआई व मशीन लर्निंग के प्रयोग पर मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के आखिरी दिन सोमवार को गन्ना विभाग द्वारा सतत विकास हमारा प्रयास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। गन्ना उत्पादन बढ़ाने, किसानों की समस्याओं के समाधान और गन्ना उद्योग को नई तकनीक से जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई।

यूपीसीएसआर के डायरेक्टर वीके शुक्ला ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार का प्रयास रहा है कि किसानों को समय पर भुगतान मिले और चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि हो। अबतक 38 चीनी मिलों ने अपनी क्षमता बढ़ाई है ताकि पेराई समय पर हो सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में गन्ने की खेती में रिमोट सेंसिंग, एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग करने पर ध्यान दिया जाएगा। इससे खेतों की निगरानी आसान तो होगी ही, फसलों को लगने वाली बीमारियों का समय से उपचार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में चीनी मिलें केवल चीनी उत्पादन का केंद्र नहीं रहेंगी, बल्कि इससे जुड़े कई अन्य उत्पादों का हब बनेंगी।




गन्ने की खेती को लेकर वर्कशाप को संबोधित करते वैज्ञानिक।

सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर अजय कुमार तिवारी ने किसानों से अपील की कि वे खेतों में अंधाधुंध खाद का इस्तेमाल न करें। उन्होंने गन्ने की फसल को लगने वाले लाल सड़न रोग पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि अगले पांच सालों में इस बीमारी पर नकेल कसने की पूरी कवायद होगी। जॉइंट केन कमिश्नर आरसी. पाठक ने कहा कि लाल सड़न रोग की वजह से गन्ने की सीओ-238 प्रजाति को काफी नुकसान हुआ है। कभी यह सबसे लोकप्रिय किस्म थी, लेकिन रोग और उत्पादन क्षमता घटने की वजह से किसान अब इसे लगाने से बचने लगे हैं।

कार्यशाला में उपस्थित विशेषज्ञों ने इस बात पर सहमति जताई कि नई तकनीकों के प्रयोग से गन्ने की खेती और चीनी उद्योग दोनों को स्थायी विकास की नई दिशा मिलेगी।



# एशिया कप में देश की जीत से कांग्रेस हो गई है बेहोश : भाजपा

## टीम को बधाई देने से पहले मोहसिन नकवी और पाकिस्तान में अपने आकाओं से अनुमति का कांग्रेस कर रही इंतजार

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की शानदार जीत के बाद विपक्षी पार्टी संभवतः 'बेहोशी की हालत' में चली गई है। सत्तारूढ़ दल ने कहा कि कांग्रेस नेता पाकिस्तान की हार से ज्यादा दुखी लग रहे हैं और यह बिल्कुल ऑपरेशन सिंदूर जैसा है, जब वे भारतीय सेना को उसके जबरदस्त हमले के लिए बधाई देने के लिए खुद को तैयार नहीं कर पाए।

भारत ने रविवार को फाइनल में पाकिस्तान को हराकर रिकॉर्ड नौवां एशिया कप का खिताब जीता। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर कहा कि कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया पर हमारी राष्ट्रीय टीम को टूर्नामेंट में तीन बार पाकिस्तान को हराने और एशिया कप जीतने के लिए बधाई देने वाला एक भी पोस्ट नहीं आया। ऐसा लगता है कि एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत ने राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस को बेहोशी की हालत में पहुंचा दिया है। मालवीय ने आरोप लगाया कि जैसे ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब वे भारतीय सेना को बधाई देने के लिए खुद को तैयार नहीं कर पाए, वैसे ही अब वे भारतीय क्रिकेट टीम की सफलता का जश्न मनाने में राष्ट्र के साथ शामिल होने से पहले मोहसिन नकवी और पाकिस्तान में अपने अन्य आकाओं से अनुमति का इंतजार करते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर पाकिस्तान, राहुल गांधी और कांग्रेस एक ही तरफ नजर आ रहे हैं।

### खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर, नतीजा वही है- भारत जीतता है : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान पर जीत के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' के साथ प्रतीकात्मक तुलना करते हुए बधाई दी थी। 'एक्स' पर मोदी ने लिखा कि खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर! नतीजा वही है - भारत जीतता है! महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख हर्षवर्धन सकपाल ने नागपुर में प्रधानमंत्री की टिप्पणी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब भारत ने एशिया कप जीता है। हमें अपनी टीम की जीत पर गर्व है, लेकिन प्रधानमंत्री की नीति हर चीज का ध्रुवीकरण करने की है, चाहे वह हवा हो, पानी हो या खेल ही क्यों न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री राष्ट्र की गरिमा का ध्यान नहीं रखते, जिसका अंदाजा ऐसे जश्न के मौकों पर उनके बयानों से लगाया जा सकता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नसीम खान ने भाजपा पर हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया और कहा कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पड़ोसी देश ने हाल के दिनों में हमारे नागरिकों के साथ व्यवहार किया है, उन्होंने हमारी महिलाओं के 'सिंदूर' मिटा दिए, कम से कम हमें उनके साथ नहीं खेलना चाहिए था...भारतीय टीम ने हमेशा समर्पण के साथ प्रदर्शन किया है और देश का सम्मान बढ़ाया है... हर चीज का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।

### थर्ड अंपायर कहने पर युद्धविराम नहीं करते : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम से यह सीखने की जरूरत है कि जब जीत के करीब हों, तो किसी थर्ड अंपायर के कहने पर अच्छे कप्तान युद्धविराम नहीं करते। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया कि मोदी जी, क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध से करना ठीक नहीं है। भारतीय टीम से ये सीखने की जरूरत है कि जीत के करीब हों, तो किसी थर्ड अंपायर के कहने पर सीज़फायर नहीं करते।

### कांग्रेस भारत की जीत से खुश नहीं दिखी : बान

महाराष्ट्र भाजपा के मीडिया प्रमुख नवनाथ बान ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए देश पहले है, जबकि कांग्रेस के लिए पाकिस्तान पहले है। कांग्रेस भारत की जीत से खुश नहीं दिखी और पाकिस्तान की हार से ज्यादा दुखी लग रही थी। प्रधानमंत्री की तुलना का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के आत्मविश्वास का प्रतीक है और आतंकवादियों को करारा जवाब है। भाजपा नेता ने तर्क दिया कि प्रधानमंत्री ने सैनिकों की वीरता और खिलाड़ियों की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जोड़ा है और इसे नए भारत का प्रतीक बताया है। भारत हमेशा खेल भावना से खेलता है, लेकिन ईमानदारी से जीतता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता भारत की जीत से बेचैन हैं। कांग्रेस का डीएनए पाकिस्तान की ओर झुकाव रखने वाला है।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर स्मारक टिकट, सिक्का जारी करेंगे मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री मोदी इस सप्ताह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। 1925 में विजयादशमी के दिन स्थापित आरएसएस गुरुवार को अपने 100 वर्ष पूरे कर लेगा।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री बुधवार को शताब्दी वर्ष समारोह की पूर्व संध्या पर आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की उपस्थिति में स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। मोदी ने रविवार को आरएसएस की निस्वार्थ सेवा और अनुशासन की प्रशंसा की और कहा था कि स्वयंसेवकों के हर कार्य में राष्ट्र प्रथम है। मन की बात में मोदी ने कहा कि आरएसएस की स्थापना केशव बलिराम हेडगेवार ने बौद्धिक गुलामी से मुक्ति के लिए की थी।

### राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेंगे भागवत

भागवत ने कहा कि संघ गीत मातृभूमि के प्रति समर्पण और जीवन की तपस्या से उत्पन्न होते हैं। आरएसएस के पास हर भाषा में गीत हैं। भागवत गुरुवार को नागपुर स्थित संघ मुख्यालय में संबोधन देंगे, जिसके साथ अगली विजयादशमी तक देश भर में कार्यक्रमों की शृंखला शुरू होगी। भागवत राष्ट्रव्यापी घर-घर जनसंपर्क अभियान भी शुरू करेंगे और सभी राज्यों में सामाजिक समरसता सहित विभिन्न विषयों पर संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी।

# महाराष्ट्र में सड़क पर आई लव मुहम्मद लिखे होने पर प्रदर्शन के दौरान हिंसा

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सड़क पर 'आई लव मुहम्मद' लिखे होने के खिलाफ सोमवार को हुए प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान पथराव कर रही भीड़ पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस संबंध में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने अहिल्यानगर-छत्रपति संभाजीनगर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया।

एक अधिकारी ने बताया कि आज सुबह कोतवाली क्षेत्र के कोटला में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जब किसी ने सड़क पर 'आई लव मुहम्मद' लिख दिया। इस पर मुस्लिम समुदाय ने आपत्ति जताई और कोतवाली थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई।

अधिकारी ने कहा कि सड़क पर 'आई लव मुहम्मद' लिखने को लेकर एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बावजूद, कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।



सड़क पर लिखे आई लव मुहम्मद के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों को खदेड़ती पुलिस।

### ध्रुवीकरण की इजाजत नहीं : फडणवीस

यवतमाल की यात्रा कर रहे मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि अधिकारी इस बात का पता लगाएंगे कि क्या राज्य में शांति भंग करने और बोर्ड लगाकर समाज का ध्रुवीकरण करने की कोई साजिश तो नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कोई अपने धर्म को मानने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन ध्रुवीकरण में शामिल होने की इजाजत नहीं है।

**हिट एंड रन**

## जहांगीरपुरी में तीन लोगों की मौत

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी में आउटर रिंग रोड पर मुकुंदपुर फ्लाईओवर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की सूचना जहांगीरपुरी थाने को रात 12.05 बजे मिली। पुलिस के पहुंचने से पहले ही तीनों की मौत हो चुकी थी। मृतकों में शाहिद, उनके बेटे फैज (28) और उनकी बेटी के बेटे हम्जा (12) है। ये सभी दिल्ली के उत्तरी घोंडा के निवासी थे। घटनास्थल पर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला और दुर्घटनास्थल के आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं है। हालांकि, टीम रास्ते में लगे कैमरों की फुटेज की जांच करके दुर्घटनाग्रस्त वाहन का पता लगा रही हैं।

# विजय प्रचार वाहन में रहे, जिससे भीड़ की बढ़ी बेचैनी

करूर (तमिलनाडु), एजेंसी

- पुलिस ने विजय से पीड़ितों से मिलने नहीं जाने के लिए कहा

तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के अध्यक्ष अभिनेता-नेता विजय, 27 सितंबर को वेलुसामीपुरम में प्रचार वाहन के अंदर रुके रहे, जिससे रैली में जुटी भीड़ की बेताबी बढ़ने से भगदड़ मची। यह बात दर्ज प्राथमिकी में ये कही गई है। भगदड़ में 41 की मौत और 60 लोग घायल हो गए।

टीवीके सूत्र ने बताया कि पुलिस ने विजय से कहा कि पीड़ितों से मिलने सरकारी अस्पताल न जाएं। पुलिस ने अभिनेता के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया है, लेकिन टीवीके के तीन प्रमुख पदाधिकारियों- करूर उत्तर के जिला सचिव मथियाझागन, प्रदेश महासचिव बुस्सी आनंद और उप महासचिव निर्मल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। सोमवार को भी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरुणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने रैली के दौरान हुई भगदड़ की जांच जारी रखी। न्यायाधीश ने सरकारी अस्पताल में मरीज़ों से बातचीत की और बाद में कहा कि जांच पूरी होने के बाद वह सरकार को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगी।

### घटना को लेकर अफवाह न फैलाएं

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने करूर की भगदड़ की घटना को लेकर सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने पर लोगों को चेताते हुए कहा कि सभी को जिम्मेदारी पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। स्टालिन ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है और इसके पीड़ितों को पार्टी विशेष के बजाय साथियों के रूप में देखें।



भगदड़ में मृत अरुक्कानी के परिजनों से बात करतीं केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण।

### दुख बयां करने के लिए शब्द नहीं : सीतारमण

करूर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भगदड़ में अपनों को खोने वाले परिवारों के दुख को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं और ऐसी घटनाएं फिर कहीं नहीं होनी चाहिए। सीतारमण ने सार्वजनिक समारोहों, खासकर जब बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी इकट्ठा होते हैं, के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने का समर्थन किया और कहा कि यह पूरे देश के लिए लागू होनी चाहिए। उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन के साथ करूर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया और घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### चीन ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजन के प्रति जताई संवेदना

**बीजिंग।** चीन ने तमिलनाडु के करूर शहर में अभिनेता एवं नेता विजय की रैली में मची भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति सोमवार को गहरी संवेदना जतायी। भगदड़ में 41 की मौत हो गई थी और और कई अन्य घायल हो गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां एक प्रेसवार्ता में एक सवाल के उत्तर में कहा, हम पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं तथा उनके परिजन और घायलों के प्रति भी हमारी संवेदना है।

### बांग्लादेशी नागरिक नेपाल सीमा से पकड़े

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी के पास पानीटंकी सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में बांग्लादेश के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सिलीगुड़ी जिला, नेपाल सीमा से सटा भारतीय क्षेत्र है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने उनके (बांग्लादेशियों के) भारतीय साथी देबाशीष चक्रवर्ती को भी गिरफ्तार किया। चक्रवर्ती पर मोटी रकम के बदले ऐसे लोगों के अवैध प्रवेश में कथित रूप से मदद करने का आरोप है।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हड़ताल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सोमवार को जेकेजेएएसी के आह्वान पर आम हड़ताल हुई। जेकेजेएएमी में व्यापारी, स्थानीय नेता और नागरिक समाज के कार्यकर्ता शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जनता के लिए राहत और शासन प्रणाली में पारदर्शिता की मांग को लेकर यह हड़ताल की गई। दो साल पहले शुरू हुआ यह आंदोलन क्षेत्र में नियमित और सब्सिडी वाले आटा व बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए था लेकिन अब इसमें कश्मीरी अभिजात वर्ग की विशेष सुविधाओं में कटौती, आरक्षित विधानसभा सीटों को समाप्त करना और मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं की मांगें भी जुड़ गई हैं।

### रूस हार चुका है, उसे वास्तविकता स्वीकार कर लेनी चाहिए: वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि अब रूस हर मोर्चे पर हार चुका है और उसे वास्तविकता को स्वीकार कर लेना चाहिए। वेंस ने रविवार को कहा कि रूस पहले ही हार चुका है और अब उसके पास भारी मानवीय और आर्थिक क्षति के बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, रूसी अर्थव्यवस्था जर्जर हो चुकी है। रूसी अब युद्ध के मैदान में कुछ भी हासिल नहीं कर पा रहे हैं। अब समय आ गया है कि वे बातचीत की मेज पर आएं और शांति के बारे में गंभीरता से बात करें।


### ब्रिटेन में भारत ने मनाया सेवा पर्व

**लंदन।** लंदन में भारतीय उच्चायोग और ब्रिटेन स्थित वाणिज्य दूतावासों ने सेवा पर्व 2025 के अवसर पर कई विकसित भारत रन कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें समुदाय के सदस्यों ने सेवा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक गौरव के संदेश के साथ एकजुट होकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह संकल्प दुनिया भर के भारतीयों को देश की संस्कृति, परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध करता है। वरिष्ठ राजनयिक ने बाद में प्रधानमंत्री मोदी की एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत मध्य लंदन स्थित उच्चायुक्त के आधिकारिक आवास पर चेरी का एक पौधा लगाया जो धरती माता की पोषण भावना और अधिक टिकाऊ एवं हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को श्रद्धांजलि है।

# बच्चों के प्रति बढ़ा अपराध, एनसीपीसीआर को मिलीं एक लाख से अधिक शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- शिकायतों का आंकड़ा अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच का



राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को अप्रैल और दिसंबर 2024 के बीच लगभग एक लाख शिकायतें मिलीं, जिनमें सबसे अधिक संख्या किशोर न्याय और उपेक्षित, हाशिए पर या दिव्यांग बच्चों की देखभाल से संबंधित थीं। बाल श्रम और संकटग्रस्त बच्चों से संबंधित शिकायतों की कुल संख्या लगभग 20,000 थी। साल 2024 के अंत तक, 19,645 मामले लंबित थे।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, अपर्याप्त पुनर्वास सेवाएं, बाल देखभाल संस्थानों में खराब स्थिति और दिव्यांग बच्चों के लिए सहायता की कमी जैसे मुद्दे सबसे अधिक रिपोर्ट किए गए। शिकायतों की सबसे बड़ी श्रेणी किशोर न्याय और उपेक्षित, हाशिए पर पड़े या दिव्यांग बच्चों की देखभाल से संबंधित थी, जिनमें 39,500 से अधिक मामले दर्ज किए गए। इनमें से 18,954 का 2024 के अंत तक निस्तारण कर दिया गया। एनसीपीसीआर को अपर्याप्त पुनर्वास सेवाओं, बाल देखभाल संस्थानों की खराब स्थिति और दिव्यांग बच्चों के लिए सीमित सहायता के बारे में भी शिकायतें प्राप्त हुईं। बाल स्वास्थ्य, देखभाल और विकास संबंधी मुद्दे एक अन्य महत्वपूर्ण श्रेणी थे, जिनमें 18,500 से अधिक शिकायतें मिलीं। शिक्षा संबंधी शिकायतों में 8,200 से अधिक मामले शामिल थे। पॉक्सो अधिनियम और अन्य बाल-संबंधी कानूनों के तहत, 6,800 से अधिक शिकायतें मिलीं। चिंता के अन्य क्षेत्रों में सामाजिक ऑडिट और बच्चों को प्रभावित करने वाले कानूनी मामले (3,400 मामले), बाल मनोविज्ञान और समाजशास्त्र (280 मामले) शामिल थे और बाल तस्करी रोधी प्रकोष्ठ को 46 शिकायतें प्राप्त हुईं।

## वियतनाम में चक्रवात बुआलोई का कहर नौ लोगों की गई जान

**हनोई।** चक्रवात 'बुआलोई' से हुई भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण मध्य वियतनाम में सड़कें जलमग्न हो गईं, छतें उड़ गईं और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गयी। बाद में यह चक्रवात कमजोर होकर तूफान के रूप में सोमवार को लाओस की ओर बढ़ गया।

चक्रवात से भारी तबाही हुई, जिसने मकानों, स्कूलों और बिजली के खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया, कई अस्थायी पुल बह गए और कई प्रान्तों में सड़कें एवं निचले जलमार्ग डूब गए। शहरों में बाढ़ के कारण वाहन पानी में डूब गए और ऊंचाई वाले इलाकों में रहने वाले लोगों के समुदाय का शेष स्थानों से संपर्क कट गया।

## प्रस्तुति



जयपुर में नवरात्रि के अवसर पर गरबा करती युवतियां। एजेंसी

# अफगानिस्तान में सैन्य ठिकाने बनाने की अमेरिकी योजना का विरोध

## पाकिस्तान, चीन, ईरान और रूस ने कहा- काबुल की संप्रभुता का हो सम्मान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- परिजन ने गला दबाकर हत्या करने का लगाया आरोप

पाकिस्तान और उसके प्रमुख पड़ोसी देशों चीन और ईरान ने रूस के साथ मिलकर अफगानिस्तान और उसके आसपास किसी भी सैन्य अड्डे की स्थापना का विरोध किया है तथा काबुल की 'संप्रभुता' और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने का आह्वान किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

चारों देशों ने यह विरोध ऐसे समय में दर्ज कराया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अफगानिस्तान में अपने देश की सैन्य उपस्थिति की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं। चीन, ईरान, पाकिस्तान और रूस के विदेश मंत्रियों की चौथी चतुष्पक्षीय बैठक संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के दौरान गुरुवार को न्यूयॉर्क में हुई। बाद में बैठक के संबंध में एक संयुक्त बयान पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने साझा किया। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, चारों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि अफगानिस्तान की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए तथा उन्होंने वर्तमान स्थिति के लिए जिम्मेदार देशों द्वारा अफगानिस्तान में और उसके आसपास सैन्य ठिकानों की पुनः स्थापना का दृढ़ता से विरोध किया..।

चारों देशों ने आतंकवाद, युद्ध और मादक पदार्थों से मुक्त, एक स्वतंत्र, एकजुट और शांतिपूर्ण देश के तौर पर अफगानिस्तान के प्रति अपना समर्थन दोहराते हुए कहा कि वे प्रभावी क्षेत्रीय पहल का समर्थन करते हैं जिसका मकसद इसकी अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाना है। उन्होंने अफगानिस्तान में आतंकवाद के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की तथा चेतावनी दी कि आईएसआईएल, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और मजीद ब्रिगेड सहित क्षेत्र के अन्य समूह क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं। दोनों देशों ने इस बात पर जोर दिया कि अफगानिस्तान में शांति, स्थिरता, आतंकवाद, कट्टरवाद और मादक पदार्थ अपराध का मुकाबला करना साझा क्षेत्रीय हित हैं।

### चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन में अमेरिकी टैरिफ पर होगी चर्चा

**बीजिंग।** चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) का वार्षिक पूर्ण अधिवेशन अक्टूबर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नयी पंचवर्षीय योजना, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से उत्पन्न स्थिति, टिकटॉक पर नियंत्रण हासिल करने के उनके (ट्रंप के) प्रयासों और चीनी अर्थव्यवस्था के सामने पेश आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। वरिष्ठ पार्टी नेताओं का 370 सदस्यीय निकाय देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति के अलावा, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के परिणामों पर चर्चा कर सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य वैश्विक नेता शामिल हुए। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अध्यक्षता में सोमवार को हुई प्रभावशाली राजनीतिक ब्यूरो की बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पूर्ण अधिवेशन 20-23 अक्टूबर को बीजिंग में आयोजित किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए 15वीं पंचवर्षीय योजना (2026-2030) के निर्माण से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई।

# ट्रंप और नेतन्याहू युद्धविराम पर हुए सहमत, हमास की मंजूरी का इंतजार

- ट्रंप की योजना के तहत अस्थायी शासी बोर्ड का होगा गठन, पूर्व ब्रिटिश पीएम टोनी ब्लेयर भी होंगे शामिल

**वाशिंगटन, एजेंसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि वे गाजा में युद्ध विराम करने की योजना पर सहमत हैं लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि हमास इन शर्तों को स्वीकार करेगा या नहीं।

ट्रंप ने सोमवार को इजराइल-हमास युद्ध को समाप्त करने और युद्धग्रस्त फिलिस्तीन क्षेत्र में युद्धोत्तर शासन स्थापित करने के लिए एक 20-सूत्रीय योजना पेश की। ट्रंप की योजना के तहत एक अस्थायी शासी बोर्ड की स्थापना की जाएगी जिसके अध्यक्ष ट्रंप होंगे। इस बोर्ड में पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी शामिल होंगे। योजना के अनुसार यदि दोनों पक्ष इसे स्वीकार करते हैं तो युद्ध तुरंत समाप्त हो जाना चाहिए। इसमें यह भी कहा गया है कि इजराइल द्वारा योजना स्वीकार किए जाने के 72 घंटों के भीतर सभी शेष बंधकों को रिहा कर दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि यदि हमास प्रस्तावित शांति समझौते को स्वीकार नहीं करता है तो उसे (हमास) हराने के लिए इजराइल को अमेरिका का पूर्ण समर्थन प्राप्त होगा।

### नेतन्याहू ने दोहा हमले के लिए कतर के पीएम से माफी मांगी

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से अमीरात में हमास अधिकारियों को निशाना बनाकर किए गए सैन्य हमले के लिए माफी मांगी। इस मामले के जानकार एक राजनयिक अधिकारी सहित दो लोगों ने यह जानकारी दी। हमास अधिकारियों पर हमले से अरब के नेता नाराज हो गए थे और अमेरिका ने भी इजराइल की निंदा की थी।

## हूतियों ने तेल अवीव ऐलात में हाइपरसोनिक मिसाइल, ड्रोन दागे

**दोहा।** शिया सैन्य-राजनीतिक आंदोलन अंसार अल्लाह (जिसे हूती भी कहा जाता है और जिसका नियंत्रण उत्तरी यमन पर है) ने इजराइल के तेल अवीव और ऐलात बंदरगाह को निशाना बनाकर एक हाइपरसोनिक मिसाइल और ड्रोन दागा। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारिया ने कहा हमारे देश के विरुद्ध इजराइली आक्रमण के जवाब में यमनी बलों के मिसाइल बलों ने फिलिस्तीन-2 हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का उपयोग कर सैन्य अभियान चलाया और तेल अवीव के कब्जे वाले क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण लक्ष्यों को निशाना बनाया।

# मिशिगन में चर्च में गोलीबारी चार की मौत, आठ घायल



हमले के बाद इमारत में लगी आग। ● एजेंसी

**ग्रैंड ब्लैंक टाउनशिप, एजेंसी**

- बंदूकधारियों ने गोलीबारी के बाद इमारत में लगाई आग

मिशिगन में रविवार को 'चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स चैपल' में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में आयोजित प्रार्थना सभा में एक ट्रक सवार बंदूकधारी ने गोलीबारी की और इमारत को आग लगा दी, जिससे कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने संदिग्ध को गोली मार दी।

पुलिस प्रमुख विलियम रेने ने संवाददाताओं को बताया कि हमला सुबह करीब साढ़े दस बजे हुआ। बंदूकधारी ट्रक से उतरा और उसने गोलीबारी शुरू कर दी, ट्रक में दो अमेरिकी झंडे लगे थे। अल्कोहल, तंबाकू, आग्नेयास्त्र एवं विस्फोटक ब्यूरो के सदस्य जेम्स डायर ने बताया कि उसने आग लगाने के लिए गैस का प्रयोग किया था तथा उसके पास विस्फोटक उपकरण भी थे लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उसने उनका प्रयोग किया या नहीं। अधिकारियों ने हमलावर की पहचान पड़ोसी कस्बे बर्टन के थॉमस जैकब सैनफोर्ड (40) के रूप में की है।

### गिरजाघर से बच्चों को बचाकर बाहर निकाला

संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के प्रभारी विशेष एजेंट रूबेन कोलमैन ने बताया कि एफबीआई इस मामले की जांच कर रही है और इसे लक्षित हिंसा की घटना माना जा रहा है। रेने ने बताया कि 911 पर कॉल आने पर अधिकारी 30 सेकंड के अंदर गिरजाघर पहुंच गए और लगभग आठ मिनट बाद हमलावर को मार गिराया। रेने ने बताया कि संदिग्ध के गिरजाघर से निकलने के बाद, दो अधिकारियों ने उसका पीछा किया और उस पर गोलियां चलाईं। रेने ने बताया कि हमले के दौरान गिरजाघर के अंदर मौजूद लोग बच्चों को बचा रहे थे और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे थे।

# अपदस्थ प्रधानमंत्री ओली और चार अन्य के पासपोर्ट जब्त किए

**काठमांडू, एजेंसी**

- हिंसा की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया कदम

नेपाल ने अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, उनके गृह मंत्री रमेश लेखक और तीन अन्य अधिकारियों के पासपोर्ट जब्त कर लिए हैं। यह कदम इस माह की शुरुआत में जेन-जेड प्रदर्शनों के हिंसक दमन की जांच के सिलसिले में उठाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि एक घायल प्रदर्शनकारी की सोमवार को काठमांडू के अस्पताल में मौत हो गई, जिससे प्रदर्शनों में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 76 हो गई। पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के कुछ दिन बाद ही 21 सितंबर को मंत्रिमंडल ने न्यायिक जांच आयोग गठित किया था। आयोग ने रविवार को ओली समेत पांच लोगों के पासपोर्ट जब्त करने की सिफारिश की, जिसके बाद गृह मंत्रालय ने यह कार्रवाई की।

तत्कालीन गृह सचिव गोकर्ण मणि दुबाड़ी, राष्ट्रीय जांच विभाग प्रमुख हुतराज थापा और काठमांडू के तत्कालीन मुख्य जिला अधिकारी छवि रिजाल के पासपोर्ट जब्त किए गए। आयोग की अध्यक्ष गौरी बहादुर कार्की ने कहा कि यह कदम हिंसा की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

## कनाडा ने बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन किया घोषित

**ओटावा।** कनाडा ने बिश्नोई गिरोह को आतंकवादी संगठन की सूची में डाल दिया। जनसुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने कहा, बिश्नोई गिरोह द्वारा आतंकवाद, हिंसा और धमकी के लिए विशिष्ट समुदायों को निशाना बनाया गया है। आपराधिक आतंकवादियों के इस समूह को सूचीबद्ध करने से हमें उनके अपराधों का सामना करने तथा उन्हें रोकने के लिए और अधिक शक्तिशाली व प्रभावी उपकरण मिलते हैं। कनाडा में किसी संगठन को आतंकियों की सूची में डाले जाने से संघीय सरकार को उसकी संपत्ति, वाहन और धन को ज़ब्त करने का अधिकार मिल जाता है, साथ ही अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए अतिरिक्त प्रावधान भी मिल जाते हैं।

# अंग्रेजों ने नहीं, भारतीय सैनिकों ने हमें ओटोमन से आजाद कराया

**हाइफा, एजेंसी**

- इजराइल के शहर हाइफा ने शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी
- मेयर ने कहा- स्कूलों की इतिहास की किताबों में यह सुधार कर रहे

इजराइल के शहर हाइफा ने सोमवार को शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मेयर ने कहा कि शहर के स्कूलों की इतिहास की किताबों में यह सुधार किया जा रहा है कि शहर को ओटोमन शासन से आजाद कराने वाले अंग्रेज नहीं, बल्कि भारतीय सैनिक थे।


हाइफा के मेयर योना याहव ने कहा, मैं इसी शहर में पैदा हुआ और यहीं से स्नातक किया। हमें लगातार यही बताया जाता था कि इस शहर को अंग्रेजों ने आजाद कराया था, जब तक कि एक दिन हिस्टोरिकल सोसाइटी के किसी व्यक्ति ने मेरे दरवाजे पर दस्तक नहीं दी और कहा कि उन्होंने गहन शोध किया है और पाया है कि अंग्रेजों ने नहीं, बल्कि भारतीयों ने इस शहर को (ओटोमन शासन से) आजाद कराया था। उन्होंने यह टिप्पणी शहीद सैनिकों के भारतीय कब्रिस्तान में उनकी बहादुरी को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए की। याहव ने कहा, हर स्कूल में, हम किताबों में बदलाव कर रहे हैं और कह रहे हैं कि हमें आजाद कराने वाले अंग्रेज नहीं, बल्कि भारतीय थे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 सितंबर, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 05.19 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शरद। चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र- मूल 06.18 तक तत्पश्चात पूर्वाआषाढ़ा।

**मेष:** आज घर के छूटे कार्यों को लेकर तनाव हो सकता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। उच्च शिक्षा को लेकर तनाव हो सकता है। शेयर मार्केट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। धार्मिक पूजा का आयोजन कर सकते हैं।

**वृष:** आज कोई भी बड़ा निर्णय सोच-समझकर ही लें। अनावश्यक चर्चाओं से दूरी बनाकर रखें। अपने स्वभाव में लचीलापन रखना आवश्यक है। दांपत्य संबंधों में संवादहीनता न होने दें। नजदीकी लोगों की सलाह को अनसुना करना नुकसानदेह हो सकता है।

**मिथुन:** आज पिछले कई दिनों से चली आ रही उलझनों से राहत मिलेगी। व्यवसाय में आपको बड़ा धन-लाभ हो सकता है। हार्डवेयर संबंधी कारोबार में प्रगति होगी। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा।

**कर्क:** आज प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आपकी कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से नुकसान होगा। उच्च रक्तचाप के कारण समस्या होगी। आपको सभी कार्य समय पर करने चाहिए। अटका हुआ धन वापस मिलेगा।

**सिंह:** आज नए प्रेम-संबंधों को लेकर समस्या होगी। दार्शनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। निवेश के दौरान सावधानी रखें। अधिकारी वर्ग के साथ तनाव हो सकता है। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या:** आज वायरल बुखार की समस्या हो सकती है। जाने-अनजाने में आपसे कुछ त्रुटियां हो सकती हैं। महिलाओं को किचन में उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करना चाहिए। अपनी गलतियों को छिपाने के बजाय उन्हें दूर करने का प्रयास करें।

**तुला:** आज आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के योग हैं। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। मित्रों से आपको सहायता लेनी चाहिए। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। जॉब में स्थायीत्व बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे।

**वृश्चिक:** आज प्रेम-संबंधों को लेकर पारिवारिक सहमति मिल सकती है। नई साझेदारियों के लिए आज का दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में दूसरों पर निर्भरता रहेगी। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। कारोबार में आपकी आय बढ़ेगी। पड़ोसियों से अपने संबंध अच्छे रखें।

**धनु:** आज समाज में आपको उचित मान-सम्मान मिलेगा। रुका हुआ कार्य बनने से मानसिक अशांति दूर होगी। दांपत्य संबंधों की कड़वाहट दूर हो सकती है। ससुराल पक्ष से अपने संबंध अच्छे रखें। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा।

**मकर:** आज अपनी उपलब्धियों का दिखावा करने से बचें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। गृहस्थ जीवन में शान्ति रहेगी। बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कुंभ:** आज नवीन कार्ययोजनाओं को आरम्भ करने में सफलता मिलेगी। कारोबार में नई शुरुआत कर सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति समर्पण भाव बढ़ेगा। मित्रों व सहयोगियों की सहायता करने से आत्मिक सन्तुष्टि होगी।

**मीन:** आज आप अत्यन्त ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी राजनीतिक चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रेमीजन से कोई वादा न करें। अपनी जिम्मेदारियों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

## सुडोकू-115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 9 | | 2 |
| 8 | | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | | | 2 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 5 | | 9 | | | | |
| 3 | | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 2 | | 6 | | | | | 5 | |

### सुडोकू - 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |



मुझे लगता है कि भारत में महिला क्रिकेट अपने एक अहम मोड़ पर है। आगामी आईसीसी महिला विश्व कप सिर्फ एक ट्रॉफी जीतने के बारे में नहीं होगा, यह अनगिनत सपनों को पूरा करने के बारे में होगा।
-सचिन तेंदुलकर


# स्टेडियम

बरेली, मंगलवार 30 सितंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम जीती

**कैनबरा :** कनिका सिवाच के गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दौरे के तीसरे मैच में आस्ट्रेलिया अंडर 21 टीम को 1-0 से हराया। सिवाच ने 32वें मिनट में विजयी गोल दागा। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर के शुरुआती मिनटों में सिवाच के गोल के दम पर बढत बना ली जो अंत तक कायम रही। भारत को इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 21 टीम ने दो मैचों में हराया लेकिन इस जीत से भारतीय टीम का आत्मविश्वास लौटा होगा। उसे अब आस्ट्रेलिया प्रीमियर हॉकी वन लीग खेलने वाले क्लब कैनबरा चिल से अगले दो मैच खेलने हैं।

### अभिषेक, कुलदीप ने बिखेरी चमक

**दुबई :** एशिया कप में भारत अपने सात मैचों के दौरान अजेय रहा। अभिषेक शर्मा ने टी20 प्रारूप के रैंकिंग में शीर्ष स्थान को सही साबित करते हुए सात मैचों में 314 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन अर्धशतक जड़े और उनका सर्वोच्च स्कोर 75 का रहा। बायें हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 44.85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर भारत को ज्यादातर मैचों में ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में संघर्ष किया और सात मैचों में केवल 72 रन बनाए। उप-कप्तान शुभमन गिल के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी रही। उन्होंने 47 के सर्वोच्च स्कोर के साथ 127 रन बनाए। तिलक वर्मा टूर्नामेंट के बड़े सितारों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने सात मैचों में 213 रन बनाए। कुलदीप यादव 7 मैचों में 17 विकेट लेकर अन्य गेंदबाजों से मीलों आगे रहे।

### शर्मा को सीनियर टीम तक पहुंचने में लगा समय

**दुबई :** भारत की अंडर 19 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे अभिषेक शर्मा को सीनियर टीम में आने में छह साल लग गए और उन्हें खुशी है कि उन्हें इसमें समय लगा। जूनियर विश्व कप 2018 जीतने के एक साल के भीतर उस टीम के कप्तान पृथ्वी साव ने टेस्ट पदार्पण किया और शुभमन गिल वनडे टीम में आ गए। अभिषेक ने स्वीकार किया कि बाकी साथी लिफ्ट से पहुंचे, लेकिन उन्हें सीढ़ियों से आने का फायदा मिला। कुछ सीधे टीम में आ गए। कुछ सब कुछ करते हैं और मुझे लगा कि मुझे भी ऐसा ही करना चाहिए। एक खिलाड़ी होने के नाते मैं सीधे टीम में आ जाता तो वह सब सीखने का मौका नहीं मिलता जो मैने सीखा।

### गुजरात ने यूपी योद्धास को हराया

**चेन्नई :** गुजरात जाइंट्स ने मोहम्मदरेजा शादलोई और अंकित दहिया के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सोमवार को प्रो कबड्डी लीग में यूपी योद्धास पर 33-27 से आसान जीत हासिल की। योद्धास के भवानी राजपूत ने कुछ महत्वपूर्ण अंक हासिल किए लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। जाइंट्स ने इस जीत के साथ पांच मैच में हार के सिलसिले को भी तोड़ दिया। मध्यांतर तक गुजरात जाइंट्स की टीम 21-16 से आगे थी।

# घरेलू मैदान पर भारतीय महिला टीम की नजरें खिताब पर



गुवाहाटी में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय महिला खिलाड़ी। एजेंसी

**गुवाहाटी, एजेंसी**

अच्छे फॉर्म में चल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा उठाकर 47 साल बाद पहला आईसीसी खिताब जीतने के इरादे से मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ वनडे विश्व कप के पहले मैच में उतरेगी।

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 13वें विश्व कप में हालात से वाकफियत का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। टूर्नामेंट 12 साल बाद भारत में हो रहा है। इसमें आठ शीर्ष टीमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान भाग लेंगी। सभी टीमें भारत में चार और कोलंबो में एक स्थान पर 28 लीग मैच राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी।




इस बार विश्व कप में ईनामी राशि रिकॉर्ड 13.88 मिलियन डॉलर है जो 2022 की तुलना में चार गुना अधिक है। पुरुषों के 2023 विश्व कप में ईनामी राशि 10 मिलियन डॉलर थी और यह उससे भी अधिक है। श्रीलंका में 11 राउंड रॉबिन मैच खेले जाएंगे जिसमें पाकिस्तान के सात लीग मैच और भारत के खिलाफ पांच अक्टूबर का मैच शामिल है। एक सेमीफाइनल भी वहां होगा और पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल भी वहीं खेला जाएगा। मौजूदा फॉर्म को देखें तो भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे और टी20 श्रृंखलाओं में हराया है। इसके अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी हार का सिलसिला तोड़ा है। भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में आखिरी वनडे में जीत के लिए 413 रन का लक्ष्य लगभग पार कर ही लिया था।

भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना बल्लेबाजी की धुरी रही हैं जो शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस साल चार वनडे शतक लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 115.85 रहा है। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के साथ उन्होंने भारत को अच्छी शुरुआत दी है। वहीं पांचवां विश्व कप खेल रही हरमनप्रीत बड़े टूर्नामेंट में हमेशा अच्छा खेलती हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक और इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया था। चोट से उबरी जेमिमा रौड्रिग्स ने इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 66 रन बनाए थे।

### दबाव से बचाना होगा

भारतीय टीम को बड़े मौकों पर दबाव में आने की आदत से भी पार पाना होगा। विश्व कप 2017 में जीत के करीब पहुंचकर टीम ने मैच गंवा दिया था और 2022 राष्ट्रमंडल खेल फाइनल में भी मामूली अंतर से आस्ट्रेलिया से हारी थी।

**समय : दोपहर तीन बजे से**

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़।

**श्रीलंका :** चामरी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविषा दिलहारी, निलाक्षी डिसिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, डयूमी विहांगा, पियूमी वत्सला, इनोका रणवीरा, सुगंदिका कुमारी, उदेशिका प्रबोधनी, मल्की मडारा, अचिनी कुलसूर्या।

# विजेताओं तक नहीं पहुंची एशिया कप ट्रॉफी

## नाटकीय घटनाक्रम में मोहसिन नकवी अपने साथ ले गए, बीसीसीआई करेगा विरोध

**दुबई, एजेंसी**

एक अभूतपूर्व घटनाक्रम में पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष के रूप में भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप ट्रॉफी देने से इन्कार कर दिया क्योंकि भारतीय टीम ने उनसे ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया था।

रविवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर भारत ने रोमांचक फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता लेकिन उसके बाद 90 मिनट तक पूरी तरह से नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला। भारतीय खिलाड़ी तुरंत मैदान पर आ गए थे और कुछ के साथ उनके परिवार भी थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव की पत्नी देविशा, मुख्य कोच गौतम गंभीर की पत्नी नताशा और बेटियां भी मैदान पर थे और सभी बहुत खुश दिख रहे थे। भारतीय टीम से 20 -25 गज की दूरी पर एसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अपने साथियों के साथ खड़े थे। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने एसीसी से कहा था कि टीम नकवी से पुरस्कार नहीं लेगी जो भारत विरोधी रवैये के लिए जाने जाते हैं।

नकवी ने कुछ दिन पहले ही एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो विमान क्रैश होने का इशारा करके गोल का जश्न मना रहे थे। नकवी का इशारा पाकिस्तान के उस दावे की ओर था कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आपरेशन सिंदूर के दौरान उन्होंने भारत के छह जेट गिराए थे। पाकिस्तान की उस मांग के पीछे भी नकवी का हाथ था कि भारतीय सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव पर आईसीसी लेवल चार का अपराध लगाए। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। फाइनल के बाद एक घंटे तक पाकिस्तानी खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम से नहीं आए।



भारतीय टीम के हाथ में भले ही ट्रॉफी न आई हो, लेकिन खिलाड़ियों ने जमकर जश्न मनाया। एजेंसी

समझा जाता है कि भारतीय टीम मंच पर नकवी के अलावा किसी से भी ट्रॉफी लेने को तैयार थी। दुबई स्पोटर्स सिटी के खालिद अल जरूनी भी मंच पर थे और ऐसी संभावना थी कि वह भारतीय टीम को ट्रॉफी देंगे।

भारतीय टीम नकवी के रहते मंच पर जाने को तैयार नहीं थी और नकवी हटने को तैयार नहीं थे। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा अगर नकवी जबर्दस्ती ट्रॉफी देने की कोशिश करते तो बीसीसीआई आधिकारिक शिकायत दर्ज करा देता। इस बीच मैच के बाद प्रस्तोता साइमन डाउल ने व्यक्तिगत प्रायोजक पुरस्कारों का ऐलान किया।

इसके बाद पाकिस्तानी टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल से अपने पुरस्कार लिए। इसके बाद डाउल ने कहा मुझे एशियाई क्रिकेट परिषद ने बताया है कि भारतीय टीम आज अपने पुरस्कार नहीं लेगी और मैच के बाद का समारोह यहीं खत्म होता है। नकवी मंच से उतरे और निकास द्वार की ओर बढ़े। एसीसी टूर्नामेंट का स्टाफ ट्रॉफी लेकर चला गया जिससे सभी हैरान रह गए।

नकवी के करीबी माने जाने वाले बीसीबी अध्यक्ष बुलबुल ने स्टेडियम के बाहर खड़े मीडिया से कहा कि पुरस्कार वितरण समारोह बीच में खत्म करना पड़ा क्योंकि भारत ने ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारतीय टीम और सहयोगी स्टाफ ने पोडियम के पास जश्न मनाया और ट्रॉफी के बिना फोटो भी खिंचवाई।

बीसीसीआई अध्यक्ष देवाजीत सैकिया ने मुंबई में बोर्ड के मुख्यालय पर चुनिंदा समाचार एजेंसियों से कहा हमने इसीसी अध्यक्ष और पाकिस्तान के प्रमुख नेता से ट्रॉफी लेने से इनकार किया लेकिन इससे उस व्यक्ति को ट्रॉफी और पदक अपने साथ अपने होटल ले जाने की अनुमति नहीं मिल जाती।



एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ट्रॉफी देने का इंतजार करते रह गए।

### पीसीबी अध्यक्ष नकवी को हटाने की उठी मांग

**लाहौर :** एशिया कप में भारत के हाथों राष्ट्रीय टीम की लगातार तीसरी हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को सोशल मीडिया पर आलोचनाओं और उपहास का सामना करना पड़ा तथा उन्हें तुरंत पद से हटाने की मांग उठ रही है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के वरिष्ठ नेता मूनिस इलाही ने एक्स पर लिखा अगर प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ में थोड़ी भी हिम्मत है तो उन्हें मोहसिन नकवी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जिन्होंने इतने कम समय में पाकिस्तान क्रिकेट को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आगे कहा- इस बेशर्म आदमी को कोई पछतावा नहीं है, लेकिन जिन लोगों ने उसे नियुक्त किया है उन्हें सोचना चाहिए। उसे तुरंत हटाया जाना चाहिए। सिंध के पूर्व राज्यपाल मोहम्मद जुबैर ने आरोप लगाया कि उन्होंने शीर्ष खिलाड़ियों को बाहर कर दिया जिसके कारण टीम हार गई।

# चैंपियन को ट्रॉफी नहीं दिया जाना पहले कभी नहीं देखा

**दुबई, एजेंसी**




- भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा- मेरी असली ट्रॉफी है मेरी टीम

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि कोई टूर्नामेंट जीतने के बाद किसी चैंपियन टीम को ट्रॉफी नहीं दिया जाना उन्होंने पहले कभी नहीं देखा, लेकिन यह भी कहा कि उनकी असली ट्रॉफी उनके 14 अनमोल साथी खिलाड़ी हैं।

पाकिस्तान को दो सप्ताह के भीतर तीसरी बार हराने के साथ भारत ने एशिया कप जीता। सूर्यकुमार और उनकी टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृहमंत्री मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। नकवी अपने भारत विरोधी रवैये के लिए जाने जाते हैं। भारतीय टीम ने नकवी से ट्रॉफी नहीं ली और नकवी मंच से उतरकर ट्रॉफी अपने साथ ले गए।

सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा जब से मैंने क्रिकेट खेलना या देखना शुरू किया है, मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा कि विजयी टीम को ट्रॉफी नहीं दी गई हो। और वह भी इतनी मेहनत से जीती गई ट्रॉफी। ऐसा नहीं है कि हमने आसानी से जीत ली। हमने काफी मेहनत से यह टूर्नामेंट जीता था। उन्होंने मुस्कुराहट के पीछे अपनी मायूसी छिपाते हुए कहा हम चार सितंबर से यहां थे, आज हमने एक मैच खेला। दो दिनों में लगातार दो अच्छे मैच। मुझे लगता है कि हम इसके हकदार थे। और मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। मुझे लगता है कि मैंने अपनी बात बहुत अच्छी तरह कह दी है। इसके बाद उन्होंने अपनी टीम को बहुत सुंदर संदेश दिया जिसमें अभिषेक शर्मा भी शामिल हैं जो उनके साथ बैठे थे। सूर्यकुमार ने कहा अगर आप मुझे ट्रॉफियों के बारे में बतायें तो मेरी ट्रॉफियां मेरे ड्रेसिंग रूम में हैं। मेरे साथ सभी 14 खिलाड़ी। यही असली ट्रॉफियां हैं। ये असली पल हैं जिन्हें मैं प्यारी यादों के रूप में अपने साथ ले जा रहा हूँ जो आगे भी हमेशा मेरे साथ रहेंगी। और बस इतना ही। सूर्यकुमार ने बाद में एक्स पर लिखा मैच पूरा होने के बाद सिर्फ चैम्पियंस को याद रखा जाता है, ट्रॉफी की तस्वीर को नहीं।

### एशिया कप से मेरी मैच फीस सशस्त्र बलों और पहलगाम पीड़ितों को : सूर्यकुमार

**दुबई :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव एशिया कप से मिलने वाली पूरी मैच फीस भारतीय सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को दान करेंगे। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता। सूर्यकुमार ने मैच के बाद एक्स पर लिखा मैंने इस टूर्नामेंट से अपनी पूरी मैच फीस हमारे सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को दान करने का फैसला किया है। आप हमेशा मेरे ख्यालों में हैं। जय हिंद। भारतीय खिलाड़ियों को टी-20 प्रारूप में हर मैच में चार लाख रुपये मिलते हैं यानी टूर्नामेंट के सात मैचों के लिए सूर्यकुमार को 28 लाख रुपये मिलेंगे। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। सूर्यकुमार ने 14 सितंबर को पहले ग्रुप मैच में पाकिस्तान पर मिली जीत को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों और भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया था। पाकिस्तान ने उनके खिलाफ आईसीसी से शिकायत दर्ज कराई थी।

# वे काफी कुछ कह रहे थे, मैं बल्ले से जवाब दे रहा था: वर्मा

**दुबई, एजेंसी**

तिलक वर्मा एशिया कप के फाइनल के दौरान जब क्रीज पर आए तो पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ काफी टीका-टिप्पणी की जिसने इस भारतीय बल्लेबाज को उनके अब तक के करियर की सबसे शानदार पारियों में से एक खेलने के लिए प्रेरित किया।

शुरुआती ओवरों में विकेट गिरने के कारण भारतीय टीम मुश्किल स्थिति में थी। दोनों टीमों के बीच तनाव वाले माहौल के बीच तिलक को बहुत कुछ कहा भी गया, लेकिन उन्होंने अपना संयम बनाए रखा और काफी दबाव वाली परिस्थितियों में कमाल की बल्लेबाजी की। तिलक ने साथी खिलाड़ी शिवम दुबे के साथ बातचीत में कहा मैं बल्ले से जवाब देना चाहता था वे बहुत सारी बातें कह रहे थे और मैं सिर्फ अपने बल्ले से जवाब देना चाहता था। अब वे मैदान पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। दुबे और तिलक के बीच पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी ने भारत को दो गेंद शेष रहते एशिया कप जिताने में मदद की।



- तिलक ने बताया- बल्लेबाजी के दौरान कैसे उकसा रहे थे पाकिस्तानी खिलाड़ी

तिलक 53 गेंदों पर 69 रन बनाकर नाबाद रहे। दुबे ने इसके बाद हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, मुझे लगता है कि मेरे बल्ले ने भी बात की, उनके पास मुझे कहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। तिलक ने कहा कि स्टेडियम के माहौल ने उन्हें इतने बड़े मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# टीम को 21 करोड़ देगा बीसीसीआई

**मुंबई:** बीसीसीआई एशिया कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम और सहयोगी स्टाफ को टूर्नामेंट में अपराजेय प्रदर्शन पर 21 करोड़ रुपये पुरस्कार देगा।

बोर्ड ने दुबई में पाकिस्तान पर एशिया कप फाइनल में जीत के बाद यह घोषणा की। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा यह एक असाधारण जीत थी और इसलिए जश्न के तौर पर बीसीसीआई ने एशिया कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए 21 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। बोर्ड ने यह नहीं बताया कि किसको कितना पुरस्कार मिलेगा। सैकिया ने कहा वह धनराशि वितरित की जाएगी और यह हमारी टीम, भारतीय क्रिकेट बोर्ड और भारत के लोगों के लिए एक बड़ा इनाम है। हमें अपने क्रिकेटरों और सहयोगी स्टाफ के दुबई में शानदार प्रदर्शन पर बेहद गर्व है।

**विश्व पैरा एथलेटिक्स**

**विश्व रिकॉर्डधारी हमवतन सुंदर सिंह गुर्जर को पछाड़ा, भारत की पदकों की संख्या हुई पांच**

# रिंकू हुड्डा ने एफ46 भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रिंकू हुड्डा ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्डधारी हमवतन सुंदर सिंह गुर्जर को पछाड़ कर स्वर्ण पदक जीता। गुर्जर को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

रिंकू ने 66.37 मीटर भाला फेंककर अपना पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीता जबकि गुर्जर ने 64.76 मीटर भाला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में शामिल एक अन्य भारतीय अजीत सिंह 61.77 मीटर की दूरी के साथ चौथे स्थान पर रहे। क्यूबा के गिलर्मो वरोना गोंजालेज ने 63.34 मीटर भाला फेंक कर कांस्य पदक अपने नाम किया। एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनका एक हाथ नहीं हैं। इसके खिलाड़ी खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।




भाला फेंक एफ46 स्पर्धा के विजेता रिंकू सिंह (बाएं) व उपविजेता सुंदर सिंह गुर्जर।

इस चैंपियनशिप में अब के भारत की पदकों की संख्या पांच (दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक) हो गई हैं। भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है, जिसमें चीन (चार स्वर्ण, सात रजत, तीन कांस्य) पहले स्थान पर है। ब्राजील (चार स्वर्ण, सात रजत, दो कांस्य), पोलैंड (चार स्वर्ण, चार कांस्य), स्विट्जरलैंड (तीन स्वर्ण, एक कांस्य) और नीदरलैंड (तीन स्वर्ण) क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

इससे पहले दिन के सत्र में तटस्थ पैरालंपिक एथलीट (एनपीए) डेनिस ग्नजडिलोव ने एफ40 गोला फेंक में दो बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के साथ स्वर्ण पदक जीता। रूस के 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने शुरुआती प्रयास में 10.66 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसके बाद के उनके चारों प्रयास स्वर्ण पदक के लिए काफी थे। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर की दूरी के साथ पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा और फिर अपने पांचवें प्रयास में इसमें सुधार करते हुए 11.92 मीटर की दूरी हासिल की। टोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ग्नजडिलोव का यह तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब है। यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस और बेलारूस पर प्रतिबंध के कारण इन दोनों देशों के खिलाड़ी एनपीए के तहत प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### खेलते समय धान बोने वाली मशीन में फंस गया था हाथ

रिंकू ने कहा यह भारत में मेरी पहली प्रतियोगिता है। मैदान पर मुझे अच्छा लग रहा था। आज मेरा दिन था, इसलिए सब कुछ मेरे पक्ष में था। मैंने जो किया वह मेरे लिए एक नया अनुभव था। हरियाणा के रोहतक स्थित धमार गांव के एक किसान परिवार में जन्मे रिंकू का बायां हाथ खेत में खेलते समय धान बोने वाली मशीन में फंस गया था। उन्हें यह घटना याद नहीं है, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें आठ साल की उम्र में इसके बारे में बताया था। उन्होंने जकार्ता में 2018 एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक, 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत और हांग्झोउ में 2023 एशियाई पैरा खेलों में रजत जीता।